सुप्रभात
रांची, रविवार
25.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 309



12 कांस में आलिया ने किया धमाकेदार डेब्यू

## न्यूज डायरी

### इंग्लैंड दौरा पर शुभमन कप्तान, पंत उपकप्तान

**मुंबई।** इंग्लैंड में अगले माह शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृखंला के लिए बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआइ की चयन समिति ने शनिवार को टेस्ट टीम की घोषणा की। रोहित शर्मा के संन्यास ले लेने कारण गिल को नया कप्तान बनाया गया है। विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से सन्यास ले लिया है। इन अनुभवी खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में खुद को साबित करने विदेशी जमीन पर उतरेंगी। मोहम्मद शमी अनफिट होने के कारण टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये।

### फिर नीति आयोग की बैठक में नहीं गयीं ममता

**कोलकाता।** नयी दिल्ली में शनिवार को हुई नीति आयोग की बैठक में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी शामिल नहीं हुई। माइक्रोफोन विवाद के कारण नह पिछली बैठक में भी नहीं गयीं थी। उसके करीब एक साल बाद हुई बैठक में भी शामिल नहीं हुई। बैठक में पीएम मोदी ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को संबोधित किया और उनसे चर्चा की।

### जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नयी दिल्ली में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर फिल्म जगत की तमाम हस्तियों ने गहरा दुख जताया है।

### दुनियाभर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म डाउन

**नयी दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पहले ट्विटर) की सर्विस अचानक दुनियाभर में डाउन हो गयी है। हजारों यूजर्स ने शिकायत की है कि वे न तो कुछ पोस्ट कर पा रहे हैं और न ही कंटेंट सही तरीके से लोड हो रहा है। कई लोगों को फीड रिफ्रेश करने और दूसरे यूजर्स के प्रोफाइल खोलने में भी दिक्कत हो रही है। इस टेक्निकल गड़बड़ी को लेकर अब तक की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। ना ही यह बताया गया है कि सर्वर कब तक ठीक होगा या यह समस्या कितनी देर तक रह सकती है। यूजर्स इस बात से परेशान हैं कि उन्हें बिना किसी चेतावनी के ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह पहला मौका नहीं है जब की सर्विस बाधित हुई है।

### तेल भरा टैंकर घाटी में पलटा, लूट ले गये लोग

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल के समीप शनिवार की सुबह तेल से भरा एक टैंकर पलट गया। घटना के बाद रांची-पटना मुख्य मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया। उक्त टैंकर पश्चिम बंगाल से रिफाइन लोड कर बिहार की ओर जा रहा था। इसी बीच कोडरमा घाटी में टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें लोड रिफाइन तेल सड़कों पर बहने लगा। घटना के बाद आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए।

## कार्टून कोना




## केंद्र-राज्य टीम इंडिया की तरह काम करे तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं : मोदी

# झारखंड के विकास में केंद्र की मदद जरूरी : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नयी दिल्ली के भारत मंडपम में पीएम मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड में डेडिकेटेड इंडस्ट्रियल माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित राज्यों से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। इसमें गांवों को जोड़ना सबसे जरूरी है। विकसित भारत की मूल परिकल्पना का केंद्र बिंदु गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तीकरण, युवा कौशल, किसानों के विकास, पूर्ण शिक्षा, आर्थिक, आधारभूत संरचना एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में सतत विकास है। इसके लिए झारखंड सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने झारखंड की जनता की आवश्यकताओं से पीएम मोदी को अवगत कराया। साथ ही केंद्र पर बकाया राशि की भी चर्चा की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नीति आयोग के अध्यक्ष अमिताभ कांत और विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वरीय अधिकारी मौजूद थे। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, विकसित भारत के लिए हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। टीम की तरह चलना होगा। अगर केंद्र और सभी राज्य टीम इंडिया की तरह एकजुट हो कर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है। (शेष 11 पर)



### मंईयां योजना से महिलाएं बढ़ रहीं हैं आगे

झारखंड की मंईयां सम्मान योजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार अपने बूते लगभग 50 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये की राशि प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि वैसे मजदूर, जो किसी दूसरे देश में काम करना चाहते हैं उनके वीजा, सुरक्षा और व्यय में केंद्र सरकार की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। राज्य में कोल बेस्ड मीथेन गैस की बहुतायत है। इसका तकनीकी रूप से इस्तेमाल कर ऊर्जा उत्पादन में प्रयोग किया जा सकता है।

#### बैठक में सीएम हेमंत ने बकाया मुद्दा भी उठाया

**नीति आयोग की बैठक में हेमंत**

- विकसित राज्यों से ही बनेगा विकसित भारत
- माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने पर जोर
- विकास योजनाओं की गति बढ़ाने में मदद जरूरी
- विकिसित भारत की कल्पना में गांवों को जोड़ने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज और कोयले के साथ साथ अन्य खनिजों की बहुतायत है। इसके खनन में प्रदूषण और विस्थापन एक बहुत बड़ा कारक रहा है। खनन कंपनियों पर राज्य सरकार पर एक लाख 40 हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपये बकाया है। इसे यथाशीघ्र मुहैया कराया जाये। इससे झारखंड जैसे गरीब राज्य में आर्थित गति तेज होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सीबीए एक्ट में संशोधन कर खनन के बाद कंपनियों को भूमि राज्य सरकार को पुनः वापस देने का प्रावधान किया जाये। (पेज 2 भी देखें)

#### राज्य के अनुरूप बने केंद्रीय योजना

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र की योजनाओं को राज्यों के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं की राशि मे वृद्धि होनी चाहिये। राज्य में लागू सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट, उद्यम के लिए कारक बन रहे हैं। इसका वित्त मंत्रालय के समन्वय से निवारण अतिशीघ्र आवश्यक है। बैठक में झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल और योजना सचिव मुकेश कुमार शामिल थे।

## अवैध घुसपैठ, माइनिंग, अपराध पर 27 को सीएम करेंगे बैठक

- समीक्षा बैठक में 16 एजेंडों को किया गया है शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन 27 मई को राज्य की विधि-व्यवस्था, अवैध घुसपैठ, माइनिंग, माव लिंचिंग समेत 16 प्रमुख एजेंडों पर उच्चस्तरीय बैठक में समीक्षा करेंगे। बड़ी आपराधिक घटनाओं सहित कुल गहन विचार-विमर्श होगा। प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, सभी जिलों के उपायुक्त (डीसी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में हिस्सा लेंगे। इस अहम बैठक को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय तैयारियों में जुट गया है। सीएम की बैठक से एक दिन पूर्व 26 को डीजीपी इन एजेंड़ों पर सभी एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस संबंध में 25 मई तक सभी एसपी को मुख्य एजेंडों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन सीआईडी और स्पेशल ब्रांच को तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### सीएम इन एजेंडों की करेंगे समीक्षा

राज्य में हुई बड़ी आपराधिक घटनाओं की स्थिति, उनके खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी की समीक्षा। साइबर अपराधों पर नियंत्रण, रोकथाम के उपाय और कार्रवाई की प्रगति। अवैध हथियारों की तस्करी, निर्माण और उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गये कदम। राज्य में अवैध घुसपैठ की समस्या और इसे रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, उनकी रोकथाम और पीड़ितों को न्याय दिलाने संबंधी प्रगति। नुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के प्रति होने वाले अत्याचारों पर नियंत्रण और उनसे जुड़े मामलों में कार्रवाई। बढ़ते भूमि विवादों और उनसे उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था की चुनौतियों पर चर्चा। मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और ऐसी घटनाओं में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई। विधायकों, सांसदों और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा। सांप्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के उपाय। राज्य में जारी अवैध खनन गतिविधियों और उन पर रोक लगाने पर हुई कार्रवाई। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर नियंत्रण के लिए उठाये गये कदम।

## जेजेएमपी सुप्रीमो समेत दो नक्सली ढेर

### लातेहार पुलिस ने मार गिराया, लंबे समय से बच निकलता था

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला पुलिस ने शुक्रवार को एक जबरदस्त मुठभेड़ जेजेएमपी का सुप्रीमो एरिया कमांडर पप्पू लोहार उर्फ सूर्यदेव लोहार और एक सब जोनल कंमाडर सुदेश गंझू उर्फ उर्फ प्रभात गंझू को मार गिराया। पप्पू लोहरा पर दस और प्रभात गंझू पर 5 लाख का ईनाम था। लातेहार सदर थाना क्षेत्र के सलैया जंगल के पास शुक्रवार की देर रात यह मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में गोली लगने से एक जवान भी घायल हो गया है। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर उसे रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पलामू रेंज के डीआईजी वाई एस रमेश ने इसकी पुष्टि की है। लोहरा का आतंक झारखंड के सभी इलाकों में था। पिछले डेढ़ दशक में उसने दर्जनों नक्सल हमले को अंजाम दिया है और दर्जनों की हत्या की है। पलामू, गढ़वा और लातेहार के इलाके से पप्पू लोहरा करोड़ों की लेवी वसूलता था। एक दशक से झारखंड पुलिस एवं सुरक्षा बल टारगेट करके अभियान चला रहे थे। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कई बार पप्पू लोहरा बच गया था।



#### घायल जवान से अस्पताल में मिले संजय सेठ

लातेहार मुठभेड़ में झारखंड पुलिस के घायल जवान अवध सिंह को बेहतर इलाज के लिए लातेहार से रांची लाया गया। रांची के राज अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अस्पताल पहुंच कर घायल जवान का हाल चाल जाना। रक्षा राज्य मंत्री ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

#### एक घायल नक्सली धराया

ऑपरेशन की जानकारी देते हुए आइजी, डीआइजी के साथ एसपी कुमार गौरव ने बताया कि एक घायल नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अफसरों ने इस आपरेशन को बड़ी उपलब्धि बतायी। साथ ही कहा कि यह अभियान नक्सलियों के खिलाफ लगातार जारी कार्रवाई का परिणाम है। लातेहार एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पप्पू लोहार अपने दस्ता के साथ लातेहार थाना क्षेत्र के ईचाबार जंगल में किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहा है। एसपी के निर्देश पर जिला पुलिस के सैट के पदाधिकारी एवं बल के साथ जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस देखते ही उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

## यूएन में भारत ने पाक को लताड़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कूटनीतिक कदम उठाया। भारत सरकार ने सिंधु जल समझौता को आंशिक रूप से सस्पेंड कर दिया है। इसका असर पाकिस्तान पर सीधे दिख रहा है, जहां पानी की भारी किल्लत शुरू हो गई है। जल संकट से जूझता पाकिस्तान अब संयुक्त राष्ट्र की चौखट पर पहुंच गया है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में यह मुद्दा उठाया और भारत पर आरोप लगाया कि वह जल संधि के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। मगर भारत ने इस मुद्दे पर एकदम साफ और सटीक जवाब दिया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने पाकिस्तान की शिकायतों को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जल संधि की मूल भावना का बार-बार तिरस्कार किया है। जब कोई देश आतंकवाद को प्रायोजित करता है और उसी देश से बार-बार हमलों की साजिशें रची जाती हैं, तो ऐसे में कोई भी समझौता टिक नहीं सकता। पी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ तीन युद्ध लड़े और हजारों आतंकी हमलों को अंजाम दिया।

## पुलिसकर्मी ने चुरायी शराब, निलंबित

**पटना।** पाटलिपुत्र थाने के तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर जब्त शराब गायब करने का आरोप है। इसमें में महिला दारोगा आशा कुमारी और एएसआइ पंकज कुमार व राजेश कुमार शामिल हैं। सिटी एसपी ने आरोपितों को निलंबित करने के साथ विभागीय कार्रवाई का भी आदेश दिया है। इससे दूसरे थानों में हड़कंप है। निलंबित करने के साथ उन पर विभागीय कार्रवाई का भी आदेश दिया है।

## डोभा में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** कोवाली थाना अंतर्गत फूलझरी गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में संजीत सरदार की तीन वर्षीय बेटी रस्मिता सरदार और राजेश सरदार का डेढ़ वर्षीय पुत्र आशीष सरदार शामिल हैं। दोनों बच्चे घर के पास एक छोटे तालाब (डोभा) में बतख देखने के बहाने निकले थे। एक ग्रामीण ने डोभा में बच्चों को तैरता देख तुरंत गांव में सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया और गंभीर स्थिति में उन्हें नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर है।

## कोरोना के नये वेरिएंट को ले झारखंड अलर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देश में कोविड-19 के दो नये वेरिएंट सामने एनबी-1.8.1 और एलएफ-7 पहले वेरिएंट के कई मामले सामने आये हैं। यह जानकारी भारतीय सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्सिटयम ने दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि दोनों वेरिएंट पर नजर रखी जा रही है। इनसे संबंधित जो भी आंकड़े आ रहे हैं, उनका विश्लेषण किया जा रहा है। हालांकि, डब्लूएचओ ने यह भी साफ कर दिया है कि दोनों ही वेरिएंट चिंताजनक कैटेगरी में नहीं हैं। वहीं इन मामलों को देखते हुए झारखंड सरकार अलर्ट मोड में है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जरूरी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। हालांकि झारखंड में अभी कोई मामले सामने नहीं आया है। स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि लोगों में कोविड-19 के प्रति इम्युनिटी विकसित हो चुकी है। इस कारण यहां नये वेरिएंट का खतरा कम है। यह काफी वीक है। इससे बहुत घबराने की जरूरत नहीं है।

#### विदेशों में वृद्धि जारी

खबरों के अनुसार चीन और एशिया के कुछ अन्य हिस्सों में जो भी मामले आये हैं, वे इन्हीं वेरिएंट से जुड़े हुए हैं और लगातार उनकी वृद्धि भी हो रही है। जानकारी के अनुसार गुजरात में एलएफ-7 वेरिएंट के चार मामले सामने आये हैं। जबकि तमिलनाडु में एनबी.1.8.1 वेरिएंट का मरीज मिला है। तमिलनाडु में इसकी पुष्टि अप्रैल महीने में हुई थी। गुजरात का मामला इसी महीने का है। भारत में कई राज्य सरकारों ने एहतियाती कदम भी उठाये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ने बैठक में प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ इस पर चर्चा की।

## केरल पहुंचा मॉनसून, 16 साल बाद इतनी जल्दी एंट्री

- आइएमडी ने दस राज्यों को आंधी-पानी की दी चेतावनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इस बार मानसून ने अपने तय समय से पहले ही भारत में दस्तक दे दी है। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) के अनुसार, शनिवार सुबह दक्षिण भारत के द्वार केरल में मानसून ने आधिकारिक रूप से प्रवेश कर लिया है। यह वर्ष 2009 के बाद पहली बार है जब मानसून इतनी जल्दी भारतीय उपमहाद्वीप में पहुंचा है। तब भी मानसून 23 मई को केरल में आया था। इसके साथ ही देश के कई हिस्सों में मौसम बिगड़ गया है। तेज हवाएं, बिजली की गड़गड़ाहट और काले बादल छा गये हैं। आइएमडी ने चेतावनी दी है कि अगले 48 घंटे कई राज्यों के लिए बहुत खतरनाक हो सकते हैं। केरल से दिल्ली तक विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। (शेष 11 पर)

### 10 जून तक झारखंड आने की उम्मीद



शनिवार को केरल पहुंचने साथ ही मॉनसून के 10 जून से पहले झारखंड में दस्तक देने की संभावना है। अपने निर्धारित समय से यह लगभग एक सप्ताह पहले ही केरल में पहुंच गया है। मौसम विभाग ने इस वर्ष झारखंड में मॉनसून की अच्छी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं 28 मई तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन, बारिश और तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी सिंहभूम के जगरनाथपुर में 56.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी।

### 10 राज्यों को चेतावनी, रेट अलर्ट

देश के कई हिस्सों में मौसम बिगड़ गया है। तेज हवाएं, बिजली की गड़गड़ाहट और काले बादल छा ये हैं। आइएमडी ने चेतावनी दी है कि अगले 48 घंटे कई राज्यों के लिए बहुत खतरनाक हो सकते हैं। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र, उत्तराखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में रेड और आरेंज अलर्ट जारी किया है। जम्मू, रियासी, सांबा, कठुआ, उज्जैन, आगर मालवा और रत्नागिरी शामिल हैं। इन जगहों पर तेज हवाएं (60 किमी/घंटा से ज्यादा), भारी बारिश और बिजली गिरने की आशंका है। तेज आंधी-पानी से पेड़ उखड़ सकते हैं। फसलें बर्बाद हो सकती हैं। सड़कें और बिजली के खंभे गिरने का खतरा है। लोगों और किसानों को इस दौरान सतर्क रहने को कहा गया है। किसानों से कहा है कि वे कुछ दिनों तक खेतों में काम न करें और मौसम ठीक होने का इंतजार करें। कमजोर दीवारों और टिन शेड वाले घरों से दूर रहें। पक्के घरों में शरण लें। पेड़ों, बिजली के खंभों या खुले मैदानों में न खड़े हों।

**कैसे होती है मानसून की घोषणा:** मौसम विभाग के अनुसार, जब मई 10 के बाद 14 विशेष स्टेशनों में से कम से कम 60% स्टेशनों पर लगातार दो दिन तक 2.5 मिमी या उससे अधिक बारिश होती है, साथ ही हवा की दिशा दक्षिण-पश्चिमी होती है और बादलों की उपस्थिति कम रहती है, तब मानसून के आगमन की आधिकारिक घोषणा की जाती है। इस बार ये सारे मानक पूरे हुए। देशभर में सामान्य मानसून के लिए उत्तर-पश्चिम भारत में हीट लो का बनना जरूरी होता है। विशेषज्ञों का अनुमान सही निकला और मानसून तय समय से पहले पहुंच गया।

## 300 किमी अंदर जाकर पाक सिस्टम तबाह किया, सबूत हैं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने किस तरह से पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले किये थे, इसके बारे में छन-छनकर जानकारी सामने आ रही है। जिस पाकिस्तान ने यह दावा किया था कि मात्र 48 घंटे में वह भारत के सभी एयरबेस को तबाह कर देगा, कुछ ही घंटों में वह घुटनों पर आ गया। यह सबकुछ हुआ 10 मई की रात को और पाकिस्तान ने इसके बारे में सोचा भी नहीं था कि भारत की ओर से इतना प्रचंड हमला होगा। भारतीय एयरफोर्स के पास पाकिस्तान के एक जेएफ-17 और दो एफ-16 विमानों के गिराये जाने का भी सबूत उपलब्ध है। भारतीय एयरफोर्स के तेज हमले पाकिस्तानी एयरफोर्स पूरी तरह से हतोत्साहित हो गया। उसके एयरबेस और एयर डिफेंस सिस्टम को बड़ी क्षति पहुंची। भारत ने पाकिस्तानी हमले के जवाब में स्कैल्प और ब्रह्मोस मिसाइल का साथ-साथ प्रयोग किया था, ताकि जो टारगेट है, वह हर हाल में हिट हो। एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस पर हमला करने के लिए राफेल के जरिए स्काल्प मिसाइल को दागा गया था। इसके साथ ही एसयू 30एमकेआई के जरिए ब्रह्मोस को भी छोड़ा गया था। भारत ने उसी रात जैकोबाबाद और भोलारी एयर बेस पर भी हमला किया था। भोलारी पर सबसे आखिर में हमला किया गया था।

नीति आयोग की बैठक में सीएम ने केंद्र-राज्य के बीच राजस्व बंटवारे पर भी रखी बात

# झारखंड को अपेक्षित सहयोग मिलने से विकसित भारत की परिकल्पना होगी साकार : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की बैठक में कहा कि 16 वें वित्त आयोग द्वारा संघीय व्यवस्था में केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच राजस्व के बंटवारे के संदर्भ में आवश्यक प्रक्रिया बनायी गयी है। राजस्व के वर्टिकल डेवल्यूशन 41% से करते हुए 50% होने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभाज्य पूल का आकलन केंद्र सरकार द्वारा वसूला जाता है। सभी उपकर, अधिभार को घटाते हुए यह किया जाता है। इसका कोई अंश विभाज्य पूल में सम्मिलित नहीं होता है। वर्ष 2017 से जीएसटी अधिनियम लागू होने के उपरांत झारखंड जैसे विनिमार्ता राज्य के लिए पूर्व के वैट से राजस्व संग्रहण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रारंभिक 5 वर्षों के लिए राज्य को 14% प्रोटेक्टेड रेवेन्यू के अनुसार कंपनसेशन की राशि मिली है। जून 2022 के बाद से राशि न मिलने से राज्य को हजारों करोड़ के राजस्व की हानि हो रही है।

### विशेष केंद्रीय सहायता सभी 16 जिलों में लागू रहे



मुख्यमंत्री ने कहा कि उग्रवाद की समस्या से निवारण के लिए केंद्रीय पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति से संबंधित प्रतिधारण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। इसे सहकारी संघवाद के सिद्धांत के तहत पूर्ण रूप से खत्म करने की आवश्यता है। नक्सल समस्या पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में राज्य के 16 जिले इससे प्रभावित थे, जो कि अब 2 जिलों पश्चिमी सिंहभूम एवं लातेहार तक सिमट गया है। फिर भी विशेष केंद्रीय सहायता को सभी 16 जिले में लागू रखने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत @2047 झारखंड के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित सहयोग प्रदान होने से विकसित झारखंड और विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। बैठक में झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल और योजना सचिव मुकेश कुमार शामिल थे।

### मजदूरों के कल्याण व सुरक्षा को लेकर सरकार प्रयासरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड में विषम बाहर रह रहे प्रदेश के मजदूरों को राज्य सरकार के स्तर पर सहायता दी गयी। कैमरून में फंसे मजदूरों को राज्य सरकार ने अपने व्यय से वापस बुलाया। वैसे मजदूर, जो किसी दूसरे देश में काम करना चाहते हैं उनके वीजा, सुरक्षा और व्यय में केंद्र सरकार की भागीदारी होनी चाहिये।

### राज्य में कोल बेस्ड मिथेन गैस की बहुतायत

राज्य में कोल बेस्ड मीथेन गैस की बहुतायत है। इसका तकनीकी इस्तेमाल कर ऊर्जा उत्पादन में प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही राज्य में खनन कंपनियों को कैप्टिव प्लांट लगाने की अनिवार्यता होनी चाहिए और कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत राज्य में इस्तेमाल होने से रोजगार सृजन में भी वृद्धि होगी। प्रदेश का वन क्षेत्र पूर्वोत्तर राज्यों के समकक्ष है। नतीजा, आधारभूत संरचना के लिए क्लियरेंस में देरी अवरोध बनती है। इसका निवारण किया जाए और पूर्वोत्तर को मिलने वाली विशेष सहायता झारखंड को भी प्रदान कराई जाये।

### केंद्रीय योजनाओं के मानदंड में बदलाव पर जोर

मुख्यमंत्री ने नीति आयोग को बताया कि झारखंड सरकार सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी कई योजनाएं बनायी है। इसमें पेंशन योजना, मइयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य योजन प्रमुख हैं। उन्होंने केंद्रीय योजनाओं के मानदंड में कुछ बदलाव की आवश्यकता बतायी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 25 लाख परिवारों को 5 किलो चावल प्रतिमाह, आयुष्मान योजना से वंचित 28 लाख परिवारों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित 38 लाख गरीब परिवारों को 15 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार जिलावार हेल्थ प्रोफाइल तैयार कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाना चाहिए, ताकि प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर पर स्वास्थ सेवाएं मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र की योजनाओं को राज्यों के अनुरूप लागू किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं की राशि मे वृद्धि होनी चाहिये। राज्य में लागू सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट, उद्यम के लिए कारक बन रहे हैं। इसका वित्त मंत्रालय के समन्वय से निवारण अतिशीघ्र आवश्यक है।

जेपीएससी मुख्य परीक्षा के रिजल्ट पर भाजपा ने उठाये सवाल, कहा

# आरक्षण का श्रेणीवार रिजल्ट नहीं निकला, जेपीएससी ने इस परीक्षा को भी बना दिया संदिग्ध : प्रतुल शाहदेव

■ निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ श्रेणीवार परीखा परिणाम प्रकाशित हो



खबर मन्त्र ब्यूरो


**रांची।** भाजपा ने जेपीएससी द्वारा मुख्य परीक्षा के निकाले गए परिणाम पर प्रश्न खड़ा किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि आयोग का वेबसाइट लिखता है कि आयोग का उद्देश्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को बढ़ावा देना है। भारत का संविधान का आर्टिकल 15 एवं 16 एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों को आरक्षण की सुविधा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त ईडब्ल्यूएस एवं अन्य श्रेणियां में भी आरक्षण का प्रावधान है। परंतु जेपीएससी ने बिल्कुल सपाट तरीके से किसी लॉटरी के परिणाम की तरह परीक्षा का रिजल्ट निकाल दिया है। इससे यह पता नहीं चल पा रहा की एससी, एसटी, ओबीसी एवं अन्य आरक्षित वर्गों को निर्धारित कोटा मिला और ढाई गुना से ज्यादा विद्यार्थियों को इंटरव्यू में बुलाने की प्रक्रिया का पालन हुआ है कि नहीं। उन्होंने कहा अगर आरक्षण के श्रेणी वार कोटा को स्पष्ट करते हुए जेपीएससी परिणाम निकालता तो सिस्टम में पारदर्शिता दिखती। प्रतुल ने कहा की श्रेणी वार परिणाम निकालने से उम्मीदवारों को भी स्पष्ट होता कि उनकी मेरिट में क्या स्थिति है।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कार्मिक विभाग ने 19 दिसंबर, 2023 को गजट नोटिफिकेशन के अंतर्गत झारखंड कंबाइंड सिविल सर्विस एग्जामिनेशन रूल्स 2023 को लागू किया था। इस अधिसूचना में ही यह स्पष्ट किया गया है की अलग-अलग वर्गों के लिए अलग-अलग कट ऑफ मार्क्स होगा। जिसमें एससी, एसटी, महिलाएं, अति पिछड़ा वर्ग एनेक्सचर-1, पिछड़ा वर्ग एनेक्सचर-2, आदिम जनजाति और ईडब्ल्यूएस शामिल है। इसी अधिसूचना में स्पष्ट लिखा गया है की मुख्य परीक्षा के लिखित परिणाम में हर कैटेगरी के ढाई गुना से ज्यादा अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर कट ऑफ मार्क्स को भी कम करने का प्रावधान दिया गया है लेकिन जेपीएससी द्वारा प्रकाशित रिजल्ट में किसी भी श्रेणी का उल्लेख नहीं है जो कि संदेह पैदा करता है। परीक्षा परिणाम से यह भी संदेह उत्पन्न होता है की क्या आरक्षित वर्गों को उनका हक मिल पाया या नहीं। या फिर इस बार भी झारखंड से बाहर के लोगों को ज्यादा सिलेक्शन हो गया? सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए और जेपीएससी को भी चाहिए कि वह अविलंब श्रेणी वार परीक्षा परिणाम प्रकाशित करें। अन्यथा एक बार फिर से जेपीएससी का आचरण संदेह के घेरे में आ जाएगा। प्रेस वार्ता में सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।

# सरना धर्म कोड पर आदिवासियों को ठगने में लगी कांग्रेसः चंपई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने सरना धर्म कोड के मसले पर झारखंड के आदिवासियों को ठगने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर कहा कि सरना धर्म कोड के नाम पर राजनीति करने का ड्रामा कर रही कांग्रेस को कोई याद दिलाए कि अंग्रेजों के जमाने (1871) से चले आ रहे आदिवासी धर्म कोड को 1961 में कांग्रेस की सरकार ने ही हटाया था। क्या ये लोग भूल चुके हैं कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की पिछली सरकार (2014) ने सरना धर्म कोड की माँग को अव्यावहारिक बताते हुए ठुकरा दिया था। चंपई ने कहा कि झारखंड आंदोलन के दौरान कई बार आदिवासियों पर गोली चलवाने वाले इन लोगों ने अलग झारखंड राज्य और संथाली भाषा को मान्यता देने के नाम पर



हमेशा आदिवासी समाज को ठगने का काम किया। अगर केन्द्र में अटलजी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार नहीं बनी होती, तो शायद अभी तक ना झारखंड राज्य बना होता, ना ही संथाली भाषा को मान्यता मिली होती। उन्होंने कहा कि हर बार आदिवासी समाज को धोखा देने वाली कांग्रेस को आदिवासियों के मुद्दों पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उनके शीर्ष नेतृत्व को सबसे पहले अपनी इन करतूतों के लिए देश भर के आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिये।

# प्रार्थी को प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित करे जेपीएससी : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन की प्रारंभिक परीक्षा में अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के एक अभ्यर्थी को असफल घोषित करने संबंधी मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। चीफ जस्टिस एसएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में फैसला सुनाते हुए प्रार्थी को असफल घोषित करने के जेपीएससी के मेल को रद्द कर दिया। साथ ही जेपीएससी को आदेश दिया है कि वह प्रार्थी को पीटी परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित करे। खंडपीठ ने अपने जजमेंट में कहा है कि जेपीएससी ने प्रार्थी को अनारक्षित श्रेणी में लाकर संविधान के आरक्षण के प्रावधानों को



दरकिनार किया है, प्रार्थी को उसके मौलिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। किसी के संवैधानिक हक के दावे को आप रोक नहीं सकते हैं।

कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि समाज के वर्गों में जो असमानता है उसकी रक्षा के लिए जो संविधान में प्रावधान किये गये हैं, उसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। दरअसल, प्रार्थी दीपक कुमार ने सिविल जज जूनियर डिवीजन पीटी परीक्षा में एससी कैंडिडेट के रूप में अपना आवेदन फॉर्म भरा था। फार्म में उन्होंने अपनी कैटेगरी का उल्लेख तो जरूर किया था लेकिन होरिजेंटल या वर्टिकल आरक्षण के कॉलम में नहीं लिख दिया था। प्रार्थी ने पीटी परीक्षा में अपने एससी वर्ग में कट ऑफ मार्क्स 32 से 4 अंक अधिक यानी 36 अंक लाया था। लेकिन जेपीएससी ने होरिजेंटल या वर्टिकल आरक्षण कॉलम 'नहीं' भरने पर उन्हें सामान्य वर्ग में ट्रीट करते हुए 31 जुलाई 2024 को ईमेल भेजते हुए उन्हें सामान्य वर्ग मानते हुए असफल कर दिया था। प्रार्थी की ओर से उनके अधिवक्ता वंदना सिंह एवं राजेश कुमार ने कोर्ट को बताया कि प्रार्थी अपने एससी वर्ग में कट ऑफ से अधिक अंक लाया है इसलिए उसे सफल घोषित किया जाए।

### डॉ नंदनी कुमारी इंडियन वेटरनरी एसोसिएशन की राष्ट्रीय प्रवक्ता बनीं



**रांची।** इंडियन वेटरनरी एसोसिएशन ने बीएयू के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ नंदनी कुमारी को एसोसिएशन का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया है। आइवीए देश के 60 हजार से अधिक पशु चिकित्सकों की शीर्ष संस्था है। आइवीए के अध्यक्ष डॉ उमेश चन्द्र शर्मा द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार राष्ट्रीय प्रवक्ता संस्था की आधिकारिक आवाज होते हैं जो जनता, मीडिया और प्रमुख हितधारकों के लिए आइवीए की स्थिति, नीतियों और प्रतिक्रियाओं की अभियक्ति और सम्प्रेषण करते हैं। जिसका उद्देश्य संगठन की छवि बनाए-बढ़ाए रखना और अनुकूल जन भावना का निर्माण करना है।

# 16वें वित्त आयोग की बैठक को सफल बनाने के लिए टीम गठित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 16वें वित्त आयोग की टीम चार दिवसीय दौरे पर बुधवार को झारखंड आएगी। वित्त आयोग का राज्य दौरे का कार्यक्रम 28 से 31 मई तक प्रस्तावित है। आयोग के आगमन से लौटने तक के लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम के सफल प्रबंधन तथा सुगम तरीके से कार्यों के संचालन के लिए चार आईएएस सहित कुल छह अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न दलों का गठन किया गया है। राज्य सरकार ने इस संदर्भ में कार्यकाल आदेश जारी कर दिया है। चार दिवसीय दौरे में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में राजधानी के प्रोजेक्ट भवन में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में राज्य सरकार के प्रतिनिधि विशेष केंद्रीय सहायता के तहत संचालित योजनाओं को आगे भी जारी रखने की मांग करेंगे।

वहीं, आयोग की टीम वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा करने के अलावा देखेगी कि सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में राज्य में क्या काम हुआ है। आयोग केंद्रीय अनुदान तथा सहायता के बारे में जानकारी लेगी कि उनका किस तरह से खर्च किया जा रहा है। वहीं, राज्य सरकार भी आयोग के समक्ष केंद्रीय सहायता के तहत मिलने वाली राशि की भी मांग करेगी। किन अधिकारियों के नेतृत्व में दलों का गठन जिन अधिकारियों के नेतृत्व में छह दलों का गठन किया गया है, उसमें विशेष सचिव अमित कुमार, राजेश्वरी बी., शशिभूषण मेहरा, अपर सचिव विजय कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव पंकज कुमार सिंह और ओएसडी अविनाश कुमार सिंह का नाम शामिल है।

### 30 मई तक आवेदन करने वालों को ही मिलेगा स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड ने स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लिए जाने के संबंध में जरूरी सूचना जारी की है। झारखंड आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने बताया कि राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजनांतर्गत कैटेगरी-ए अंतर्गत राज्य सरकार के नियमित कर्मचारी और कैटेगरी-बी अंतर्गत पेंशनर एवं आश्रित पेंशनर 30 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लाभ लेने के लिए निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन पोर्टल पर जमा करें। आवेदन करने से पूर्व इसे अपने डीडीओ से सत्यापन एवं प्रीमियर राशि का भुगतान (यदि लागू हो) करना सुनिश्चित करें। 31 मई के बाद आवेदन पोर्टल बंद कर दिया जायेगा।

# आगामी 24,25, 26 अगस्त को होगा सीपीआई का झारखंड राज्य सम्मेलन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की बैठक वरिष्ठ नेता कॉम. सूरजपत सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। बैठक में राजनीतिक एवं सांगठनिक रिपोर्ट राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने पेश किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 24, 25, 26 अगस्त को रांची में तीन दिवसीय राज्य का सम्मेलन होगा। 24 अगस्त को रांची में विशाल आम सभा की जाएगी। वहीं 19 जुलाई को श्रमिक संगठनों के आवाहन पर आहूत आम हड़ताल के समर्थन में केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में दो घंटा का चक्का जाम पूरे झारखंड में किया जाएगा। कार्यालय सचिव अजय सिंह ने बताया कि जून महीने में ब्रांच से लेकर अंचल एवं जिला का सम्मेलन के साथ-साथ राज्य में मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी के निर्माण के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार विधानसभा परिसर में अभिलंब बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित करे।

बैठक में महेंद्र पाठक, रामस्वरूप पासवान, अनिरुद्ध कुमार, रुचिर तिवारी, महादेव राम, पशुपति कॉल, अर्जुन यादव, नीमन यादव, मेवा लाल प्रसाद, अंबुज ठाकुर, गणेश सिंह, सुरेश ठाकुर, महादेव राम, कृष्णा मेहता, नीमन यादव, गणेश महतो, बाबूलाल झा, अशोक यादव, धर्मवीर सिंह के साथ कई लोग मौजूद थे।

रक्षा राज्य मंत्री का आतंकवाद और नक्सलवाद पर दो टूक, कहा

# आतंकवाद और नक्सलवाद पर जारी रहेगा प्रहार

■ ट्रैफिक चालान मामले में रियायत बरते सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद पर मोदी सरकार का स्टैंड क्लियर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इन दोनों ही ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। श्री सेठ ने कहा कि आतंकवाद मुक्त और नक्सल फ्री भारत देश के बड़े अभियान हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में इन दोनों ही अभियानों पर बेहतर काम हो रहे हैं। ऑपरेशन




सिंदूर से हमने आतंक के आकाओं की कमर तोड़ी है। यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ तो हमारी सेनाएं खुद समय और स्थान तय करके जवाब देंगी। परमाणु बम की गीदड़ भभकी से भारत डरेगा नहीं। आतंक के आकाओं और आतंक परस्त सरकार दोनों को अलग नहीं देखा जाएगा।

**पावर कट की समस्या का समाधान हो :** श्री सेठ ने कहा कि पावर कट से राजधानी रांची की जनता परेशान है। ट्रांसफार्मर नहीं मिल पा रहे हैं। बिजली की तार और पोल की समस्या से लोग परेशान हैं। नियमित रूप से लोगों को बिजली बिल मिले, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित हो। ससमय बिल नहीं मिलने से परिवारों पर बिल का अतिरिक्त बोझ होता है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए सरकार को सख्त होना चाहिए, परंतु सख्ती की आड़ में आम जनता के साथ बर्बरता नहीं होनी चाहिए। जिस तरह से चालान काटा जा रहा है, यह विशुद्ध रूप से जनता का दोहन और शोषण करने जैसा है। दो पहिया वाहनों पर 30-30 हजार रुपये के चालान मिल रहे हैं। सरकार ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करें और एक कैंप लगाकर इतने बड़े पैमाने पर जो चालान काटे गए हैं, उसमें रियायत, समाधान करें। यहां कई परिवार हैंड टू माउथ हैं। ऐसे परिवारों का ख्याल रखना चाहिए। एक तरफ मइंया योजना का प्रचार कर रहे, दूसरी तरफ ऐसे परिवारों के सिर पर चालान का बोझ दे रहे। मंत्री ने नशाखोरी के बढ़ते मामले पर चिंता जताते हुए कहा कि रांची में ब्राउन शुगर का मामला बढ़ रहा है। जिस अनुपात में पुलिस कार्रवाई कर रही है, उससे कई गुना अधिक अनुपात में इसकी खरीद बिक्री हो रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए एक अलग से टीम का गठन हो, जो ऐसी शिकायतों पर ठोस कार्रवाई करें।

# झारखंड महिला कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी संगठन में आबादी के हिसाब से मिलेगी भागीदारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत और धारदार बनाने में लगी हुई है। एक तरफ जहां कांग्रेस राज्य भर में संगठन सशक्तिकरण कार्यक्रम चला रही है, वहीं दूसरी ओर झारखंड कांग्रेस की महिला इकाई में भी बड़े बदलाव की तैयारी अंतिम चरण में है।

राज्य में महिला कांग्रेस में प्रदेश से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर तक में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह खुद महिला कांग्रेस की प्रदेश से लेकर प्रखंड तक की पार्टी पदाधिकारियों के एक-एक एक्टिविटी, पार्टी के कार्यक्रमों, मीटिंग और लोकसभा, विधानसभा चुनाव में उनकी भागीदारी का विश्लेषण कर रिपोर्ट तैयार कर रही हैं।



प्रदेश महिला अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी में रहकर पार्टी को ही टोपी पहनाने वाले महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और नेताओं के लिए जिला और प्रखंड महिला कांग्रेस में जगह नहीं है। ये सभी हमारी बहनें हैं, इसलिए उन्हें कांग्रेस मुख्यालय में कहीं न कहीं और किसी पद पर एडजस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक महिला होने के नाते वह समझ सकती हैं कि घर परिवार के साथ-साथ पार्टी के लिए भी समय निकालना आसान नहीं होता। लेकिन उन्हें पार्टी को भी मजबूत बनाना है, इसके लिए जरूरी है कि महिला कांग्रेस में जिला, प्रखंड और पंचायत कमेटी पूरी तरह से समर्पित और जुझारू हो।

### मई के अंत तक होगा बदलाव

झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि जल्द उनके द्वारा तैयार सूची प्रदेश प्रभारी और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा को भेजा जायेगा। वहां से सहमति मिलते ही नए पदाधिकारियों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने साफ किया कि महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों की नई सूची में इस बात का पूरा ख्याल रखा जाएगा कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसे उतनी भागीदारी संगठन में मिले।

# जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड लागू नहीं कर आदिवासियों के अस्तिव को खत्म करना चाहती है केंद्र सरकार : सुखदेव भगत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोहरदगा से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने सरना धर्म कोड मामले में केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। जनगणना में आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड का कॉलम हटाकर केंद्र सरकार आदिवासियों के अस्तित्व को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार पशुओं की गणना करती है लेकिन आदिवासियों को धार्मिक आधार पर पहचान नहीं देना चाहती। सुखदेव भगत शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।



सुखदेव भगत ने कहा कि जनगणना लगातार होता रहा है, जनगणना फॉर्म के कॉलम में अन्य धर्म का कॉलम था। पूर्व में 90 लाख लोगों ने अन्य धर्म का कॉलम दर्ज किया था, इसमें से 50 लाख लोगों ने सरना धर्म लिखा था लेकिन सुनियोजित षड्यंत्र के तहत आदिवासियों के धार्मिक अस्तित्व को मिटाने के लिए इस बार अन्य का कॉलम हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी प्रकृति के पुजारी हैं पूरे देश में आदिवासियों की जनसंख्या 15 करोड़ है। इसके अतिरिक्त 40 लाख जैन धर्मावलंबी, 80 लाख बौद्ध धर्मावलंबी और दो करोड़ की सिख समुदाय की आबादी है, जो अल्पसंख्यक वर्ग से आते हैं, जिनके लिए अलग धर्म का कॉलम है लेकिन विडंबना है कि सरकार ने प्रकृति पूजक आदिवासियों के धार्मिक पहचान आस्था और परंपरा को गौण कर दिया है।

सुखदेव भगत ने कहा कि कांग्रेस ने 2014 के घोषणा पत्र में सरना धर्म कोड देने का वादा किया था। कांग्रेस के वादे के मुताबिक मैने सरना धर्मकोड के बारे में झारखंड विधानसभा में प्रश्न किया था। भाजपा सरकार खामोश रही। 22 जुलाई 2024 को संसद में सवाल किया सरकार चुप है। सबका साथ सबका विकास की बात करने वाली भाजपा सरकार आदिवासियों का विनाश चाहती है।

कांग्रेस विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि देश में जातिगत जनगणना की मांग करने पर भाजपा कहती थी जो जाति की बात करेगा उसे लात मिलेगी, लेकिन कांग्रेस के संघर्ष और राहुल जी के अडिग नेतृत्व ने भाजपा सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया है। केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने के लिए तैयार हो गयी है। उन्होंने कहा कि अगर देश में जातिगत जनगणना होगी तो उसके पूर्व आदिवासियों को अलग सरना धर्म कोड का कॉलम आवंटित करना होगा।

राजेश कच्छप ने कहा कि झारखंड सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर सरना धर्म कोड बिल पास कर केंद्र के पास भेजा है लेकिन जानबूझकर केंद्र सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती है। इसके बावजूद हम हम फ्रंट फुट पर लगातार इसके लिए लड़ाई जारी रखेंगे। अगर धर्मकोड लागू नहीं करेंगे तो कांग्रेस सड़क से सदन तक भाजपा नेताओं को बेनकाब करेगी।

पूर्व विधायक जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरना धर्मकोड की लड़ाई नई नही है, पिछले कई वर्षों से यह जारी है,सिर्फ झारखंड ही नहीं पूरे हिंदुस्तान के आदिवासी अपनी धार्मिक पहचान चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरना कोड लागू करने के लिए किसी प्रकार के संविधान संशोधन की आवश्यकता नहीं है सिर्फ कैबिनेट के निर्णय की आवश्यकता है फिर भी केंद्र करना नहीं चाहती है।

# एक महीने बाद शुरू होगी जगन्नाथपुर रथ यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धुर्वा स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में इस साल भी भव्य रथ मेला का शुभारंभ होने वाला है। इस वर्ष 27 जून से 10 दिवसीय रथ मेला शुरू हो रहा है। इस मेले में हर साल लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। विशेषकर मेले के पहले दिन भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। वहीं जगन्नाथ मंदिर में भी भोर से ही पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग जाती है। एक महीने बाद रथयात्रा शुरू होगी। ऐसे में तैयारी खास तरीके से की जा रही है।

**हजारों श्रद्धालु मिलकर खींचते हैं भगवान का रथ :** इस दिन मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा तीनों के विग्रहों की खास पूजा की जाती है। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ तीनों विग्रह को मंदिर से बाहर निकाला जाता है और रथ पर बैठाया जाता है। इसके बाद हजारों श्रद्धालु मिलकर भव्य रथ को खींचते हैं। मौसीबाड़ी पहुंचने के बाद रथ को रोका जाता है। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 9 दिनों तक मौसीबाड़ी में ही रहते हैं। यहां से 10 वें दिन विग्रह को वापस रथ में बैठकर जगन्नाथ मंदिर लाया जाता है। इस दिन को 'घूरती रथ' के नाम से जाना जाता है।

**रथ मेले में क्या होता है खास :** इन 10 दिनों तक मंदिर परिसर में भव्य मेला लगता है। इस मेले में विभिन्न तरह की कई दुकानें सजती है, जहां हर छोटा से बड़ा सामान आसानी से मिल जाता है। इस मेले के लोकप्रिय होने की यह भी एक खास वजह है कि यहां कई अद्भुत, अनोखी और काम की चीजें मिलती है। देशभर से कई व्यापारी यहां अपना सामान बेचने आते हैं। मेले में छोटे-बड़े बर्तन, तलवार जैसे अन्य शस्त्र, मछली पकड़ने वाले बड़े जाल, घर के सजावटी सामान, हस्तकला के सामान, खिलौने, और रंग-बिरंगी स्वादिष्ट मिठाइयां खूब बिकती हैं।

**मेले में बड़े और अतरंगी झूले होते है खास :** मेले में लोग बड़े-बड़े और अतरंगी झूलों का भी आनंद उठाते हैं। यहां खाने-पीने के लिए भी कई स्टाल लगे होते है, जहां आप बढ़ियां स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठा सकते हैं।

## पुलिस ने फरार चल रहे पूर्व वार्ड पार्षद असलम के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना की पुलिस ने शनिवार को कांड संख्या 06/25 में फरार चल रहे असलम, मुन्ना उर्फ अकबर, दिलावर उर्फ मुन्ना, राजू उर्फ अकबर और आशिफ उर्फ आशिफ हुसैन के मोजाहिद नगर थाना हिंदपीढ़ी रांची के घर व ऑफिस में इश्तेहार को चिपकाया। अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को तामिला कराने के लिए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित काफी संख्या में पुलिस बल ढोल-नगाड़े के साथ आरोपियों के घर में पहुंचे थे।

गौरतलब है कि अभियुक्तों पर 22 जनवरी को सेकेंड स्ट्रीट निवासी कलीम के बेटे अप्पू उर्फ इरशाद पर जानलेवा हमला करने और फायरिंग करने का आरोप है। आरोप है कि युवती से छेड़खानी का विरोध करने पर इरशाद को बेरहमी से पीटा गया। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। जिसके अगले ही दिन 23 जनवरी को हिंदपीढ़ी थाना में सभी अभियुक्तों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। वहीं पीड़ित परिवार का आरोप है कि हाईकोर्ट से जमानत खारिज होने की जानकारी हिंदपीढ़ी थाना पुलिस को भी है। इसके बावजूद पुलिस अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। सभी आरोपी मोहल्ले में खुलेआम घूम रहे हैं।

# जेल से निकलने के बाद कर रहा था बाइक चोरी, छह गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रातू थाना की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये अभियुक्तों में सजीबुल अंसारी (मनातू, थाना-ठाकुरगांव), इमरान अंसारी (उमेडंडा, थाना-बुढ़मू), जियाउल अंसारी (हुरहुरी, थाना-रातू), कलीम अंसारी (उमेडंडा, थाना-बुढ़मू), मोबीन अंसारी उर्फ गुड्डू (भेलाटॉड उमेडंडा, थाना-बुढ़मू) और समीम अंसारी (उमेडंडा, थाना-बुढ़मू) के पास से एक स्पलेंडर प्लस, दो बजाज डिस्कवर, एक हीरो पैशन प्लस, एक पल्सर और तीन मोडिफाई पल्सर (डिस्कवर का तेल टंकी लगा हुआ) बरामद किया है।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जियाउल अंसारी जेल से निकलने के बाद से दोबारा मोटर साईकिल चोरी कर ग्रामीण क्षेत्रों में बेचने का काम कर रहा है व पुलिस के डर से घर से भागा फिर रहा है। इस सूचना पर छापामारी दल का गठन कर सर्व प्रथम जियाउल अंसारी के घर पर छापामारी करते हुए घर का तलाशी ली गयी। जिसमें तलाशी क्रम में एक दूसरे की निशानदेही पर एक के बाद एक कई मोटरसाइकिलें बरामद की गयीं। पुलिस की गिरफ्त में आया इमरान अंसारी, सजीबुल अंसारी और जियाउल अंसारी का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में राम नारायण सिंह, विशेश्वर कुमार, छोटू कुमार, नवीन शर्मा, अनुप कुनार पुलित्त, महेश प्रसाद कुशवाहा, सुनील कुमार सिंह, जुल्फीकार अली शामिल थे।

**कोयला ढोने में उपयोग होता था चोरी की बाइक :** चोरी की मोटर साईकिल का स्वरूप बदलकर कोयला ढोने में उपयोग किया जा रहा था और मोटरसाईकिल की पहचान न हो सके। मोटर साईकिल की पहचान छिपाने के लिए मोटर साईकिल में आगे-पीछे कोई नम्बर प्लेट भी नहीं लगाया जाता था।

## ईएसआईसी रांची के मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में होगी सीनियर रेजिडेंट्स और फैकल्टी की नियुक्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नामकुम स्थित नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में सीनियर रेजिडेंट्स और फैकल्टी (शिक्षण संकाय) की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए वॉक इन इंटरव्यू के आधार पर योग्य कैंडिडेट का चयन होगा। विभिन्न विषयों में अध्यापन संकाय को अनुबंध के आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जायेगा। इसे 3 सालों तक के लिए संतोषजनक परफॉर्मेंस के आधार पर बढ़ाया भी जा सकता है। सीनियर रेजिडेंट्स के मामले में भी यही प्रक्रिया होगी। इंटरव्यू में शामिल होने के लिए योग्य कैंडिडेट अपने आवेदन पत्र की स्कैन की हुई प्रति सहायक दस्तावेजों के साथ 27 मई तक ई-मेल पर भेजें।

कैंडिडेट को 29-30 मई को सुबह 9 बजे से 11:30 बजे के बीच इंटरव्यू के लिए उपस्थित होना होगा। 29 मई को सामान्य चिकित्सा, बाल चिकित्सा, त्वचा विज्ञान, मनोचिकित्सा, रेडियो-निदान और दंत चिकित्सा के लिए स्पेशलिस्ट फैकल्टी का इंटरव्यू होगा। ऑर्थोपेडिक्स, ईएनटी, नेत्र विज्ञान, प्रसूति एवं स्त्री रोग और अन्य के लिए 30 को इंटरव्यू डेट तय है। प्रोफेसर के लिए अलग-अलग विभागों में कुल 6, एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 12, सहायक प्रोफेसर के लिए 11 और सीनियर रेजिडेंट्स के लिए 13 पद तय किए गए हैं। इंटरव्यू के समय कैंडिडेट्स की आयु 69 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए जबकि सीनियर रेजिडेंट्स के मामले में 45 वर्ष (अधिकतम) तय किए गए हैं। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट को देखा जा सकता है।

## रिम्स के क्लर्क-अधिकारियों का वेतन रोकने का निर्देश

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार ने क्रय संबंधी निर्देशों का पालन नहीं करने वाले संबंधित क्लर्क या अधिकारी के वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। सूचना सामने आ रही थी कि बार-बार लिखित व मौखिक आदेश के बावजूद लिपिक और संबंधित अधिकारी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे थे। स्टोर में चिकित्सीय समानों का स्टॉक शून्य होने पर फाइलों को अग्रसारित किया जा रहा था। इस स्थिति को देखते निदेशक ने कहा कि क्लर्क या अधिकारी जो भी स्टॉक शून्य होने के बाद फाइल बढ़ाते हैं, वह स्पष्ट रूप से कदाचार और भ्रष्टाचार की अपनी मंशा को दशार्ते हैं।

## स्वास्थ्य बीमा व भविष्य निधि का लाभ लेने के लिए 30 मई तक करें आवेदन

■ जोमैटो, स्वीगी के कर्मी ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के प्लेटफार्म श्रमिक जो डिजिटल प्लेटफार्म या ऐप आधारित सेवाओं के माध्यम से कार्य करते हैं, उन्हें भी स्वास्थ्य बीमा, भविष्य निधि जैसी सुविधाएं दी जानी है। श्रमायुक्त कार्यालय की ओर से बताया गया कि डिजिटल प्लेटफार्म या ऐप आधारित सेवाओं के माध्यम से या स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाले श्रमिक गिग इकोनॉमी का हिस्सा होते हैं। इन श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा इसके लिए 30 मई तक विशेष अभियान (सेकेंड फेज) चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान रजिस्ट्रेशन करानेवालों को हेल्थ इंश्योरेंस, पीएफ जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। सभी प्लेटफार्म वर्कर्स स्वयं अपना रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर कराएं या अपने अपने जिला के श्रम विभाग के कार्यालय में जाकर निबंधन प्रक्रिया की जानकारी लें। श्रम कार्यालय में आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ निःशुल्क रजिस्ट्रेशन भी करा सकते हैं।

## लातेहार मुठभेड़ में घायल जवान से मिले संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एक निजी अस्पताल पहुंचकर मुठभेड़ में घायल हुए झारखंड पुलिस के जवान अवध सिंह का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री संजय सेठ ने इस मुलाकात की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करते हुए लिखा कि वह ईश्वर से अवध सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

बताते चलें कि हाल ही में हुई एक मुठभेड़ में अवध सिंह घायल हो गए थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए लातेहार से रांची लाया गया, जहां उनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर है।

## छिनतई में शामिल अपराधी गया जेल

**रांची।** नामकुम पुलिस ने महिला से बैग छिनतई कर भागनेवाले अपराधी रवि जैक्सन टोप्पो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त सदर थाना क्षेत्र के तिरिल का रहनेवाला है। इस संबंध में नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि बीते 25 मार्च को लोवाडीह महावीर कॉलोनी के समीप से बाईक सवार दो अपराधियों ने महिला से बैग छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। बैग में मोबाईल, पर्स, पैसा एवं अंगुठी भी था। इस घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस टीम ने तकनीकि शाखा की मदद से घटना में शामिल अभियुक्त रवि जैक्सन टोप्पो को गिरफ्तार की है।

## जीसीएम ने खिलाड़ी छात्रों की मांगों पर डीएसपीएमयू वीसी को घेरा, सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा डीएसपीएमयू समिति के निवर्तमान अध्यक्ष मनीष राणा के नेतृत्व में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को विश्वविद्यालय में पढ़ रहे खिलाड़ी छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर कर ज्ञापन सौंपा गया। पूर्व छात्र मोर्चा के साथ फुटबॉल, बॉलीबॉल, एथलेटिक आदि के खिलाड़ी छात्रों विश्वविद्यालय के मुख्यालय में जमकर नारेबाजी की। उन्हें विवि के वीसी ने आश्वस्त किया और कहा कि छात्र मोर्चा ने खेल और खिलाड़ियों के समस्याओं को अवगत कराया है। विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। मोर्चा ने कहा कि यदि एक सप्ताह में उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो संगठन हरमू मौदान में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने में बाध्य होगा।

**जेसीएम की प्रमुख मांगें :** जेसीएम की प्रमुख मांगों में खेल से संबंधित सामग्री विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने की है।

## खबर एक नजर में

### मणिटोला में तीन दिवसीय बड़ा महोत्सव आज से

**रांची।** हिनू स्थित मणिटोला में तीन दिवसीय बड़ा महोत्सव आज से प्रारंभ हो रहा है, जो 27 मई तक चलेगा। शाम 5 बजे मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा से पूर्व हजारों महिलाओं और पुरुषों के बीच लाल चुनरियां वितरित की जाएंगी। आयोजन समिति के पवन पासवान ने बताया कि इस महोत्सव में लाखों श्रद्धालुओं के मां काली के दर्शन के लिए पहुंचने की संभावना है। मंदिर के द्वार सुबह 3 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

### छिनतई कांड में दो किशोर निरुद्ध

**रांची।** लालपुर थाना की पुलिस ने छिनतई की घटना में शामिल दो किशोर को निरुद्ध कर शनिवार को बाल सुधार गृह भेज दिया। दोनों अभियुक्तों के पास से छिनतई की मोबाइल जब्त की गई है। लालपुर थाना प्रभारी रुपेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह जेल चौक के समीप बाइक सवार दो किशोर के द्वारा मोबाइल छिनतई करने का प्रयास किया गया था। जिसमें स्थानीय लोगों के सहयोग से मौक पर दोनों किशोर को पकड़कर थाना लाया गया था।

### ऑटो चालकों के लिए संगोष्ठी का आयोजन




रांची। ऑटो चालकों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करने के लिए शनिवार को रांची जिला ऑटो चालक यूनियन एवं यातायात पुलिस अधीक्षक के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में ऑटो चालकों को बताया गया कि बिना वर्दी के ऑटो परिचालन ना करें, परिचय पत्र एवं नेम प्लेट लगा कर चलें। साथ ही महिला सवारी को आगे नहीं बैठाएं और नशे की हालात में गाड़ी नहीं चलाएं। संगोष्ठी में अर्जुन यादव, शैलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र पांडे, पंकज सिंह, सुनील सिंह ने भी अपना विचार रखा।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सभागार में शनिवार को सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत एजुकेटिंग पेरेंट्स एबाउट एजुकेशन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग विधिवत संपन्न हुआ। प्रशिक्षक राखी मिश्रा ने विभिन्न मूल्यांकन पद्धतियों के साथ-साथ कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 60 शिक्षकों ने भाग लिया। प्राचार्य ललन कुमार ने कौशल और क्षमता विकास के तहत प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए इसे बच्चों, शिक्षकों एवं बेहतर शैक्षिक वातावरण के निर्माण के लिए आवश्यक बताया। मौके पर उपप्राचार्य मीना कुमारी, राकेश पांडेय, शुभश्री तिवारी थे।

### पाहन सम्मान महासम्मेलन 8 जून को

**रांची।** अपनी संस्कृति बचाने को लेकर पाहन सम्मान महासम्मेलन 8 जून को आयोजित किया जायेगा। ट्राइब फर्स्ट अभियान की आरती कुजूर, सोमा उरांव, रितेश उरांव, संदीप उरांव ने बताया कि हम आदिवासी/जनजातियों का रुढ़ि प्रथा, पूजा पद्धति से लेकर जन्म संस्कार विवाह संस्कार मृत्यु संस्कार और कई अनुष्ठान किए जाते हैं जिसे बरकरार रखने की आवश्यकता है। इस को ध्यान मे रख कर इस महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

### राकेश कुमार द्वारा रचित गोदान का लोकार्पण

**रांची।** प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित एवं राकेश कुमार द्वारा रचित गोदान (काव्य रूपांतरण) का लोकार्पण प्रभात प्रकाशन के सभागार में शनिवार को पद्मश्री बलबीर दत्त, डॉ अशोक प्रियदर्शी, डॉ राकेश कुमार सिंह एवं डॉ अरुण सज्जन ने किया। मौके पर विद्या वैभव भारद्वाज, राजेश शर्मा, अजय राय, संजय सर्राफ, संजीव दत्ता, दीपेश निराला, अनिल कुमार शर्मा, अजय कुमार पांडेय, स्नेह प्रभा पांडेय, डॉ स्नेहलता, आकांक्षा चौधरी, रेणु मिश्रा, रीना प्रेम दुबे, प्रेम प्रकाश दुबे, मनोज मिश्रा, विजय पाठक, रमेश सिंह, डॉ रामप्रवेश पंडित, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. साकेत पाठक, अरविंद पांडेय, डॉ शिव कुमार मेहता, डॉ केडी शरद, नीरज पाठक, निशांत पाठक, सत्येंद्र चौबे सुमन, संतोष मिश्रा, मिथिलेश पाठक, मनोज नेगी, गोल्डन कुमार सहित कई साहित्यकार व साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।

### श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ 30 मई तक

**रांची।** स्त्री सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी के तत्वावधान में श्री गुरु अर्जुन देवजी के शहीदी गुरुपर्व को मुख रखते हुए शनिवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में संगत द्वारा श्री सुखमनी साहिब जी का सामूहिक पाठ पढ़ा गया। स्त्री सत्संग सभा की गीता कटारिया एवं मंजीत कौर ने बताया कि श्री गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी गुरुपर्व 30 मई को है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहीदी गुरुपर्व को मुख रखते हुए श्री सुखमनी साहिब जी के चालीस पाठ पढ़े जा रहे हैं, जिसकी शुरूआत 21 अप्रैल को हुई थी और समापन 30 मई को होगा।

### श्री श्याम मंदिर में भंडारा का आयोजन

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 157वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया प्रवीण मेवाड़ा पूनम मेवाड़ा एवं सभी सदस्यों सेवकों ने भजन गायन किया। खाटूनरेश बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। श्री श्याम भंडारे में सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, अजय मारू, प्रवीण मेवाड़ा, पुनम मेवाड़ा, देव मंत्री, गौरव अग्रवाल, मोनू मंत्री, श्याम सुंदर शर्मा, पंकज गाड़ोदिया, स्नेह पोद्दार, अमित सरावगी, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, राहुल मारू, मुकेश काबरा, मदन बगड़िया, प्रकाश काबरा, श्याम सुंदर जोशी, कौशल चौधरी, वेद भूषण जैन, अंकित सिंह, कृष्णा अग्रवाल, हर्ष कुमार, रणधीर जायसवाल, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## श्री रामलला पूजा समिति, रांची के सानिध्य में बैठक आयोजित

# पूजा पंडाल के दर्शन की व्यवस्था को सुलभ बनायेंगे : कुणाल आजमानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** श्री रामलला पूजा समिति, रांची के सानिध्य में शनिवार को मेफेयर बैंक्विट हॉल, धुर्वा में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने की। समिति के महामंत्री कुणाल अजमानी ने बताया कि श्री रामलला पूजा समिति के सानिध्य में विगत वर्ष जिस तन, मन, धन के साथ आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया था। इस बार भी हम पूरी भव्यता के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन करने जा रहे है। इस बार के आयोजन में माता के भक्तों की सुविधा के लिए आये हुए सुझावों को अमल कर पंडाल के दर्शन की व्यवस्था को ओर भी सुलभ बनाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर लोगों ने कहा कि एचईसी और धुर्वा के लोगों को भी आयोजन से जोड़ने का अवसर दिया जाय। वे भी समिति को अपनी सेवा अर्पित करना चाहते हैं। दुर्गा पूजा आयोजन की तैयारी के लिए कई लोगों से सुझाव भी मांगे गए। चर्चा और परीचर्चा के बीच में कई लोगों ने अपने सुझाव रखें पूजा को वृहद बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर अशोक चौधरी, कुणाल अजमानी, धर्मेंद्र तिवारी, प्रमोद सारस्वत, विकास सिंह, उमेश यादव, विनय जायसवाल, कमल ठाकुर, कृष्णा महतो, अनिल गोयल, राजू पोद्दार, नीलम चौधरी, शोभा यादव, निर्मल जालान, रोहित पांडे, दीपक चौधरी, मनीष लोधा, अमरनाथ सरकार, रोहित शारदा, सुनील जायसवाल, पवन सिंह, प्रवीण कुमार, महेश सोनी, सतीश सिंह, रवि कुमार टुन्ना, आशीष भाटिया, सुजीत कुमार, अमर कुमार, अनिल चौधरी, डॉ दिलीप कुमार सोनी, ललित चौधरी, आशुतोष द्विवेदी, सागर चंद्रवंशी सहित सैकड़ो की संख्या में सदस्य मौजूद थे।

## सीसीएल मुख्यालय में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय स्थित मानव संसाधन विकास केंद्र में शनिवार को साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन सुरेश बेहरा ने किया। सत्र में उद्यम-स्तरीय साइबर जोखिमों पर विशेष प्रकाश डाला गया। साइबर खतरों से निपटने के लिए सतर्कता तथा रोकथाम संबंधी रणनीतियों पर चर्चा की गई। सुरक्षित डिजिटल व्यवहारों से जुड़ी सावधानियों 'क्या करें' और 'क्या न करें' की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कई कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस पहल के अंतर्गत महीने के अंत में एक विस्तृत फॉलो-अप सत्र का आयोजन साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा, ताकि संगठन में साइबर खतरों के प्रति सजगता और तैयारियों को और सुदृढ़ किया जा सके।

बता दें कि सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में, सीसीएल समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे कर्मचारियों में साइबर धोखाधड़ी के प्रति समझ विकसित हो सके और वे डिजिटल संसाधनों का बेहतर एवं सुरक्षित उपयोग कर सकें।

## आनंद मार्गी धर्म महासम्मेलन के लिए पुंदाग स्टेशन पर कई ट्रेनों का होगा अस्थाई ठहराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आनंदा नगर (पुंदाग) में आनंद मार्गी धर्म महासम्मेलन के लिए शनिवार से 4 जून तक विभिन्न ट्रेनों का 1 मिनट के लिए ठहराव पुंदाग स्टेशन पर दिया गया है। रांची रेल मंडल ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। इन ट्रेनों का ठहराव निर्धारित किया गया है।

धनबाद-रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 07:27 बजे एवं प्रस्थान 07:28 बजे होगा।

रांची-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 18:49 बजे एवं प्रस्थान 18:50 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 13403 रांची- भागलपुर एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 20:59 बजे एवं प्रस्थान 21:00 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 13404 भागलपुर - रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 06:22 बजे एवं प्रस्थान 06:23 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 19:16 बजे एवं प्रस्थान 19:17 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर मौर्य एक्सप्रेस का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 04:30 बजे एवं प्रस्थान 04:31 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 22:14 बजे एवं प्रस्थान 22:15 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18106 जयनगर - राउरकेला एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 08:02 बजे एवं प्रस्थान 08:03 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा - रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 20:15 बजे एवं प्रस्थान 20:16 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18628 रांची - हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 07:10 बजे एवं प्रस्थान 07:11 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18619 रांची - दुमका एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 23:15 बजे एवं प्रस्थान 23:16 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18620 दुमका - रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 01:45 बजे एवं प्रस्थान 01:46 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 63520 बोकारो स्टील सिटि - वर्द्धमान मेमू का पुंदाग स्टेशन पर आगमन 03:50 बजे एवं प्रस्थान 03:51 बजे होगा।

# संविधान खतरे में, जनता ठगी हुई महसूस कर रही है: डॉ अंसारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमाताड़ा।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संविधान बचाओ, भाजपा भगाओ अभियान के अंतर्गत जामताड़ा में एक भव्य जिला स्तरीय रैली का आयोजन किया गया। यह रैली झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के आवासीय परिसर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपिका बेसरा ने की। इस मौके पर पार्टी के जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी और स्वयं मंत्री डॉ इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रैली में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आमजन एकत्र हुए, जिन्होंने संविधान की रक्षा और लोकतंत्र के संरक्षण का संकल्प लिया।

अपने संबोधन में डॉ इरफान अंसारी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, देश की आजादी, अधिकार और संविधान गंभीर खतरे में हैं। आज आम जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है और चारों ओर आक्रोश का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों पर व्यंग्य करते हुए उन्होंने कहा, मोदी जी कभी कहते हैं कि उनके खून में पैसा है, कभी कहते हैं सिंदूर है। मैं डॉक्टर हूं, जांच कर सकता हूं कि खून में सिंदूर कैसे आता है।



डॉ अंसारी ने घोषणा की कि आने वाले दिनों में जामताड़ा में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी रणनीति पर काम जारी है।

पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख ने इस कार्यक्रम को कांग्रेस के 100 दिवसीय देशव्यापी अभियान का हिस्सा बताया और कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनता को संवैधानिक संस्थाओं पर हो रहे हमलों और कमजोर वर्गों के अधिकारों के हनन के खिलाफ जागरूक करना है।पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि संविधान की रक्षा करना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जैसे स्वतंत्रता संग्राम के समय हिंदू-मुस्लिम एकजुट हुए थे, उसी एकता की आज फिर जरूरत है।

मौके पर जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा कार्यकारी जिला अध्यक्ष विजय दुबे जिला प्रवक्ता इरशादउल हक अर्शी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभु मंडल मास्टर दाऊद अंसारी मुक्ता मंडल अजीत दुबे कराली चरण सरखेल मुन्ना जैन परवेज रहमान बीरबल अंसारी दानिश रहमान मिरुदी सोरेन रुपेश यादव पूर्णिमा धर जयप्रकाश तिवारी शहाबुद्दीन अंसारी जलालुद्दीन अंसारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### लोयाबाद के गुलजार बाग में हुई दो मारपीट में दो मामला दर्ज, दो गिरफ्तार

**लोयाबाद।** लोयाबाद के गुलजार बाग में हुई दो पक्षों के बीच मारपीट में पुलिस ने दो केस दर्ज किया है। दो पक्षों में एक पक्ष के खुश मुहम्मद व दूसरे पक्ष के मकबूल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चांदनी खातून के आवेदन के आलोक में दर्ज मामले में मकबूल अंसारी, छोटू अंसारी, सरफराज अंसारी, सिद्धू अंसारी, अरमान अंसारी, मलखान अंसारी, कौवा अंसारी, आमीर अंसारी, दद्दू अंसारी, रहीम अंसारी, इरबान अंसारी, शहीदा खातुन, नजमा को आरोपी बनाया गया है। वहीं साहिबा खातून की शिकायत पर दर्ज केस में सहरान अंसारी, सोहिल अंसारी, मुरादन अंसारी, रामजान अंसारी, निशा व खुश मोहम्मद को आरोपी बनाया गया है। दोनो पक्ष ने एक दुसरे पर मारपीट व हमला करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी पीकू प्रसाद ने कहा कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

### लोयाबाद में मजदूर नेता स्व. राजेन्द्र प्रसाद सिंह की पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई



**लोयाबाद।** पूर्व मंत्री सह इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री रहे मजदूर नेता स्व. राजेन्द्र प्रसाद सिंह की पांचवी पुण्यतिथि शनिवार को मनाई गयी ।बांसजोड़ा कोलियरी वर्कशॉप मे राकोमयू के संयुक्त महामंत्री रवि चौबे के अगुवाई मे मौजूद लोगों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रवि चौबे ने कहा कि राजेन्द्र बाबू जीवन भर मजदूर हित के लिए संघर्षशील रहे। मजदूर उनके दिल में बसते थे। वक्ताओ ने कहा कि मजदूर, जरूरतमंद व गरीब की सेवा ही राजेंद्र बाबू को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में बांसजोड़ा कोलियरी के पीओ अनिल कुमार वर्मा प्रबंधक कमलेश कुमार, कार्मिक प्रबंधक निलेश जोशी, अभियंता दीपक बरेठ, रामराज राजभर, चांद खान, कृष्ण कुमार पाण्डेय भवानी देवी, मालती देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### पांडेयडीह में सब्जी विक्रेताओं के बीच छाता व गमछा का किया गया वितरण

कतरास। भीषण गर्मी को देखते हुए पांडेयडीह स्थित हटिया बाजार में सब्जी एवं फल विक्रेता और दिहाड़ी मजदूरों के बीच छाता और गमछा का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रज्वला महिला मंडल (सिजुआ क्षेत्र) के तत्वावधान में आयोजित किया गया। समिति की अध्यक्ष शर्मिष्ठा चक्रवर्ती व अन्य ने 60 से अधिक लाभार्थियों के बीच यह सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, हमारा महिला मंडल हमेशा से सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित रहा है। कार्यक्रम में सुलक्षणा सिंह, भाषवती कुंडू, बबीता दास सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थीं।

### मुखिया ने की ग्रामीणों के साथ बैठक



मैथन। एग्यारकुण्ड दक्षिण पंचायत के मुखिया अजय राम की अध्यक्षता मे शनिवार को पाथरचाली गांव स्थित हरि मंदिर में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें पंचायत के ज्वलंत मुद्दो व भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग के सदस्य डा आशा लकड़ा के आगमन को लेकर चर्चा की गयी। मुखिया अजय राम ने कहा कि आयोग के डा लकड़ा रविवार को अनुसूचित जनजाति कार्यालय का उद्घाटन समारोह में आ रही हैं। समारोह में पंचायत के ग्रामीण बुनियादी समस्याओं से उन्हें अवगत करायेंगे। ताकि इनके समाधान के लिए उच्च स्तर पर ठोस कदम उठाया जा सके। पंचायत में पानी की घोर किल्लत है। अनियमित बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, शैक्षणिक संस्थानों की दुर्दशा, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों का अभाव से अवगत कराया जायेगा। मौके पर जय राजवंशी, गोपाल रविदास, टुनटुन रविदास, जीतन बाउरी, सुजीत कुमार आदि थे।

### डॉ मनीष शर्मा को मिला राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार



**झरिया।** झरिया के प्रख्यात शिक्षाविद् और समाजसेवी डॉ मनीष शर्मा को वर्थी वेलनेस फाउंडेशन (पंजी.) द्वारा राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, नेतृत्व और सामाजिक कार्यों में उनके सतत योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिया जाने वाला सम्मान उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहे हैं। डॉ शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए कक्षा 12 वीं कॉमर्स के अनेक छात्रों को जिला, राज्य और ऑल इंडिया रैंक दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में वे मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा के अध्यक्ष हैं। इसके अलावा वे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय कार्यकारिणी (2021-23 एवं 2023-25), धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी ब्राम्हण भवन, बालिका विद्या मंदिर, और मारवाड़ी सम्मेलन, झरिया से भी जुड़े रहे हैं। वे मारवाड़ी विकास ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी भी हैं।

## स्पीड न्यूज

### फिरोजपुर मंडल में ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**धनबाद।** उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल में सातंलपुर-अमृतसर के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। 18104 अमृतसर-टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन 6 एवं 11 जून को अमृतसर-तरनतारन-ब्यास, 12379 सियालदह-अमृतसर एक्सप्रेस 13 जून को ब्यास-तरनतारन-अमृतसर, 12357 कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस 14 एवं 17 जून को ब्यास-तरनतारन-अमृतसर मार्ग से होगा। वही 08 जून को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 12380 अमृतसर-सियालदह एक्सप्रेस को अमृतसर से 35 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाया जायेगा। 22 जून को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 12380 अमृतसर-सियालदह एक्सप्रेस को अमृतसर से 25 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाया जायेगा।

### 4 जून तक पुनदाग स्टेशन पर दो जोड़ी ट्रेनों का होगा ठहराव

**धनबाद।** आनंद मार्ग धर्म महासम्मेलन के अवसर पर 24 मई से 04 जून तक दो जोड़ी ट्रेनों का पुनदाग स्टेशन पर 01 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जाएगा। इसमें धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, रांची-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस, राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस, जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस शामिल है।

### आज से एलएचबी कोच के साथ चलेगी स्वर्णरेखा एक्सप्रेस

**धनबाद।** 25 मई से खुलने वाली गाड़ी सं. 13301/13302 धनबाद-टाटा- धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस में अत्याधुनिक एलएचबी कोच जुड़ जायेगा। एलएचबी रेक में परिवर्तन होने के साथ इस ट्रेन में वातानुकूलित कुसीर्यान श्रेणी के 01 कोच एवं साधारण श्रेणी/गैर-वातानुकूलित कुसीर्यान श्रेणी के 06 कोच उपलब्ध होगा।

### डीआरएम ने विजेताओं को किया सम्मानित

**धनबाद।** ऑफिसर्स क्लब में चल रहे अंतर विभागीय इनडोर खेलकूद चैंपियनशिप का शनिवार को समापन हो गया। मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम के विजेता एवं उपविजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया कइस अवसर पर महिला कल्याण संगठन, पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद की अध्यक्षा श्रीमती गरिमा सिन्हा, महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्य एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लातेहार में 10 लाख का इनामी पप्पू लोहरा समेत दो उग्रवादी मुठभेड़ में ढेर

**खबर मंत्र संवादाता**

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के कुख्यात एरिया कमांडर और 10 लाख के इनामी नक्सली पप्पू लोहरा उर्फ सूर्यदेव लोहरा व सब जोनल कंमाडर एवं 5 लाख का इनामी सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी उर्फ प्रभात गंझू को जिला पुलिस की टीम ने मुठभेड़ में मार गिराया। मारे गये नक्सलियों की पहचान पप्पू लोहरा उर्फ सुर्यदेव लोहरा उर्फ सोमेद लोहरा पिता गरजू मिस्त्री उर्फ रामवृक्ष लोहरा (निवासी : लुंडी, थाना कोने, लातेहार) और सबजोलन कंमाडर सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी उर्फ प्रभात गझूं पिता जगदेव गंझू (निवासी : सा0-डोकर, लक्षीपुर थाना बालूमाथ) के रूप में हुई। दोनों लंबे समय से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थे और कई गंभीर मामलों में वांछित थे। पुलिस के मुताबिक, पप्पू लोहरा 2009-10 से जेजेएमपी से जुड़ा था और उसने पुलिसकर्मियों की हत्या, रेलवे लाइन उड़ाने, रंगदारी वसूली और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे कई संगीन अपराधों को अंजाम दिया था। उस पर कई थानों में दर्जनों मामले दर्ज थे।



### उग्रवादी सरेंडर करें नहीं तो अंजाम भुगतने को तैयार रहें: आइजी सुनील भास्कर

पलामू रेंज के आईजी सुनील भास्कर एवं डीआईजी वाई एस रमेश और लातेहार एसपी कुमार गौरव ने संयुक्त प्रेसवार्ता की। आइजी सुनिल भास्कर ने कहा कि पुलिस महानिर्देशक के निर्देश पर पुरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा हैं इसी अभियान के तहत पप्पु लोहरा मारा गया। उन्होंने कहा कि लातेहार पुलिस बलों की संयुक्त रणनीति से यह सफलता मिली है। आईजी सुनील भास्कर ने इस दिन को लातेहार पुलिस के लिए गौरव का दिन बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और संयम का परिचय दिया। उग्रवादी सरेंडर करे नही तो पुलिस अपना कारवाई करेगी। बता दें कि जेजेएमपी संगठन लातेहार और आसपास के जिलों में सक्रिय था और लंबे समय से पुलिस की रडार पर था। हाल के महीनों में पुलिस ने इस संगठन के खिलाफ कई प्रभावी अभियान चलाए हैं।



शुक्रवार की रात मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई को नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कदम माना जा रहा है। एसपी कुमार गौरव ने स्पष्ट किया कि नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन आगे भी जारी रहेगा और लातेहार को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जेजेएमपी के मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के डिप्टी कमांडेंट शहीद राजेश कुमार का बदला लातेहार पुलिस ने शनिवार को ले लिया है।

# निगम की टीम ने पैथोलैब के संचालक पर लगाया जुमार्ना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** निगम की टीम ने शनिवार को सरायढेला, शक्ति मार्केट स्थित जेननेक्स पैथोलैब के खिलाफ करवाई की। निगम के डस्टबिन में बायोमेडिकल वेस्ट फेंके जाने पर संचालक पर दस हजार का जुमार्ना लगाया। निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि हमारे एक सुपरवाइजर से जानकारी मिली की डस्टबिन में बायोमेडिकल वेस्ट फेंका जा रहा है। इसे लेकर जब जांच की गई तो पैथोलैब की सच्चाई सामने आई। करवाई के डर से संचालक दुकान बंद कर भाग गया। उसे नोटिस भेजकर जुमार्ना वसूला जाएगा। उन्होंने बताया की कचरे में बायोमेडिकल वेस्ट फेंकने पर रोक है, इसके बाद भी यह काम किया जा रहा है। आगे भी इसे लोगों के खिलाफ कार्यवाई जारी रहेगी।

# अम्बेडकर स्कूल के कार्यक्रम में पहुंचे बाबूलाल मरांडी ने राहुल गांधी पर जमकर साधा निशाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को जगजीवन नगर स्थित अम्बेडकर स्कूल में आयोजित चौबीस घंटे के अखंड कीर्तन में शामिल हुए। उन्होंने अम्बेडकर स्कूल के संचालक अनिल बांसफोड़ की प्रशंसा की और कहा उनके द्वारा गरीबों के लिए किया जा रहा कार्य समाज हित और राष्ट्रहित में है। वही उन्होंने चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करते हुए उन्हें 26 जून 2025 को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। अदालत ने राहुल गांधी के वकील द्वारा दाखिल की गई पेशी से छूट की याचिका को खारिज करते हुए यह सख्त रुख अपनाया। इस फैसले का विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की थी। जिसके बाद दोनों देशों के बीच युद्ध भी शुरू हो गया था। हालांकि, जल्द ही युद्ध विराम की घोषणा भी कर दी गई। जिसे लेकर नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के नेताओं ने विदेश नीति को लेकर कई सवाल खड़े किए। इसपर भी मरांडी ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है।



# सिंदरी के इतिहास की सबसे बड़ी 40 लाख की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** बीते 21 मई की देर रात शहरपुरा स्थित एफसीआई के बंद आवास संख्या जे-15 में हुई चोरी सिंदरी के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी बन गई है। गृह स्वामी शिक्षक जीवितेश जलज उर्फ राजू तिवारी शनिवार की सुबह पटना से घर वापस लौटने के बाद सिंदरी की सबसे बड़ी चोरी का मामला प्रकाश में आया है। 21 मई की देर रात अज्ञात चोरों ने उनके बंद आवास का ताला तोड़कर चोरी हुई थी। गृह स्वामी अपने पुत्री का इलाज कराने पटना गए हुए थे। राजू तिवारी अपने घर की देखभाल की जिम्मेवारी एक अन्य शिक्षक हरेंद्र कुमार को सौंप गए थे। उक्त शिक्षक 22 मई को जब जे-15 में पहुंचे तो घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ पाया था। अलमीरा टूटा हुआ था और सामान बिखरे हुए थे। हरेंद्र कुमार ने चोरी की सूचना पड़ोसियों ने पुलिस और गृह स्वामी राजू तिवारी को मोबाइल पर दी। पुलिस ने घटना की सूचना पर आवास पर पहुंच कर निरीक्षण किया था। शनिवार को राजू तिवारी के लौटने पर सिंदरी थाना में दस हजार रुपए नगद सहित 40 लाख रुपए के हीरे, स्वर्ण और चाँदी के आभूषण के चोरी की सूचना देकर बरामद करने का अनुरोध किया है।

राजू तिवारी ने बताया कि सिंदरी पुलिस ने चोरी के इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है। सिंदरी थाना प्रभारी सह निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि इस बड़ी घटना की लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। जाँच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फाइलेरिया पीड़ित को दिव्यांगता से बचाने के लिए एमएमडीपी किट सिंदरी में वितरित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी गुरुद्वारा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किट वितरण कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के वरुण कुमार ने कहा कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होता है और यह मच्छर घर के आसपास स्थित नालियों और जमा गंदे पानी में पनपता है। फाइलेरिया रोग के लक्षण परिलक्षित होने में 10-15 साल लग जाते हैं। इस कारण समय पर इलाज नहीं होने पर लोग दिव्यांग बन सकते हैं। इसलिए सरकार फाइलेरिया को मिटाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से नाइट ब्लड सर्वे के माध्यम से फाइलेरिया के संदिग्ध मरीजों की पहचान की जा रही है। फाइलेरिया के संक्रमित मरीजों के निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है। इस दौरान 30 से अधिक फाइलेरिया के मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया।

# विराट रेस्टोरेंट फायरिंग कांड का खुलासा, चार अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के मेन रोड स्थित विराट रेस्टोरेंट पर हुई फायरिंग की घटना का गढ़वा पुलिस ने खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन अपराधियों में चैनपुर थाना के हरिनामाड़ निवासी सुशील कुमार तिवारी उर्फ छोटू तिवारी, गढ़वा थाना के दीपूआ मोहल्ला निवासी ज्ञान प्रकाश तिवारी उर्फ राजन तिवारी, गढ़देवी मोहल्ला निवासी रितेश रंजन उर्फ बंपी पटवा और रवि चंद्रवंशी शामिल हैं। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी।

जानकारी देते हुए एसपी श्री पांडेय ने बताया कि घटना 15 मई की रात करीब 12 बजे की है। जब शराब के भुगतान को लेकर हुए विवाद में रेस्टोरेंट संचालक सोनू केशरी पर फायरिंग की गई। छोटू तिवारी अपने साथियों के साथ शराब लेने पहुंचा था। जब सोनू ने 600 रुपए मांगे और रवि ने केवल 560 रुपये दिए, तो बहस हो गई और छोटू ने गुस्से में गोली चला दी। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देशी पिस्टल, एक लोडेड कट्टा, एक जिंदा कारतूस और घटना में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। राजन तिवारी के घर से भी एक और देशी कट्टा बरामद किया गया है।

एसपी ने बताया कि पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक छोटू तिवारी पर छह, राजन तिवारी पर तीन, बंपी पटवा और रवि पर एक-एक मामला पहले से दर्ज है। ये सभी पुराने आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। इनकी गतिविधियों पर पुलिस पहले से नजर रखे हुए थी। एसपी ने कहा कि व्यवसायियों को ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत देनी चाहिए। क्योंकि सोनू केसरी के मामले में भी देरी से सूचना मिलने के कारण कार्रवाई में बाधा आई। इस घटना में शामिल एक अन्य आरोपी दीपक तिवारी अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। छापामारी अभियान में प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, थाना प्रभारी बृज कुमार, गुलशन कुमार, जनार्दन राउत, अभिमन्यु सिंह सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने ईसीएल मुगमा क्षेत्र के खुदिया कोलियरी में शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। सभा में सर्वप्रथम एक मिनट मौन रखा गया एवं स्वर्गीय सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभी के लिए खीर की व्यवस्था की गई थी, जिसको सभी ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।मौके पर ईसीएल रीजनल कमेटी राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने सर्वमान्य नेता मजदूरों के मसीहा राजेंद्र प्रसाद सिंह की शख्सियत पर विस्तार से उल्लेख किया। कहा कि वे एक ऐसा नेता थे, जिन्होंने जेबीसीसीआइ के संयुक्त मोर्चा की ओर से देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री को मिटिंग कक्ष से ही फोन लगाकर हड़ताल की घोषणा करते हैं और हड़ताल ऐतिहासिक होता है। जिसके परिणाम स्वरूप कोल इंडिया के मजदूरों को दुगार्पूजा के बाद दीपावली में भी बोनस की राशि स्वीकृत हुआ। ऐसा साहस ही स्वर्गीय सिंह को अन्य नेताओं से अलग करती है। वे मजदूरों के सवाल पर गम्भीर रहते थे। उनके संबंध में मजदूर आंदोलन के कई अन्य प्रसंग है। सभा में मुख्य रूप से खुदिया कोलियरी के प्रबंधक राकेश राजभर, सीएमडब्ल्यू के क्षेत्रीय सचिव जगदीश शर्मा, डॉ. संतोष कुमार राय, संतोष कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, निशांत कुमार, रामानुज सिंह, हिमांशु शेखर सिंह, रवि कुमार,अंकित प्रसाद, अमन उपाध्याय, लालू लोहार, प्रदीप भुइयां, बललु भुइयां, सुनिल कुमार चौहान सहित सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।



## गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# चोरी की सात बाइक के साथ छह अपराधी धराये

- हुरहुरी का जेयाउल है सरगना
- पहले भी जेल जा चुके हैं लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू (रांची)। थाने की पुलिस को गुप्त सूचना पर बड़ी कामयाबी मिली है। चोरी की सात मोटर साइकिल के साथ सरगना हुरहुरी निवासी जेयाउल अंसारी समेत छह अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसमें ठाकुरगांव मतवे के सजीबुल अंसारी, बुढ़मू उमेडंडा के इमरान अंसारी, कलीम अंसारी, सलीम अंसारी और भेलवाटांड के मोबिन अंसारी उर्फ गुड्डू शामिल हैं। इससे पहले भी लोग चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। दो अन्य की तलाश जारी है। उनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। मोटर साइकिल का उपयोग कोयले की तस्करी में किया जा रहा था। जेयाउल अंसारी गाड़ियों की चोरी कर बेच दिया था। यह जानकारी थानेदार रामनारायण सिंह ने शनिवार की दोपहर पत्रकारों को दी।


चोरी की बाइक के साथ अपराधकर्मी।

### जानें अपराधिक इतिहास

उन्होंने जानकारी दी कि इमरान अंसारी के खिलाफ बुढ़मू थाने में कांड संख्या-17/2023, सजीबुल अंसारी, ठाकुरगांव थाना कांड संख्या- 52/2021 व 51/2021 तथा जेयाउल अंसारी ठाकुरगांव थाना- 14/2024 व रातू थाना कांड संख्या- 391/2021 दर्ज हैं।

### छापमारी में थे शामिल

पुलिस निरीक्षक सह थानेदार आरएन सिंह, अवर निरीक्षक विशेश्वर कुमार, छोटू कुमार, नवीन शर्मा, अनुप कुमार, महेश कुशवाहा, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, जुल्फीकार अली, सशस्त्र बल, बोलेरो और जीप चालक आदि।

### कैसे हुआ खुलासा

श्री सिंह ने बताया कि जेयाउल अंसारी शातिर किस्म का अपराधी है। जेल से छुटने के बाद फिर से मोटर साइकिल चोरी कर बेचने लगा। थानेदार की अगुआई में टीम का गठन किया गया। उसके घर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया और चोरी की एक बाइक बरामद की गयी। उसकी निशानदेही पर सजीबुल अंसारी व इमरान अंसारी पकड़े गये। कलीम अंसारी के घर से एक मोडिफाई पल्सर व बजाज डिस्कवर मिला। मोबीन अंसारी उर्फ गुड्डू व समीम अंसारी के घर से एक-एक मोडिफाई किया हुआ पल्सर मोटर साइकिल मिली। किसी में भी रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं थे।

## इलाज के दौरान अनुपनी कुमारी की मौत

मांडर। सड़क हादसे में घायल 23 वर्षीय अनुपनी कुमारी की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मांडर-बुढ़मू मुख्य पथ पर 19 मई को हात्मा के निकट हुए सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। हादसे के बाद से उसका इलाज मिशन स्थित कांस्टेंट लिवन्स अस्पताल में चल रहा था जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि वह करगे स्थित अपने एक रिश्तेदार के यहां मंडा पूजा में शामिल होने आई थी, पूजा के अगले दिन वह किसी के साथ घूमने गई थी और वापसी के दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गई। उसकी आसामयिक मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## बाघवार एकेडमी में समर कैंप का आयोजन



चान्हो। प्रखंड स्थित बाघवार एकेडमी में नौ दिवसीय समर कैंप का सफल समापन शनिवार को हुआ। इस कैंप का उद्घाटन 16 मई को विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के कर कमलों के द्वारा किया गया था। समर कैंप के दौरान प्रतिभागी बच्चों को क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों की बारीकियों की जानकारी दी गई। इन गतिविधियों का संचालन विद्यालय के कोच अजय कुमार सिंह एवं शालिनी टोप्पो द्वारा किया गया। पूरे नौ दिनों तक चले इस कैंप में बच्चों ने उत्साह और उल्लास के साथ भागीदारी की। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था, जिससे वे खेल, कला, विज्ञान एवं सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूक बन सकें।


**SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR**
(CBSE Affiliated 10+2 Co-Ed. School)
Dhurwa, Ranchi-4, Ph.- 9430115884 / 7004552685
Email-ssvmdhurwa14@gmail.com, Website: ssvmdhurwaranchi.in
**ADMISSION OPEN for Class-XI (2025-26)**
**SCIENCE/ COMMERCE/ HUMANITIES**
Admission forms and prospectus are available at the School Office during all working days 07:30 am to 12:30 pm.
Form Can be downloaded from the School Website (ssvmdhurwaranchi.in)
Buses (equipped with GPS, CCTV & Speed Governor) are available to every nook & corner of the city
Hostel facility available for Boys [From Class VI Onwards]
Sd/-Principal



कार्यालयः- जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला
शास्त्री नगर, गुमला, झारखण्ड–835207
Email- ahdgmla@gmail.com

'' आम सूचना ''

गुमला जिलान्तर्गत ''वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre जो राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, रांची से बिना निबंधित कराए अपनी संस्था का संचालन कर रहे हैं या वैसे संस्थान जो पूर्व में निबंधित थे एवं वर्तमान में बिना Renewal के ही संस्था का संचालन कर रहे है वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre को विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर पंजीकरण हेतु आवेदन कर अपनी संस्था का पंजीकरण/Renewal करवाना अनिवार्य है अन्यथा नियमानुसार उनपर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।''

जिला पशुपालन पदाधिकारी–सह–सदस्य सचिव,
जिला पशु क्रुरता निवारण समिति,गुमला

PR 353423 Animal Husbandry(25-26).D


## स्पीड न्यूज

### रातू : हुरहुरी से एक बच्चे की मां लापता



रातू। थाना क्षेत्र के हुरहुरी निवासी सोमरा उरांव की पत्नी और एक बच्चे की मां 23 वर्षीया अनिमा कुमारी 21 मई की सुबह 8 बजे रहस्यमय तरीके से लापता हो गयी है। उसके साथ 3 साल का अंकित उरांव भी है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया है। उसका मोबाइल नंबर 9241052735 का स्विच ऑफ बता रहा है। इससे परिजन हलकान हैं। उन्हें किसी अनहोनी की चिंता सता रही है। सोमरा और अनिमा की शादी 4 वर्ष पूर्व सामाजिक रीति–रिवाज से हुयी है। उसकी मायका मांडर के परयागो में है। माइकल टोप्पो उसके पिता हैं। मामले को लेकर सोमरा उरांव ने शनिवार की शाम रातू थाने में अनिमा के गुमसुदगी का संहा दर्ज कराया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### बेड़ो कन्या स्कूल का वेंटिलेटर तोड़कर चोरी

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के डुकु तालाब के समीप राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने स्कूल के कार्यालय का वेंटिलेटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान चोरों ने कार्यालय में रखे दो आलमीरा के लॉकर को तोड़ कर उसमें रखे शिक्षकों का उपस्थिति दर्ज करनेवाली टैब व बच्चों के लिए रखे स्टोमन बॉक्स, पेन,पेंसिल समेत अन्य पाठ्य सामग्री की चोरी कर लिया।

### रुडसेट संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ समापन



सिल्ली। केनरा बैंक एवं श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 31 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण गारमेंट एवम् 12 दिवसीय लघु उद्यमी फास्ट फूड स्टॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया मुख्य अतिथि श्री निधि कान्त नीरज ,डी पी एम, जे एस एल पीएस रांची, शिव कुमार रमन ,दीपक कुमार, प्रमोद कुमार,सचिन कुमार, डी.म.,रांची उपस्थित हुए तथा नौ ब्लॉक के सभी बीपीएम, बिपिवो, एफटीसी, सीसी और जीआरपी भी उपस्थित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड सोनाहातू, राहे, नामकुम, लापुंग, ओरमांझी से आए 70 प्रशिक्षणार्थीयों ने सफलता पूर्वक प्रक्षिशण प्राप्त लिया।

### पड़हा समाज जतरा समारोह को सफल बनाने का लिया संकल्प

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड स्थित सात पड़हा दरहा मरचा स्थित विद्यालय परिसर में शनिवार को पड़हा समाज के लोगों की बैठक हुई। जिसमें आगामी एक जून को सात पड़हा दरहा मरचा चनगनी व तीन जून को बेड़ो बाजार टांड़ में होनेवाली वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को सफल बनाने के लिए व्यापक विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता सात पड़हा राजा चनगनी जीतु उरांव ने किया। बैठक में सात पड़हा राजा जीतु उरांव व विनोवा भावे विश्व विद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र नाथ भगत ने पड़हा समाज के लोगों से एकजुट होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में पड़हा समाज के लोगों ने दोनों एक जून को आहुत चनगनी दरहा मरचा व तीन जून को आहुत बेड़ो बाजार टांड़ के पड़हा जतरा समारोह पर पड़हा के प्रतीक चिन्ह रम्पा चल्पा, घोड़ा, हाथी, तेंगरा छाता, ढोल, ढाक, नगाड़ा, मांदर व परंपरागत नाच गान के साथ भाग लेने का संकल्प लिया। वहीं मौके पर सात पड़ा जीतु उरांव,विनोवा भावे विश्व विद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र नाथ भगत, स्वर्णरेखा आदिवासी पीजी छात्रावास के छात्र प्रमुख बिरसा उरांव, गोविंद उरांव, सुका उरांव, दिलीप उरांव, बंदे खलखो, जरिया पंचायत के सरपंच विशेश्वर उरांव, दर्जनों ग्रामीणों ने भाग लिया।

## भुमि विवाद निपटारे को हो रही थी पंचायत दोनो पक्ष भिड़े, लाभुक महिला हुई घायल

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के इरबा के टंगारा टोली में पंचो के सामने ही दो पक्ष आपस में भीड़ गए, जिससे एक पक्ष की महिला घायल हो गई। उसका उपचार सीएचसी ओरमांझी में कराया गया है। वहीं घायल महिला जगरानी देवी 42 वर्ष द्वारा ओरमांझी थाना में मामला दर्ज करायी गई है। घटना के संबंध में बताया गया कि गांव की मुकेश उरांव की पत्नी जगरानी देवी को पीएम योजना मिला है। लेकिन उसका गोतिया मनीजर उरांव के साथ भुमि विवाद के कारण वह पिछले दो माह से मकान निर्माण कार्य शुरू नहीं कर पार ही है। जिसे लेकर गांव में पंचायत हो रही थी। बैठक में मुखिया लखेश्वर उरांव, ग्रामप्रधान रमेश उरांव, मनोज उरांव, काशीना पाहन, बबलू उरांव, राजू उरांव, सुरेंद्र उरांव सहित उपस्थित अन्य ग्रामीण द्वारा लगभग विवाद का निपटारा करा दिया गया था। वहीं पीएम आवास निर्माण कराने के लिए अमीन से जमीन की मापी भी करावा दी गई। इसी बीच दोनो में फिर से विवाद बढ गया और आपस में उलझ गए। पंच के लोग द्वारा दोनो पक्ष को शांत कराने का प्रयास कर ही रहे थें, तभी मनीजर उरांव का बेटा व जगरानी देवी पर ईंट से हमला कर दिया जिससे जगरानी देवी का माथा फट गया। ओरमाझी थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने कहा एफआईआर दर्ज कर लिया गया। पुलिस द्वारा गांव जाकर मामले की छानबिन की जा रही, दोषी पर कानूनी कार्रवायी की जाएगी।


घायल जगरानी देवी।

## सिल्ली विधायक के पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया



सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो के पहल पर लगा दो नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, प्रखंड सचिव अनिल चन्द्र महतो एंव लोटा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रविन्द्र नाथ मुंडा की उपस्थिति में सिल्ली प्रखंड के लोटा दुर्गा मंदिर के समीप 63 केवी के ट्रांसफार्मर को जिला देवी एवं लोटा पंचायत भवन के समीप 25 केवि के ट्रांसफार्मर को रातुली देवी के कर कमलों द्वारा विधिवत पूजा एवं फीता कट कर संपन्न कराया गया। मौके पर झामुमो लोटा पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र महतो, रामपदो महतो, रामखेलावन महतो, फेंकना महतो, घनेश्याम महतो, भृगुराम महतो, दिलीप कुमार महतो समेत गांव के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जैविक उद्यान में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

ओरमांझी। भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति ओरमांझी द्वारा शनिवार को जैविक उद्यान में चल रहे बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थापित, निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। समिति के अध्यक्ष बीना मुंडा व मुख्य संरक्षक पूर्व टीएसी सदस्य जमल मुंडा के साथ पहुंचे सदस्यों ने निर्माण कार्य में लगाए जा रहे सामग्री आदि की गुणवक्ता की जानाकरी लिया। बाद में उद्यान के निदेशक से मिलकर निर्माण से संबंधित जानाकरी ली गई। जैविक उद्यान के निदेशक जबर सिंह ने निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार के गड़बड़ी के खिलाफ कार्रवायी करने का आश्वासन दिया।

## लाईन पार करने के दौरान ट्रेन से टकराया व्यक्ति, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। बरबाडीह बरकाकाना रेल खण्ड सीआईसी सेक्शन के मैक्लुस्कीगंज अंतर्गत दिनवा टॉड के पास मोटसाइकिल जेएच 03 एबी 1358 से रेलवे लाईन पार करने के दौरान पैसेंजर ट्रेन से टकरा, मौके पर हुई मौत। जानकारी के अनुसार डाउन लाइन पोल संख्या 163 /34 व 164 /2 दिनवा टॉड पश्चिमी केबीन के निकट गोमो बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन के चपेट में आने से डुमरो निवासी डहरु राम उम्र लगभग (40 वर्ष)मौत हो गई। घटना शनिवार की सुबह 9:30 की बताया जाता है। घटना की जानकारी रन ओवर हुए ट्रेन के चालक ने मैक्लुस्कीगंज स्टेशन प्रबंधक को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही स्टेशन प्रबंधन ने रेलवे पुलिस व स्थानीय पुलिस को जानकारी दिया गया। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर शव व मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे को जिम्मेवार ठहराया। वहीं स्थानीय लोगों ने इस दर्दनाक हादसे के लिए रेलवे को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि वर्षों से अंडरपास की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में रेलवे द्वारा कोई ठोस पहल नहीं हुई है। यदि समय रहते अंडरपास बना होता, तो लोगों की कठिनाई दूर हो जाती।





## समर कैंप बच्चों को विद्यालय जाने व पढ़ाई के प्रति उत्साहित करता है

- योगा का महत्व व पर्यावरण संरक्षण दिया गया संदेश

### न्यू स्वर्ण रेखा पब्लिक स्कूल गुडु में समर कैंप

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। न्यू स्वर्ण रेखा पब्लिक स्कूल गुडु पांचा ओरमांझी में गर्मी छुट्टी से पूर्व शनिवार को समर कैंप का आयोजन हुआ। समर कैंप में बच्चों के लिए मनोरंजक कार्यक्रम के साथ योगा, नृत्य सहित कई प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। स्कूल छात्र-छात्राओं ने समर कैंप में मस्ती करने के साथ प्रतियोगिता में शामिल हो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पुरस्कार भी जीते। कई बच्चों ने कठिन योगासन कर पुरस्कार जीते, वहीं चित्रांकन व नाट्य प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं ने महिला उत्पीड़न के प्रति जागरूकता और पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेष दिया। विधालय के प्राचार्य कामेश्वर महतो ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानि किया, कहा विद्यालय में शिक्षा के साथ समर कैंप व अन्य इवेंट काफी जरूरी है। इससे बच्चें विद्यालय जाने के प्रति उत्साहित रहते हैं। पढ़ाई के प्रति झुकाव भी बढ़ता हैं। वहीं प्रतियोगिता व ऐसे आयोजनों से बच्चों में छुपी प्रतिभा का सामने लाया और निखारा जा सकता है। बताया स्वर्ण रेखा में ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चें पढ़ते हैं। कार्यक्रम का संचालन रमेश महतो ने किया। वहीं अनिता देवी, प्रशांत कुमार महतो, बलेश कुमार महतो, अगमलाल महतो, टोनी कुमारी, प्रिति कुमारी, सरीता देवी, पुनम कुमारी, कुलदीप मुंडा, अनिता कुमारी, मीना देवी, सरीता कुमारी, मीना कुमारी, व शिक्षक छात्र-छात्राएं शामिल थें।

#### प्रतियोगिता के विजेता

चित्रांकन में प्रथम- अनु कुमारी, द्वितीय- सृष्टि कुमारी, तृतीय- सुहानी कुमारी, चतुर्थ- दिपक राज, वाद विवाद में प्रथम- संध्या कुमारी, द्वितीय- यश ठाकुर, तृतीय- रोशनी कुमारी, चतुर्थ- गौरव कुमार को, वहीं योगा व डांस में उषा कुमारी, तन्नवी प्रगया, काजल कुमारी, आरोही साहू, दिपांजली कुमारी, पूजा कुमारी, जीविका कुमारी, भारती कुमारी, पम्मी कुमारी को पुरस्कार देकर सम्मानि किया गया।

## चूरी-मानकी कॉलोनियों में हो रही है मटमैला पानी की सप्लाई

खलारी। एनके एरिया के चूरी मानकी सीसीएल के कॉलोनियों में मटमैला पीने का पानी की सप्लाई किया गया। पानी प्रदूषित के साथ साथ पूरी तरह गंदा था। लोग जिस बर्तन में पानी रखे उस बर्तन में गर्द बैठ जा रहा है। ऐसा पानी को पीना तो दूर लोग नहाने धोने से भी लोग कतरा रहे है। इस तरह प्रदूषित पानी सप्लाई से लोगों को इस मौसम में बीमार होने का डर सता रहा है। सपही नदी से जो मटमैला पानी प्लांट में आ रही है उसे सीधे कॉलोनियों में सप्लाई किया है रहा है। पूछने पर प्लांट के लोगों ने बताया कि एलम (फिटकिरी) डालने के बाद भी पानी मटमैला खत्म नहीं हो रहा है। उधर आरसीएमएस चूरी शाखा सचिव सोनू पांडेय ने कहा कि सीसीएल कामगारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में प्रबंधन नाकाम रही है। हर बार वेलफेयर कमिटी की बैठक पानी का मुद्दा उठता रहा है। लेकिन इस समस्या का कोई अब तक ठोस हल नहीं निकल पाया है।

## बेड़ो मुक्तिधाम बदहाल, खुले में करना पड़ता है अंतिम संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। कहते हैं कि सोलह संस्कारों में व्यक्ति का पंचतत्व में विलीन होना आखिरी यानी अंतिम संस्कार है। मृत्यु के बाद सम्मान जनक तरीके से विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार एक परंपरा है, लेकिन प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मुक्तिधामों की बदहाल स्थिति के कारण अंतिम पड़ाव पर भी यह सम्मान नहीं मिल पाता। विकास की अंधी दौड़ में जिम्मेदारो की घोर लापरवाही का नतीजा है कि अंतिम संस्कार के लिए चयनित किये गये स्थल (मुक्तिधाम) न तो अंतिम संस्कार करने के योग्य शेष बचे हैं और न ही यहां मूलभूत सुविधाएं हैं। जिसके कारण लोगों को परेशानियों के बीच शरीर को पंचतत्व में विलीन करना पड़ रहा है। इन मुक्तिधामो में प्रतिदिन किसी न किसी व्यक्ति के शरीर को अंतिम संस्कार की क्रिया से गुजरना पड़ता है। लेकिन मुक्तिधाम पर अव्यवस्थाओं का इतना बड़ा अम्बार लगा हुआ है कि अब लोग यहां जाने से भी कतराते नजर आते हैं। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम तो है लेकिन यहां सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं हैं। मुक्तिधाम में आजादी के सात दशक व पंचायती राज के एक दशक बाद भी दाह संस्कार के लिए शेड ही नहीं बना है।जिसके कारण बदहाल मुक्तिधाम में लोगों को खुले में ही अंतिम संस्कार करना पड़ता है। यदि वर्षा हो जाए तो लोगों को भीगते हुए ही अंतिम संस्कार करना पड़ता है। वही मुक्तिधाम तक पहुंचने के रास्ते भी बदहाल है। वर्षा के दिनों में खेती, जल जमाव व कीचड़ के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने कई बार सांसद विधायक, ग्राम पंचायत व स्थानीय प्रशासन से मुक्तिधाम जीर्णोद्धार की मांग कर चुके हैं। इसके बाद भी उपेक्षित है। प्रखंड मुख्यालय सहित 17 पंचायत के 84 गांव के मुक्तिधाम उपेक्षित है। मुक्तिधाम में साफ-सफाई नहीं है। यहां पर घास और झाडिं ऊग आई हैं। जिसके कारण अंतिम संस्कार के लिए आये ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम में सफाई व्यवस्था को लेकर कोई का ध्यान नहीं दे रहा है। प्रखंड मुख्यालय बेड़ो के मुक्ति धाम में सुविधा के नाम पर दो शेड और एक नल जल का टंकी लगाया गया था जो अभी बंद पड़ाहै। एक नया चापाकल बना है। लोगों ने बताया कि मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार करने के लिए शेड नहीं बनाया गया है। जिसके कारण खुले में अंतिम संस्कार करना लोगों की मजबूरी है। यहां वर्षा में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।


स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
कार्यालय :- जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा

-: कार्यालय आदेश :-

जिला आयुष समिति, कोडरमा के अधीनस्थ संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/राजकीय आयुर्वेदिक होमियोपैथिक युनानी एवं संयुक्त औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उपकेन्द्र हेतु पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षक रखा जाना है इच्छुक अभ्यर्थियों से निम्नलिखित शर्त के अधीन विज्ञापन की तिथि से दिनांक 31.05.2025 संध्या 06 बजे तक जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक अर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रशिक्षक (पुरुष/महिला) | पुरुष 34 महिला 21 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिपलोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड का होना या योग सर्टिफिकेशन बोर्ड/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड प्रशिक्षक | योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू0 250/- देय होगा। |

1. आवेदन हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सभी सूचना भरते हुए संबंधित सभी तरह के प्रमाण पत्रों की स्वाहस्ताक्षरी छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. वांछित विहित आवेदन पत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/राजकीय आर्वेदिक, होमियोपैथिक, युनानी एवं संयुक्त औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र कार्यस्थल चयन हेतु वरीय के आधार पर तीन स्थल चयन अनिवार्य होगा।
3. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (विापन के साथ सूची संलग्न) में योग/अन्य Wellness Activities का पुरुष योग प्रशिक्षक को कम से कम 10 एवं अधिकतम 32 एवं महिला योग प्रशिक्षक का कम से कम 10 एवं अधिकतम 20 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जायेगा।
4. प्रत्येक आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र (विज्ञापन के साथ सूची संलग्न) में पुरुष योग प्रशिक्षक को कम से कम अधिकतम 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जाएगा।
5. कार्य दिवस/योग सत्र आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा दिये गये मार्गदर्शिका के अनुरूप होगी।
6. स्थलीय प्रमाणित (Certified) योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जायेगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। कोडरमा जिला के स्थानीय अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
7. यदि एक से अधिक अभ्यार्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
8. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष राजकीय आयुष औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र के 5–10 किलोमीटर परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी।
9. योग/अन्य Wellness Activities के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जायेगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नहीं होगी वैसी स्थिति में निकटतम स्कूल, पंचायत भवन, आँगनवाडी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य Wellness Activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
10. भर्ती के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यार्थी पात्रता/मापदण्ड/तथ्यों को पूरा नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
11. उमिदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा, अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते हैं तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी।
12. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष/राजकीय आयुष औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र की सूची एवं आवेदन हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय सूचनापट एवं NIC Koderma Portal https://koderma.nic.in पर उपलब्ध है।
13. प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा (स्कूटनी) के पश्चात् साक्षात्कार की तिथि प्रकाशित की जायेगी।
14. इस विज्ञापन में टंकण अशुद्धि/संशोधन/आवश्यकतानुसार रद्द करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 353445 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D



स्थानीय सूचना
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–304/भू0अ0 — दिनांक–13/05/2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–बारीदिग्घु, थाना–चन्दवारा, थाना सं0–273, अंचल–चन्दवारा, जिला–कोडरमा में ग्राम महतो अहरा से रामपुर बसरिया (चौपारण) पथ चौड़ीकरण निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–बारीदिग्घु, थाना–चन्दवारा, थाना सं0–273, अंचल–चन्दवारा, जिला–कोडरमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोबेश–0.7510 ए0 यानि 0.3039 हेक्टेयर मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

ग्राम–बारीदिग्घु, थाना–चन्दवारा, थाना सं0–273, अंचल–चन्दवारा, जिला–कोडरमा

| क्रम सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (चौहद्दी) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2 | 5 | रैयती | टांड तीन | 0.0790 | इन्दो सिंह वो जैराम सिंह पेशरान दुली सिंह कौम–राजपुत सा0–गुमो बहिस्सा बराबर। | सिमाना [illegible] | प्लॉट 18 | सिमाना लालमनदिग्घु | प्लॉट 5 अंश |
| 2 | 4 | 15 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0070 | धुल्लन सिंह वल्द दुली सिंह वो भवानी सिंह वल्द चमन सिंह कौम राजपुत सा0–गुमो बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 15 अंश | प्लॉट 18 | प्लॉट 18 | प्लॉट 18 |
| 3 | 5 | 23 | रैयती | टांड तीन | 0.0470 | जयराम सिंह वल्द दुली सिंह कौम राजपुत सा0– गुमो। | प्लॉट 18 | प्लॉट 24 | सिमाना लालमनदिग्घु | प्लॉट 23 अंश |
| 4 | 1 | 24 | रैयती | टांड तीन | 0.1270 | इन्दो सिंह वल्द दुली सिंह कौम राजपुत सा0–गुमो। | प्लॉट 23 | प्लॉट 24 अंश एवं 25 | प्लॉट 24 अंश एवं सिमाना लालमनदिग्घु | प्लॉट 24 अंश |
| 5 | 2 | 25 | रैयती | टांड तीन | 0.4370 | इन्दो सिंह वो जैराम सिंह पेशरान दुली सिंह कौम–राजपुत सा0–गुमो बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 24 एवं प्लाट 25 अंश | प्लॉट 25 अंश | प्लॉट 25 अंश | प्लॉट 18 |
| 6 | 4 | 26 | रैयती | टांड तीन | 0.0540 | धुल्लन सिंह वल्द दुली सिंह वो भवानी सिंह वल्द चमन सिंह कौम राजपुत सा0–गुमो बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 18 | प्लॉट 26 अंश | प्लॉट 18 | प्लॉट 18 |
| कुल:– | | | | | 0.7510 | एकड़ | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम–2013 (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 353412 Land Reforms(25-26).D

## समय संवाद

कमोबेश यह स्थिति पर्वतीय व मैदानी इलाकों में समान रूप से देखी जाती है। सारे देश को सींचने वाली नदियां देने वाले पहाड़ों के लोग यदि प्यासे रहें तो इससे बड़ी विडंबना कोई और नहीं है। नीति-नियंताओं की विफलता के चलते ही कहा जाता है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आती। पानी नदियों में बह जाता है और जवानी रोजगार की तलाश में मैदानों में उतर जाती है। बहरहाल, ऐसी ही समस्या से विकासशील हरियाणा के कई जनपद भी जूझ रहे हैं। तीन तरफ से देश की राजधानी से लगे हरियाणा के राष्ट्रीय राजधानी वाले क्षेत्र में विकास की गगनचुंबी इमारतें तरक्की की नई इबारत लिख रही हैं।

# पानी की कमी और हमारी अधूरी तैयारी



**फलक फातिमा**

**सवाल** यह है कि जब पता है कि हर साल गर्मियों में पानी का संकट पैदा होने वाला है तो पहले से तैयारी क्यों नहीं की जाती? आखिर हमारे प्रशासक आग लगने पर कुंआ खोदने की आदत से कब मुक्त होंगे? ह्रहर घर नल से जलह्न का नारा तब खोखला नजर आता है जब महिलाओं को गर्मी व सूरज की तपिश में पानी के लिये जाते देखते हैं। आखिर क्यों बहू-बेटियों की ऊर्जा आज 21वीं सदी में भी पानी ढोने में खर्च होती है? फिर वे कितना पानी इन मटकों-बाल्टियों में ला पायेंगी? पलवल समेत हरियाणा के कई जिलों में खारा पानी होने से यह समस्या और जटिल हो जाती है। कुदरत की कहानी अपनी जगह है मगर हम क्यों मीठा पानी इन इलाकों तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। जबकि हरियाणा जैसे समृद्ध राज्य में पेयजल की आपूर्ति प्राथमिकताओं में होनी चाहिए।

सरकारें कैसे कार्य करती हैं उसकी कहानी पलवल जिले के हथीन में चार सौ पच्चीस करोड़ की लागत से बनने वाली ह्रराजीव गांधी जल संवर्धन योजना के रूप में सामने आती है। वर्ष 2004 में इस योजना की आधारशिला एक राजनीतिक दल की सरकार ने रखी। चार साल बाद दूसरे राजनीतिक दल के शीर्ष नेतृत्व ने अगले चरण का शुभारंभ किया। दरअसल, इस योजना का मकसद पलवल और मेवात इलाके के गांवों के लोगों का पेयजल संकट दूर करना था। विडंबना देखिये कि डेढ़ दशक से अधिक समय गुजरने के बावजूद महत्वाकांक्षी योजना सिरे नहीं चढ़ सकी है। इस योजना से लाभान्वित होने वाले पलवल, नूंह व हथीन के सैकड़ों लक्षित गांव आज भी प्यासे हैं। तमाम प्रचार के बावजूद परिणाम वही ढाक के तीन पात, जो बताता है कि हमारा शासन-प्रशासन पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता को लेकर कितना संवेदनहीन है। हर चुनाव में नये मुद्दे, नये सपने, नये वायदे, और परिणाम जस के तस।



जो हमारे लोकतंत्र में लोकलुभावनी घोषणाओं और उनके क्रियान्वयन के बड़े अंतर को दशार्ता है। निस्संदेह, इन तमाम मुद्दों पर जनता को जागरूक होकर लोकलुभावनी घोषणाओं के क्रियान्वयन पर जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगने की स्वस्थ परंपरा की शुरूआत करनी होगी।लेकिन यहां बड़ा सवाल यह है कि क्या हमारे नीति-नियंता विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले इलाकों में घर-घर पानी पहुंचाने में कामयाब रहे हैं? आखिर क्यों आजादी के अमृत महोत्सव काल में लोग अमृत तो दूर, पानी को भी तरस रहे हैं। सवाल ये है कि इसके कई इलाके आजादी के सात दशक बाद भी पानी के संकट से क्यों जूझ रहे हैं? क्यों बहू-बेटियों को सुबह -शाम पानी के मटकों को लाने-ले जाने में अपना जीवन खपाना पड़ता है?

जिस समय का उपयोग उन्हें अपने व परिवार को संवारने में करना था, उसे वे पानी ढोने में गुजारती हैं। कैसी विडंबना है कि मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता पानी भी सत्ताधीश अपनी जनता को उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। चुनाव में आसमान से चांद-तारे तोड़ लाने के वायदे करने वाले राजनेता पानी जैसी प्रारंभिक जरूरत पूरी करने में नाकाम रहते हैं। यह स्वाभाविक है कि गर्मियों में यह संकट गहरा हो जाता है। तमाम जल स्त्रोतों का संकुचन होता है। विद्युत आपूर्ति बाधित होती है जिसके चलते पेयजल संकट और गहरा जाता है।

**(यूनिसेफ झारखंड)**

# धर्म संघर्ष नहीं सीखता

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**विश्वामित्र** को विशिष्ठ जी ने ही अयोध्या भेजा। राम को बक्सर लाने के लिए विशिष्ठ ने ही विश्वामित्र को कहा कि आप अयोध्या जाये और राक्षसों, दानवों को पृथ्वी से समाप्त करें। यही कारण है कि जब विश्वामित्र ने राजा दशरथ से राम को वन ले जाने की बात कही तब गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ को समझाया कि राम को जाने दें। रावण का साम्राज्य बक्सर तक आ चुका था और ताड़िका वहीं के जंगलों में रहती थी। गुरु वशिष्ठ के कहने पर ही राम का वन गमन हुआ। इस क्रम में रावण वध सहित सभी घटनाएं घटित हुई। विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ की बातों का अनुकरण करते रहे। राम ने रावण के वध के बाद कहा कि जो हुआ वह गुरु कृपा से ही हुआ है जबकि सभी देवता राम पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। राम को मालूम था कि गुरु वशिष्ठ के आज्ञा को मानना ही उनके अवतार लेने का अर्थ मात्र है। गुरु में श्रद्धा का अर्थ है कि उनके सबसे निकटतम को पकड़ना उसका संग करना, उसके अनुसार काम करना। वशिष्ठ को मालूम था कि रामवातार होगा और उनके माध्यम से धर्म की स्थापना होगी। सबरी और अहिल्या का भी उद्धार होगा।

कोई भी धर्म के लिए संघर्ष नहीं करता है। कोई राम, कृष्ण, यीसू, अल्लाह के लिए नहीं लड़ रहा है। लोग नासमझी में लड़ते हैं दंगा करते हैं। इस प्रकार के हिंसा का इतिहास आजादी की लड़ाई के क्रम में उपजा है। किसी भी धर्म में घृणा का कोई स्थान नहीं है। आज कर्मकांड विज्ञान के विकास के साथ ही कम होता जा रहा है। आने वाले दिनों में भक्ति का प्रचार और तेज होगा। साधन का उपयोग होगा। भक्ति सीखना हो या भक्ति समझना हो तो सीता और राधा से समझी जा सकती है। अगर भक्ति पैदा करना हो तो हनुमान जी से अच्छा उदाहरण नहीं है। आज बड़ी संख्या में संत और महात्मा भक्ति का प्रचार-प्रसार अपने विचार,पंथ के अनुसार कर रहे हैं। भक्ति सभी बढ़ा रहे हैं। स्वार्थ के लिए की गयी भक्ति और प्रीत से भी कल्याण होता है। हमारे सदगुरु स्वामी शिवधर्मानंद जी परमहंस बक्सर के राजपुर आये। जब गढ़वा घाट से उन्हें छोटका राजपुर आने का आदेश हुआ तो उन्होंने गांव के गांव लोगों को भक्ति से जोड़ा। वे सभी से जुड़े और भक्ति का प्रसार किया। ^^स्वारथ लागि करहीं सब प्रीति**। तुलसी दास ने भी लिखा है कि अपने सुख के लिए मैं रामचरित मानस की रचना कर रहा हूं।

मानव का शरीर एक पात्र जैसा ही है। इसे गढ़ने वाली माताओं के प्रति आदर का भाव और अधिकार दोनों को समझने की आवश्यकता है। गिलास कोई भी है उसका महत्व है। उसके बगैर जल या दूध कोई भी न तो आकार ले सकता है और न ही आप उसका उपयोग कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में भक्ति परम्परा में महिलाओं के त्याग और समर्पण को सबसे उपर रखा गया है। सीता और राधा उसके उदाहरण मात्र है। आज भी महिला अपना सब कुछ त्याग कर पति के घर आ जाती है और पूरा जीवन समर्पित कर देती है। सभी को एक संतोष का भाव होना चाहिए जो उसे मालिक बनाता है। संसाधनों की कमी पर बात करना नौकर का लक्षण है। संसाधन कभी पूरा हो ही नहीं सकता इसलिए जो है उसमें संतोष करना चाहिए। एक स्त्री के जीवन से यह सीखा जा सकता है। आज के दौर में लोग सिर्फ इसलिए दुखी हैं क्योंकि उन्हें अधिक से अधिक भौतिक सामग्री की चिंता है। आपने जो भी संसाधन जमा किया या प्राप्त किया वह अन्ततः नाशवान है या नहीं। इस दिशा में सोच होना चाहिए। संसाधन जुटायें लेकिन उसके लिए बैचेन रहना जीने का सही ढंग नहीं है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर बिहार शाखा कुटी बसारगढ़ रांची)

# हनुमान चालीसा की रचना

**जीवीएस शास्त्री**

बात 1600 ईस्वी की है यह काल अकबर और तुलसीदास जी के समय का काल था। एक बार तुलसीदास जी मथुरा जा रहे थे, रात होने से पहले उन्होंने अपना पड़ाव आगरा में डाला, लोगों को पता लगा कि तुलसीदास जी आगरा में पधारे हैं। बीरबल ने अकबर को बताया, इन्होंने ही रामचरितमानस की रचना की है, यह रामभक्त तुलसीदास जी है, मैं भी इनके दर्शन करके आया हूं। अकबर ने भी उनके दर्शन की इच्छा व्यक्त की और कहा मैं भी उनके दर्शन करना चाहता हूँ।

बादशाह अकबर ने अपने सिपाहियों की एक टुकड़ी को तुलसीदास जी के पास भेजा और तुलसीदास जी को बादशाह का पैगाम सुनाया कि आप लालकिले में हाजिर हों। यह पैगाम सुन कर तुलसीदास जी ने कहा कि मैं भगवान श्रीराम का भक्त हूँ, मुझे बादशाह और लालकिले से मुझे क्या लेना-देना और लालकिले जाने के लिए साफ मना कर दिया। जब यह बात बादशाह अकबर तक पहुँची तो बहुत बुरी लगी और बादशाह अकबर गुस्से में लालताल हो गया, और उन्होंने तुलसीदास जी को जंजीरों से जकड़बा कर लाल किला लाने का आदेश दिया। जब तुलसीदास जी जंजीरों से जकड़े लाल किला पहुंचे तो अकबर ने कहा की आप कोई करिश्माई व्यक्ति लगते हो, कोई करिश्मा करके दिखाओ। तुलसी दास ने कहा मैं तो सिर्फ भगवान श्रीराम जी का भक्त हूँ कोई जादूगर नही हूँ जो आपको कोई करिश्मा दिखा सकूँ। अकबर गुस्सा कर उन्हें कारावास में डाल दिया। दूसरे दिन इसी आगरा के लालकिले पर लाखों बंदरों ने एक साथ हमला बोल दिया, पूरा किला तहस नहस कर डाला। लालकिले में त्राहि-त्राहि मच गई, तब अकबर ने बीरबल को बुला कर पूछा कि बीरबल यह क्या हो रहा है, तब बीरबल ने कहा हुजूर आप करिश्मा देखना चाहते थे तो देखिये। अकबर ने तुरंत तुलसीदास जी को कल कोठरी से निकलवाया। और जंजीरे खोल दी गई। तुलसीदास रोते-रोते कुछ लिख रहे थे। यह 40 चौपाई, हनुमान जी की प्रेरणा से लिखी गई हैं। अकबर बहुत लज्जित हुए और तुलसीदास जी से माफी मांगी और पूरी इज्जत और पूरी हिफाजत, लाव-लश्कर से मथुरा भिजवाया।आज हनुमान चालीसा का पाठ सभी लोग कर रहे हैं। और हनुमान जी की कृपा उन सभी पर हो रही है। और सभी के संकट दूर हो रहे हैं। हनुमान जी को इसीलिए संकट मोचन भी कहा जाता है।

# अदरख में अनोखे गुण

**अन्नू अंबालिका**



आमतौर पर हम अदरक का प्रयोग खाना बनाने या चाय आदि में करते हैं। बहुत ही स्ट्रॉन्ग स्मेल वाला यह अदरक दरअसल एक खास पौधे का जड़ होता है। इसका इस्तेमाल शरीर में सूजन को कम करने, पाचन तंत्र को ठीक रखने और भूख बढ़ाने के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में इसका प्रयोग खांसी और सर्दी ठीक करने के लिए भी किया जाता है। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है और पाचन ठीक रहता है। कई लोग इसे वजन कम करने के लिए भी प्रयोग में लाते हैं. हेल्थलाइन के मुताबिक, वजन कम करने का वैसे तो इसमें कोई स्पेशल गुण नहीं होता लेकिन आप अगर इसे कुछ खास चीजों के साथ प्रयोग में लाएं तो यह वजन तेजी से कम कर सकता है। ऐसे में अगर आप भी वजन कम करने की सोच रहे हैं तो जानिए इसका इस्तेमाल आपको कैसे करना चाहिए।

शोध के मुताबिक, जो लोग रोज अदरक का सेवन करते हैं उनका पेट लंबे समय तक भरा रहता है जिससे उन्हें भूख कम लगती है। इसमें मौजूद तत्व ब्लड शुगर लेवल को भी स्थिर बनाए रखता है। एक अन्य शोध में पाया गया कि अदरक वजन घटाने और पेट की चर्बी को कम करने में सहायक है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट मोटापा की बड़ी वजह स्ट्रेस को कम करने में काफी फायदेमंद साबित होता है। यह फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान को भी हील करता है जिससे मोटापे में कमी आ सकती है।

वजन कम करना हो तो आप नींबू के साथ अदरक का सेवन करें. एक ग्लास पानी में अदरक को उबालें और इसमें नींबू की कुछ बूंदे डालकर पिएं. वजन तेजी से कम होगा। जिंजर टी या जिंजर ड्रिंक के रूप में भी आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल एप्पल साइडर विनेगर में वेट लूज करने के कई गुण हैं। ऐसे में जब आप अदरक के साथ इसका उपयोग करेंगे तो आपका वजन तेजी से घटेगा।

ग्रीन टी के साथ अदरक का प्रयोग करें। ग्रीन टी में वजन कम करने के तत्व पाए जाते हैं। इन दोनों के साथ प्रयोग से आपका मेटाबॉलिज्म बेहतर तरीके से काम करेगा और आप ओवर इटिंग से बचेंगे।

# साइबर धोखाधड़ी की शिकायत तुरंत करें



**निरंजन कुमार**

**साइबर** धोखाधड़ी के कारण आर्थिक नुकसान रोकने और डिजिटल भुगतान के प्रति विश्वास पैदा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस तरह की धोखाधड़ी का पता लगाने और जांच करने के लिए एक राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर-155260 शुरू किया है।

इस पहल के तहत ऐसे अपराध रोकने या उन्हें हल करने के लिए राज्य पुलिस और बैंक पहली बार समन्वय के साथ काम करेंगे। यह हेल्पलाइन और इसका रिपोटिंग प्लेटफॉर्म भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सभी प्रमुख बैंकों, भुगतान बैंकों, वॉलेट और ऑनलाइन व्यापारियों के समर्थन से भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) द्वारा शुरू किया गया है। इसमें शामिल होने वाले सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण बैंक हैं-भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक, येस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक। पेटीएम, फोनपे, मोबिक्विक, फ्लिपकार्ट और एमेजॉन जैसे सभी प्रमुख वॉलेट और मर्चेंट भी इससे जुड़े हुए हैं। नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोटिंग और प्रबंधन प्रणाली कहा जाने वाला यह प्लेटफॉर्म फिलहाल सात राज्यों (छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश) में सक्रिय है। देश की 35 प्रतिशत से अधिक आबादी इसके दायरे में आती है। अंततः इसे अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी शुरू किया जाएगा।

इस साल अप्रैल में अपनी सीमित शुरूआत के बाद से हेल्पलाइन 155260 धोखेबाजी करने वालों के हाथों में 1.85 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जाने से रोकने में सफल रही है। दिल्ली और राजस्थान ने क्रमशः 58 लाख और 53 लाख रुपये वापस पाए हैं। साइबर सुरक्षा मामलों के वकील प्रशांत माली कहते हैं, 'इस प्रयास के परिणाम सामने आ सकते हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वित्तीय धोखाधड़ी के मसले हल करने के लिए पहली दफा कोई केंद्रीकृत दृष्टिकोण तैयार किया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सतर्क रहना होगा और वे शिकायतों में ज्यादा देरी नहीं कर सकते हैं।



इस व्यवस्था की कारगरता के लिए उपयोगकताओं को भी सतर्क रहने की आवश्यकता होगी और किसी संदिग्ध लेनदेन की जानकारी के साथ उन्हें तुरंत हेल्पलाइन पर कॉल करना होगा, ताकि पैसे पर तत्काल नजर रखी जा सके। अगर पैसा दूसरे बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिया गया है, तो उस बैंक को सावधान किया जा सकता है और पास वापस स्थानांतरित किया जा सकता है। हालांकि अगर पैसा सही मालिक को वापस स्थानांतरित किए जाने से पहले धोखेबाजी करने वाला व्यक्ति पैसा निकालने में सफल हो जाता है, तो यह मामला पुलिस के पास ले जाना होगा। एमएचए के बयान में इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है 'ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में धोखाधड़ी सेपैसे के नुकसान को उसकी निगरानी करते हुए और धोखेबाज द्वारा पैसे को डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र से बाहर निकाले जाने से पहले इसके आगे प्रवाह को बंद करते हुए रोका जा सकता है।' कोई हेल्पलाइन मदद के लिए होती है। यह वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की आवश्यकता को समाप्त नहीं करती है। एक प्रायोगिक परियोजना में सरकार ने लोगों को सक्रिय रूप से आगे आने और धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए एक पोर्टल निर्मित किया था। लेकिन हमने पाया कि लोग केवल पैसे वापस दिलाए जाने में ही दिलचस्पी रखते हैं, ऐसी घटनाओं को रोकने में नहीं। ऐसा किए जाने के लिए लोगों को अपराध की सूचना भी देनी होगी। जुलाई 2017 की आरबीआई की अधिसूचना के अनुसार अगर बैंक के किसी खाताधारक का पैसा धोखे से निकाला जाता है और वह व्यक्ति अपराध के 72 घंटे के भीतर इस घटना की सूचना देता है, तो बैंक को वह पूरी राशि उस खाताधारक को 10 कार्य दिवस के भीतर देनी होगी। कानून विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बैंक नेटवर्क से पैसा निकलवाया जाता है, तो यह हेल्पलाइन इस प्रक्रिया में तेजी लाएगी। खाताधारक बैंक को धोखाधड़ी की सूचना देने के बावजूद पैसा वापस पाने के लिए चक्कर लगाते रहते हैं। यह हेल्पलाइन इस क्षेत्र में उपयोगी होगी। **(सीनियर एडवोकेट रांची सिविल कोर्ट रांची)**

# पक्षियों के गुस्से-प्यार के इजहार

**मनोज शर्मा**

**इंसान** के साथ रहने वाले पालतू पशुओं की तरह कई पक्षी भी इंसानों से अपनी भावनाएं बांटना सीख जाते हैं, विशेषकर तोतों में यह खूबी देखी गई है। अगर आपने अपने पालतू तोते को कई घंटे तक कुछ खाने को नहीं दिया, तो वह गुस्से में आवाजें निकाल सकता है। पिंजरे में लगातार चोंच मार सकता है या कुछ भी ऐसी हरकत करेगा, जिससे जाहिर हो सके कि वह आपसे गुस्सा है। हालांकि जैसे इंसान हमेशा गुस्से में नहीं रह सकता, वैसे ही ऐसे पक्षी जो गुस्सा होना जानते हैं, वो भी हमेशा गुस्से में नहीं रहते। इंसानों की तरह ही इनमें कभी गुस्सा, कभी चिड़चिड़ापन, कभी अनमनापन जैसे हावभाव भी देखने को मिलते हैं। हालांकि पक्षियों के अनमनेपन को पकड़ना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन उनकी खुशी और उनके गुस्से को पहचानना आसान होता है। जब पक्षी खूब खुश होते हैं, उन्हें अच्छा लग रहा होता है, तब वे आपके इर्दगिर्द बहुत तेजी से उड़ते हैं। खूब आवाजें करते हैं।

जब उन्हें बहुत गुस्सा आ रहा होता है तो भी कुछ पक्षी खासकर तोता आदि तेज-तेज आवाजें निकालते हैं, देर तक चोंचें खुले रखते हैं और लगता है आपको कुछ समझाने की कोशिश कर रहे हैं। यही नहीं इंसानों की तरह रूठे हुए पक्षी यह भी उम्मीद करते हैं कि आप उन्हें मनाएंगे। पक्षियों में इस तरह के स्वाभाविक हावभाव हों भी क्यों न, जब वो अपने रहने के लिए घोसला बनाते हैं, अपने बच्चों की सही से परवरिश करते हैं और इंसानों की ही तरह कुछ भी करके अपने बच्चों के लिए भोजन ढूंढ़कर लाते हैं। खुशी में गाते हैं या कहिए चहचहाते हैं। समूह में मिलकर उड़ान भरते हैं, आवाजें निकालते हैं और दूसरे पक्षियों के साथ इंट्रैक्ट करते हैं। जब पक्षियों में इस कदर की समझदारी और भावनाएं हमें दिखाई पड़ती हैं, तो भला उनका रूठना या गुस्सा होना आश्चर्यजनक कैसे हो सकता है?

जैसे छोटे बच्चे गुस्से में अकेले रहना पसंद करते हैं, ठीक वैसे ही पक्षी भी गुस्से में अकेले रहना पसंद करते हैं। हालांकि पक्षियों में इंसानों की तरह सार्वभौमिक व्यवहार मजबूत नहीं होता। पक्षी अपनी पसंदीदा जगह, पसंदीदा घोसला, पसंदीदा वातावरण और पसंदीदा व्यक्ति के साथ अलग किस्म का बर्ताव करते हैं और बाकी भिन्न जगहों और लोगों के साथ अलग व्यवहार करते हैं। अगर आप किसी पालतू पक्षी को काफी देर तक पिंजरे में बंद रखते हैं, उसकी खोज खबर नहीं लेते, तो भी वह नाराज हो जाता है। जब पक्षी गुस्से में होते हैं तो वह अपना अधिकांश समय अकेला बिताते हैं। इस दौरान तनावग्रस्त रहने के चलते आमतौर पर वे निष्क्रिय हो जाते हैं। कई बार ऐसे पक्षी गुस्से में शांत बैठ जाते हैं और कई कई दिनों तक भी शांत बैठे रह सकते हैं। इसलिए जब पक्षी गुस्सा होते हैं तो एकांत में दुबकना पसंद करते हैं। (रांची विवि रांची)

# मां ईश्वर है, सबसे बड़ा रिश्ता है मां और संतान का



**प्रशांत झा**

**मां** और बच्चे का रिश्ता दुनिया में सबसे अहम और अनमोल होता है। मां से रिश्ता होने के बाद ही एक बच्चा बड़ा होने तक अपने जीवन में कई और रिश्तों को अपना सकता है। मां की ममता और प्यार हर इंसान के लिए बहुत जरूरी होती है। मां बच्चे की इस जरूरत को बिना किसी स्वार्थ के पूरा करती है। वैसे तो मां अपने बच्चे पर अपना पूरा जीवन कुर्बान कर देतीं हैं। बच्चे की खुशी में खुश और तकलीफों में दर्द बांटती है। ऐसे में बच्चे अपनी मां के लिए कुछ खास करना चाहते हैं।

यह बताने की कोशिश करते हैं कि उनके जीवन में मां की क्या भूमिका है और वह भी मां से प्यार करते हैं। मदर्स डे भारत में ही नहीं बल्कि कई अन्य देशों में भी धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि मदर्स डे मई माह के दूसरे रविवार को ही क्यों मनाया जाता है? मदर्स डे मनाने की शुरूआत कब से और क्यों हुई? चलिए जानते हैं मदर्स डे का इतिहास, महत्व और इस खास दिन से जुड़ी कहानी।

### मदर्स डे कब मनाया जाता है?

मदर्स डे दुनिया भर में मई महीने के दूसरे रविवार के दिन मनाया जाता है। साल 2022 में मदर्स डे 8 मई को मनाया जा रहा है। इस दिन को मनाने की शुरूआत औपचारिक तौर पर 1914 में हुई थी।

### सबसे पहले मदर्स डे किसने मनाया?

दरअसल, मदर्स डे मनाने की शुरूआत एना जार्विस नाम की एक अमेरिकी महिला ने की थी। एना अपनी मां को आदर्श मानती थीं और उनसे बहुत प्यार करती थीं। जब एना की मां की निधन हुआ तो उन्होंने कभी शादी न करने का फैसला करते हुए अपनी मां के नाम अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने मां को सम्मान देने के लिए मदर्स डे मनाने की शुरूआत की। उन दिनों यूरोप में इस खास दिन को मदरिंग संडे कहा जाता था।



### मई में रविवार को ही क्यों मनाते हैं मदर्स डे?

एना के इस कदम के बाद अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन ने औपचारिक तौर पर 9 मई 1914 में मदर्स डे मनाने की शुरूआत की। इस खास दिन के लिए अमेरिकी संसद में कानून पास किया गया। जिसके बाद मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने का फैसला लिया गया। बाद में मदर्स डे को मई के दूसरे रविवार के दिन मनाने की स्वीकृति अमेरिका समेत यूरोप, भारत और कई अन्य देशों ने भी दी।

### मदर्स डे मनाने की वजह?

अपनी मां को खास महसूस कराने, उनके मातृत्व और प्यार को सम्मानित करने के उद्देश्य से बच्चे मदर्स डे मनाते हैं। पिछले कुछ दशकों में मां को समर्पित इस दिन को बहुत खास तरीके से मनाया जाता है। इस दिन लोग अपनी मां के साथ समय बिताते हैं। उनके लिए गिफ्ट या कुछ सरप्राइज प्लान करते हैं।

### पुतिन की हालत...



साभार कार्टूनमूवमेंट

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में कैंपस सलेक्शन, कई प्रशिक्षु चयनित



हजारीबाग। हजारीबाग के मुकुंदगंज स्थित गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को कैंपस सलेक्शन हुआ। प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत हुए इस कार्यक्रम में जिले के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार लेकर कई प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्राचार्या डॉ. बसुंधरा कुमारी ने बताया कि 2008 से अब तक इस कॉलेज से सैकड़ों प्रशिक्षु शिक्षक पदों पर चयनित हो चुके हैं। महाविद्यालय का उद्देश्य सिर्फ प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाना भी है। प्लेसमेंट सेल ऑफिसर कुमारी अंजलि ने कहा कि प्रशिक्षुओं को शिक्षा के हर क्षेत्र में दक्ष बनाया जाता है, जिससे वे साक्षात्कार में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कैंपस सलेक्शन में एकलव्य द जीनियस माइंड स्कूल चरही, लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल अमृतनगर, कैंब्रिज हाई स्कूल इचाक, माइल स्टोन स्कूल बड़कागांव सहित कई स्कूलों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अनुरंजन कुमार, एन.एस. मैती, डॉ. मीरा कुमारी सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

### सावित्री व्रत सोमवार को : पाठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। पंडित राम कुमार पाठक ने कहा कि सावित्री व्रत अखंड सौभाग्य, पारिवारिक सुख-शांति एवं समृद्धि की प्राप्ति के लिए किया जाता है। इस वर्ष व्रत 26 मई को होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत का पालन करने से महिलाओं को पति की लंबी आयु का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार इस व्रत का संबंध सतयुग के महान राजा अश्वपति और उनकी पत्नी रानी मालती से जुड़ा है। वे संतानहीन थे और वसिष्ठ ऋषि के कहने पर उन्होंने सावित्री देवी का अनुष्ठान किया। इस अनुष्ठान से माता प्रसन्न हुईं और स्वयं रानी की कोख से पुत्री रूप में प्रकट हुईं, जिनका नाम सावित्री रखा गया। सावित्री जब विवाह योग्य हुईं, तब भृगु ऋषि के निर्देश पर उन्होंने वट सावित्री व्रत करना प्रारंभ किया। इसके प्रभाव से वे अत्यंत तेजस्वी और बुद्धिमान हो गईं। योग्य वर की तलाश में उन्होंने सालवदेश के अंधे राजा द्युमतसेन के पुत्र सत्यवान को चुना। नारद मुनि ने चेतावनी दी कि सत्यवान की आयु केवल एक वर्ष शेष है, लेकिन सावित्री ने अडिग निश्चय के साथ सत्यवान से ही विवाह किया। विवाह के एक वर्ष बाद जब सत्यवान वन में लकड़ी काटने गए, सावित्री उनके साथ गईं। वहीं यमराज सत्यवान के प्राण हरने आए। सावित्री ने अपने व्रत की शक्ति और तप के प्रभाव से यमराज को प्रसन्न कर लिया और उन्होंने न केवल सत्यवान को पुनः जीवनदान दिया, बल्कि सौ पुत्रों का वरदान भी दिया।

### कपरफुटवा में पीसीसी रोड का शिलान्यास

कुजू। छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत ग्राम कपरफुटवा में शनिवार को पीसीसी पथ का हुआ शिलान्यास। मुखिया रामसेवक महतो ने विधिवत पूजार्चना, नारियल फोड़कर और फीता काटकर ढलाई निर्माण कार्य शुरू कराया। पीसीसी पथ निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग के तहत दो सौ फीट का करीब दो लाख रुपए की लागत से भोला साहू के आवास से हनुमान मंदिर तक किया जाना है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मनोज सोरेन, अशोक साहू, नागेश्वर कुमार, महेंद्र महतो, लक्ष्मण साहू, गुनीलाल महतो, बंशी महतो, पंकज महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### फूसरी गांव पहुंची जांच टीम



हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर केरेडारी प्रखंड के मनातू पंचायत अंतर्गत फूसरी गांव में मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों की स्थिति की जांच की गई। शनिवार को बीडीओ विवेक कुमार और सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल ने संयुक्त रूप से गांव का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर मनरेगा, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधायक मद योजना, नल जल योजना और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना जैसी विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। स्थल निरीक्षण में यह भी देखा गया कि किन योजनाओं की और आवश्यकता है। इसके तहत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य पालन, सुकर पालन और कुक्कुट पालन जैसी योजनाएं शुरू करने की अनुशंसा की गई। साथ ही पुल-पुलिया और संपर्क पथ के निर्माण की जरूरत को भी चिह्नित कर रिपोर्ट के साथ सुझाव उपायुक्त को भेजे गए। जांच दल में पंचायत की मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक और अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें आवागमन की सुविधा, पेयजल संकट और आवास योजना में पारदर्शिता जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य गांव के समग्र विकास के लिए आवश्यक तथ्यों को संकलित कर उपायुक्त को रिपोर्ट सौंपना था, जिससे आगे की कार्य योजना तय की जा सके।

# मुखिया बेबस, अधिकारी बेलगाम

## झूठे वादों की छत, सच्चाई की जमीन दरकी

खबर मन्त्र संवाददाता



- प्रखंड में बैठकर पीएम व अबुआ आवास का प्रायोरिटी तैयार करते हैं अधिकारी : सकेंद्र मेहता
- सरकार मुखिया को निकम्मा बनाकर रखी है: मुखिया संघ

हजारीबाग। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी हैं। जिनके सिर पर छत होनी चाहिए, वो खुले आसमान के नीचे हैं, और जिनके पास पहले से महल हैं, उन्हें सरकार ने और छतें दीं। हजारीबाग के कई प्रखंडों से लगातार शिकायतें आ रही हैं कि लाभुक चयन में भारी गड़बड़ी की जा रही है। जिन लोगों के पास पहले से मकान हैं, वे भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कई जगह एक ही घर में तीन-तीन लोगों को आवास अलॉट कर दिया गया। वहीं असल हकदार गरीब आज भी टाट-पट्टी में जी रहे हैं। ग्राम मुखिया, जो पंचायत के मुख्य प्रतिनिधि माने जाते हैं, आज खुद को बेबस महसूस कर रहे हैं। इचाक मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेन्द्र प्रसाद मेहता का कहना है कि ना लोकसभा, ना विधानसभा। सबसे बड़ी ग्राम सभा है, और उसी की अवहेलना हो रही है।

प्रखंड में पदाधिकारी बैठकर प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास का प्रायोरिटी तैयार करते हैं और अधिकारी मनमानी कर रहे हैं, ग्रामसभा की बैठक को नजरअंदाज कर फंड का मनचाहा वितरण किया गया है और सरकार चुप है।

बीडीओ संतोष कुमार से जब पूछा गया कि प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास फंड क्यों नहीं जारी हो रहा, तो उन्होंने चौंकाने वाला जवाब दिया, भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात हैं, इसलिए फंड रोका गया है। सवाल ये उठता है कि जब पहले युद्ध जैसे हालत नहीं थे, तब क्यों फंड लटकाए गए? और चहेतों को फंड दिए गए। सच्चाई यह है कि झारखंड सरकार मुखियाओं को सिर्फ. नाम का अधिकार दे रही है। 14 विभाग में 29 विषयों पर मुखिया को अधिकार दिया गया है, लेकिन पूर्ण रूप से दो, तीन अधिकार ही मिला है। पंचायत चुनाव पर करोड़ों बहाए जाते हैं, लेकिन जमीनी ताकत अधिकारी हड़प लेते हैं। अब जनता पूछ रही है कि क्या लोकतंत्र का सबसे बुनियादी स्तंभ भी भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ा होगा? जब इस सम्बन्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क ना हो सका।

# हजारीबाग में शराब माफियाओं पर शिकंजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**तय कीमत से ज्यादा वसूला तो होगी कार्रवाई : सहायक आयुक्त उत्पाद**



हजारीबाग। जिले में शराब की खुदरा दुकानों पर तय कीमत से ज्यादा वसूली अब उत्पाद विभाग की निगरानी में आ गई है। जिला प्रशासन ने इस गड़बड़ी पर लगाम कसने के लिए बड़ा कदम उठाया है और ग्राहकों से सीधी शिकायत दर्ज करने की अपील की है। फिलहाल हजारीबाग में कुल 67 खुदरा शराब दुकानें संचालित हो रही हैं–इनमें 11 विदेशी, 6 देशी और 50 कम्पोजिट दुकानों की संख्या है। इन दुकानों पर शराब की बिक्री केवल निर्धारित सरकारी दर पर ही होनी चाहिए, लेकिन शिकायतें मिल रही थीं कि कई दुकानदार मनमानी कीमत वसूल रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए सहायक आयुक्त उत्पाद शिव कुमार साहू ने खुद आगे आकर जनता से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों पर तय रेट से अधिक वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और इस तरह की शिकायत सीधे विभाग के अधिकारियों को दी जा सकती है।

इस पहल के तहत चार अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं, जिन पर ग्राहक गुप्त रूप से सूचना दे सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। साहू ने यह भी कहा कि सिर्फ दुकानों में ही नहीं, बल्कि आस-पास कहीं भी अवैध शराब निर्माण या बिक्री की जानकारी मिलने पर लोग तुरंत सूचना दें। यह न सिर्फ सरकार के राजस्व हित में है, बल्कि समाज के हित में भी। अब देखना है कि आम जनता इस अभियान में कितनी सक्रियता दिखाती है और क्या प्रशासन वाकई में इन गड़बड़ियों पर लगाम कस पाता है या नहीं।

### इस नंबर करें शिकायत

- शिव कुमार साहू, सहायक आयुक्त उत्पाद: 8292321719
- भुवनेश्वर नायक, अवर निरीक्षक उत्पाद: 7903995107
- सुमितेश कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद: 8210837784
- कृष्णा कुमार प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद: 9608208777

### वेंकटेश आयरन में हुयी जन सुनवाई

भुरकुंडा (रामगढ़)। वेंकटेश आयरन एंड एलॉयज (इंडिया) लिमिटेड ने भदानीनगर के राजकीय मध्य विद्यालय भुरकुंडा में शनिवार को झारखंड में प्रस्तावित परियोजना हेतु झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई की। सुनवाई में एसी गीतांजलि तिर्की, आरओजेएसपीसीबी - एनएस जितेंद्र प्रसाद सिंह, एचओजेएसपीसीबी सुमित झा, जीएम डब्लूआईसी एसएस बैठा, पतरातू सीओ मनोज चौरसिया, वैंकटेश फैक्ट्री के निदेशक कमल केडिया, अंकित केडिया, हर्ष केडिया, लपंगा मुखिया आनंद दुबे, भाजपा नेता रणवीर सिंह सहित अजय सिंह, रत्नेश गिरी, पंकज पांडेय, राजकिशोर सिंह, अनुप ठाकुर, कमलेश प्रसाद, निशांत पांडेय, राशीद, मो. कलाम, विजय सिंह व अन्य मौजूद थे।

# भुरकुंडा में 40 महिलाएं सम्मानित

**सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ने आदर्श अस्पताल भुरकुंडा में किया सम्मान समारोह**




खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ द्वारा शनिवार को सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में ह्यमहिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भुरकुंडा पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी, क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल टोप्पो, सीसीएल महामंत्री शशी भूषण सिंह, डॉ आफताब आलम, डॉ. मेजर संतोष कुमार, डॉ चंदन कुमार, सुषमा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में अतिथियों व संघ के लोगों ने 40 महिलाओं को अंगवस्त्र और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी ने महिलाओं को सम्मानित कर यह संदेश दिया कि समाज में महिलाओं को उच्च सम्मान और बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। मौके पर मुख्य अतिथि भुरकुंडा पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। सीमा हो या विज्ञान, खेल हो या प्रशासन हर मोर्चे पर महिलाओं की भागीदारी सराहनीय है। विशेष रूप से जब महिलाएं राष्ट्र की सुरक्षा में अपना योगदान दे रही हों, तो उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हमारे पुराणों में भी सर्वोच्च स्थान दिया है इसलिए हम सीताराम व राधेश्याम का संबोधन करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और महिलाओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह आश्वासन दिया गया कि संघ भविष्य में भी महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता के लिए ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष सरोज राणा और संचालन सचिव शंभू प्रसाद सिंह ने किया। मौके पर सरोज राणा, शंभू प्रसाद सिंह, हरिनाथ महतो, ललन प्रसाद, सत्यनारायण गुप्ता, फारुख रजा, श्रीकांत गुप्ता, अनिल पासवान, लक्ष्मी नारायण प्रसाद, कुमार देवेंद्र शरण, संतोष पांडेय, मो. नौशाद आदि मौजूद थे। सम्मानित होने वालों में बेबी देवी, रीता देवी, मीना देवी, वीणा देवी, शांति देवी, रुखसाना, राखी, आरती, द्रौपतिया, पूनम, झिरगी देवी, पनवा देवी, रेखा, पूजा, सीता, मुनको, नेहा, रौशनी, एस कुजूर, सविता पिंकी, विभा देवी सहित 40 महिलाएं शामिल है।

### कस्तूरबा में नामांकन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक




रामगढ़। रामगढ़ जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई। इस दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग राजीव जायसवाल सहित व अन्य बैठक में उपस्थित थे। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने उपायुक्त एवं विधायकों को बताया कि वर्ष 2025-26 में रामगढ़ जिला अंतर्गत 4 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं 2 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु प्रखंड स्तरीय समिति से विद्यार्थियों की सूची प्राप्त है। मौके पर उनके द्वारा प्राप्त सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। बैठक के दौरान जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रखंड स्तरीय समिति से प्राप्त बच्चों की सूची पर चर्चा के उपरांत बच्चों के नामांकन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ने शीतला देवी मंदिर में किया भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता




**350 लोगों ने किया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व शिशुओं का कराया टीकाकरण**

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 350 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया।

प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर सामाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही क्लब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा निःशुल्क टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, सुबेदार एएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, लायन अजय सिंह आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### कोल इंडिया के चेयरमैन से मिले सांसद



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को कोलकाता स्थित कोल इंडिया मुख्यालय में चेयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात की और क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कामगारों, कोल परियोजनाओं और स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। सांसद जायसवाल ने दुर्घटनाओं में अपंग हुए कामगारों के आश्रितों को शीघ्र मुआवजा और रोजगार दिलाने के लिए पूर्व से प्रस्तावित समिति के गठन की मांग की, ताकि लंबित मामलों का त्वरित निपटारा हो सके। उन्होंने कर्मचारियों के आवासीय क्षेत्रों की आधारभूत संरचना को सुधारने की भी आवश्यकता जताई। सांसद ने हजारीबाग क्षेत्र की कई नई और बंद पड़ी कोल परियोजनाओं–जैसे अरगड्डा काजू बगान, आरा कुजू, पुंडी कुजू, केदला, के.के. कोलियरी, सौंदा डी और रजरप्पा-दामोदर–की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए इनके शीघ्र संचालन के लिए विशेष आग्रह किया। उन्होंने सीसीएल क्षेत्र के गांवों में सीएसआर मद से हाई मास्ट लाइट्स लगाए जाने की मांग भी रखी, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिल सके। चेयरमैन पी.एम. प्रसाद ने सांसद द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया और समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता जताई। बैठक को क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

२४ है पी ७: कोल इंडिया चेयरमैन से मिले सांसद मनीष जायसवाल

### हजारीबाग में संविधान बचाओ सभा



हजारीबाग। जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शनिवार को कार्मेल चौक स्थित पैराडाइज रिसॉर्ट में भव्य जिला स्तरीय संविधान बचाव सभा का आयोजन किया गया। यह सभा लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना की रक्षा को लेकर जनजागरण अभियान के तहत आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों ने भाग लिया। सभा के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि संविधान को समझना और उसे जनमानस से जोड़ना आज की प्राथमिक आवश्यकता है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी रक्षा हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने चेताया कि जब संविधान विरोधी ताकतें सक्रिय हों, तब जनसाधारण को जागरूक होकर प्रतिरोध करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभा में सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, समानता और मौलिक अधिकारों पर भी गहन चर्चा हुई। सभा में जय प्रकाश भाई पटेल, अंबा प्रसाद, पासवान, भीम कुमार, विनोद कुशवाहा, सुरजीत नागवाला, कोमल राज, साजिद अली खान, बेबी देवी, प्रकाश यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और संविधान के प्रति संकल्प के साथ हुआ।

### बड़कागांव ब्लॉक मोड़ में आम का सूखा पेड़ दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण



बड़कागांव। प्रखंड मुख्यालय मोड़ के पास विशाल आम का पेड़ दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। यहां हर दिन सैकड़ों लोग अंचल एवं प्रखंड कार्यालय आते जाते रहते हैं। लगभग हजारों से अधिक विद्यार्थी प्लस टू हाई स्कूल, झारखंड कॉलेज एवं कन्या मध्य विद्यालय में पढ़ने आते हैं साथ-साथ एसडीपीओ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, वन विभाग के पदाधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है क्योंकि इन सभी पदाधिकारी का आवास और ऑफिस इसी सड़क से होकर गुजरता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों में से नरसिंह प्रसाद एवं सुमित कुमार ने बताया कि इस विशाल सूखे आम के पेड़ को कटवा कर हटवाने के लिए बड़कागांव अंचल अधिकारी के पास आवेदन दिया गया है परंतु इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। वहीं उपस्थित स्थानीय लोगों ने कहा की हम लोगों को हमेशा डर सताते रहता है की क्या पता कब पेड़ की मोटी टहनी गिर जाए और कोई अप्रिय घटना घट जाए चुकी हल्की सी हवा में ही सूखे पेड़ की टहनियां गिरने लगती है इसके अलावा अंचल कार्यालय, डीएसपी कार्यालय के पास, अस्पताल, वन विश्रामगार परिसर, प्लस टू हाई स्कूल विद्यालय, अस्पताल परिसर, गेस्ट हाउस, बादम रोड में चिरैया नदी के पास, तलसवार रोड सहित इर्द गिर्द अनेकों पेड़ सुखा हैं जो कभी भी गिरकर लोगों को हानि पहुंचा सकता है। पिछले दिनों आए आंधी बारिश के कारण कन्या मध्य विद्यालय के पास सूखा पेड़ गिर गया जिससे कई लोग बाल बाल बच गए। इस संबंध में अंचलाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है कार्रवाई जारी है।

# हिन्दुत्व में है 'मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट का' समाधान

**हृदयनारायण दीक्षित**

मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट है। इतिहास के किसी अन्य कालखण्ड में इस तरह का मानवीय संकट नहीं था। समाचार माध्यम भी जब कब विश्वयुद्ध की आशंका की बातें करते हैं। विचार ही मनुष्य जाति के वाह्य स्वरूप और आंतरिक उदात्त भाव के प्रसारक रहे हैं। विचार भी अपना प्रभाव खो रहे हैं। मानवीय सभ्यता आधुनिक काल का मनुष्य विरोधी प्रेरक तत्व बन गई है। वातावरण में निश्चिन्तता नहीं है। संदेह और अनिश्चितता का वातावरण है। मनुष्य जाति भविष्य के भय से डरी हुई है। धन का प्रभाव और धन का अभाव दोनों ही मारक हैं। मानवता का बड़ा भाग पर्याप्त भोजन से वंचित है। इस वर्ग में सामान्य चिकित्सा और शिक्षा, आश्रय-घर का अभाव है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में अभावग्रस्त लोगों के सामने संकट है। विज्ञान के जानकार प्रकृति के तमाम रहस्य बता रहे हैं। निसंदेह वैज्ञानिक शोधों ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन आधुनिक वैज्ञानिक शोधों ने पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व के समाप्त होने का खतरा पैदा कर दिया है।

युद्ध के तमाम आश्चर्यजनक हथियार पृथ्वी और मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन गए हैं। परमाणु हथियार सहित अनेक आश्चर्यजनक अस्त्रों की खोजों से पृथ्वी के ही अस्तित्व पर खतरा है। पृथ्वी ग्रह संकट में है और उससे पोषण पाने वाली मानव जाति भी संकट में है। वैज्ञानिकों ने तमाम ग्रहों की गतिविधि का पता लगा लिया है। आशंका है कि किसी समय पृथ्वी चन्द्रमा के निकट पहुंच सकती है। सूर्य का ईंधन लाखों वर्ष से खर्च हो रहा है। सूर्य के ठंडा हो जाने से ही मनुष्य जाति नष्ट हो सकती है। हम इन्हें भविष्य की आशंकाएं कह सकते हैं। डॉक्टर राधाकृष्णन ने अपने चिंतन में 'धर्म और समाज' में 'धर्म की आवश्यकता' शीर्षक में कहा है, ''अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव जाति स्वयं जानबूझकर किए गए कार्यों से, अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण नष्ट हो सकती है। संसार आनंद के लिए है। हम युद्ध यंत्र जात की पूर्णतः तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊजाओं के केवल थोड़े से हिस्से का ही इसके लिए प्रयोग करें तो सबको आनंदमय बनाया जा सकता है।''

सम्पूर्ण मानवता विषाद ग्रस्त जान पड़ रही है। आदर्श परम्पराएं, स्वतः प्रेरित अनुशासन और राष्ट्र राज्यों द्वारा स्थापित विधि व्यवस्था शिथिल हो रही हैं। डार्विन ने लिखा है, ''मनुष्य जीवन सभ्यता में उन्नति करता जा रहा है। छोटे वर्ग समूह बड़े समुदायों में संगठित होते जाते हैं। त्यों-त्यों व्यक्ति को यह बात समझ में आती जाती है कि उसे अपनी सामाजिक सहज प्रवृत्तियों और संवेदनाओं का विस्तार अपने राष्ट्र के लिए कर लेना चाहिए।''



सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार-विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे। इसी से शब्द बना है सभासद। सभा में प्रेमपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले व्यक्ति को सभ्य कहा जाता था। किसी समूह का शब्द आचरण और सौन्दर्यबोध सभ्यता है लेकिन प्रेमपूर्ण संवाद घटा है।

प्रकृति और मनुष्य के मध्य परस्परावलंबन है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। हमारे और प्रकृति के मध्य आत्मीयता होनी चाहिए। प्रकृति की सभी शक्तियों के लिए चित्त में आत्मीय भाव के साथ आदर भाव की भी आवश्यकता है। लेकिन प्रकृति और मनुष्य के बीच अंतर्विरोध भी हैं। आंधी, तूफान और ऐसी ही तमाम प्राकृतिक आपदाएं मनुष्य को व्यथा देती हैं और जीवन के लिए खतरा भी बनती हैं। ऐसी घटनाओं को प्राकृतिक मानकर अपना जीवनयापन करने की बात सही है। लेकिन अनेक संकट आधुनिक सभ्यता ने भी पैदा किए हैं। भूमण्डलीय ताप, भूगर्भ जल स्तर का गिरना, वायु प्रदूषण आदि आपदाएं उपभोक्तावादी आचरण से पैदा होती हैं।

सीबी जुंग ने अपनी पुस्तक 'मॉडर्न मैन इन सर्च ऑफ अ सोउल' में लिखा है, ''आधुनिक सभ्यता और मनुष्य उन्नति की चरम सीमा पर है। भविष्य में लोग उससे भी आगे निकल जाएंगे।'' यह बात ठीक है कि वह एक युगव्यापी विकास का अंतिम परिणाम है। लेकिन साथ ही यह मानव जाति की आशाओं की दृष्टि से अधिकतम निराशाजनक भी है। आधुनिक मनुष्य को इसकी जानकारी भी है। उसने देख लिया है कि विज्ञान, शिल्प और संगठन कितने लाभकारी हैं और वे कितने विनाशकारी हो सकते हैं। ईसाई चर्च, मनुष्यों का भाईचारा, अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संगठन और आर्थिक हितों की एकता सब के सब खोटे सिद्ध हुए हैं। मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो लगभग प्राणान्तक आघात पहुंचा है। परिणामस्वरुप मनुष्य अनिश्चितता में जी रहा है।

परिदृश्य चिन्ताजनक है। मनुष्य की वाह्य समृद्धि बढ़ी है। मनुष्य यंत्र हो रहा है। उसकी आत्मा खो गई है। वह खोई हुई आत्मा की पुनः प्राप्ति का प्रयास नहीं कर रहा है। भारत की प्राचीन सभ्यता में तमाम भौतिक अभावों के बावजूद मनुष्य आनंदित था। राष्ट्र के प्रति उसकी निष्ठा थी। सभी रिश्तों में आत्मीयता थी। मनुष्य में मनुष्येत्तर प्राणियों और सम्पूर्ण जगत के प्रति भी आत्मभाव था। भारत के मनुष्य की दृष्टि और जीवन की गतिविधि सामूहिक थी। सुख-दुख सामूहिक थे। पर्व उत्सव सामूहिक उत्सव आनंद का स्रोत थे। परिवार आनंद मठ था। यत्र तत्र सर्वत्र आनंद था। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में जीवन का आनंद रस सूख गया है। आधुनिक सभ्यता द्वारा मनुष्य को नितांत व्यक्तिवादी और मशीन बनाया है।

वैदिक सभ्यता और संस्कृति में सम्पूर्ण विश्व को परिवार जाना गया है। वसुधैव कुटुम्बकम वैदिक संस्कृति का लोकप्रिय सूत्र है। विश्व के अणु और परमाणु के प्रति श्रद्धा और आदरभाव रहा है। शांति मानवता की प्यास है। वैदिक साहित्य में शांति को जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। भारतीय समाज के चिन्तकों, विद्वानों और वैदिक काल के ऋषियों ने शांति की उपासना की है। ऋग्वेद में विश्व शांति की प्रार्थना है। यह भारतवासियों की शांति की प्यास को सुंदर अभिव्यक्ति देती है। शांति मन्त्र में कहते हैं, 'अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। आकाश शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। शांति भी शांत हों।'' यहां केवल मनुष्यों के बीच परस्पर सद्भाव वाली शांति की ही बात नहीं है। यहां पृथ्वी से लेकर आकाश तक शांति स्थापित होने की प्रार्थना है। शांति-अशांति की अनुपस्थिति नहीं है। शांति मौलिक रूप में मानव मन की प्राकृतिक प्यास है। अशांत चित्त से सृजन संभव नहीं होते। अशांत चित्त विध्वंसक होता है और शांत चित्त सर्जक।विश्व तनाव में है। हिन्दुत्व परिपूर्ण जीवन दृष्टि है। पूरी जीवन दृष्टि आतंरिक आत्मीयता के आधार पर विकसित हुई है। धरती माता है। आकाश पिता है। जल माताएं हैं। जल से जीवन का उद्भव ऋग्वेद में उल्लिखित है। जलमाताओं ने ही संसार को जन्म दिया। नदियां माताएं हैं। सूर्य संरक्षक हैं। परोपकार और सदाचार उत्कृष्ट जीवन मूल्य हैं। दुख और वैराग्य के स्थान पर आनंद और प्रवृत्ति हैं। संसार त्याज्य नहीं है। संसार धर्म क्षेत्र, कर्म क्षेत्र है। जीवन कर्म प्रधान है। जीवन में पलायन का कोई भाव नहीं। वनस्पतियां भी प्रणाम के योग्य हैं। उन्हें देवता कहा गया है। वैदिक सभ्यता में विचार विविधता है। जीवन और जगत को समझने के लिए पूर्व मीमांसा, सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, बुद्ध और जैन 8 दर्शन हैं। भारतीय दर्शन किसी देवदूत की घोषणा नहीं है। आधुनिक सभ्यता की सभी विसंगतियों के उपचार का केंद्र हिन्दुत्व में हैं।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

## अमरकंटक से सतपुड़ा के जंगल तक मध्य प्रदेश के पर्यटन केन्द्र

**लोकेन्द्र सिंह**

**भारत** का जिब्राल्टर ग्वालियर का किला, महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का राजमहल, मांडू का जहाज महल, दतिया में सतखंडा महल, रायसेन का दुर्ग, दुर्गावती का मदन महल, जलमग्न रहनेवाला रानी कमलापति का महल और गिन्नौरगढ़ सहित अनेक किले हैं, जो मध्य प्रदेश के स्थापत्य की विविधता का बखान करते हैं। देवों के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं। उज्जैन, जहां योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण पढ़े। चित्रकूट, जहां प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लखन सहित वनवास में रहे। ओंकारेश्वर, जहां आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने आचार्य गोविन्द भगवत्पाद से दीक्षा ली। मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग- महाकाल और ओंकारेश्वर हैं। इसके साथ ही भगवान शिव ने कैलाश और काशी के बाद अमरकंटक को परिवार सहित रहने के लिए चुना है। एक ओर जहां द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण प्रतिवर्ष मुरैना में आकर ढाई दिन रहते हैं तो वहीं ओरछा में राजा राम का शासन है। महारानी कुंवर गणेश के पीछे-पीछे श्रीराम अयोध्या से ओरछा तक चले आये थे। ओरछा राजाराम के मंदिर के लिए ही नहीं, अपितु अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है।

मध्य प्रदेश अपने वनों के लिए भी प्रसिद्ध है। सतपुड़ा के घने जंगल का तो अद्भुत वर्णन कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविता में आता ही है। चंबल नदी के भरकों से लेकर कटनी, उमरिया और जबलपुर से लगा शाहडार का जंगल भी रोमांचक यात्राओं का ठिकाना है। मेकल पर्वत पर सदानीरा मां नर्मदा का उद्गम स्थल ही नहीं, अपितु वहां का सघन वन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मध्य प्रदेश भारत का इकलौता राज्य है जहां सर्वाधिक 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्य प्रदेश सफेद बाघ मोहन का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल बढ़ानेवाले बालक मोगली का भी जन्मस्थान है।

सर विलियम हेनरी स्लीमन ने 'एन एकाउंट ऑफ वाल्वस नरचरिंग चिल्ड्रन इन देयर डेन्स' शीर्षक से लिखे अपने एक दस्तावेज में उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के जंगल (पेंच टाइगर रिजर्व) में मोगली का घर था। वाइल्ड लाइफ पर्यटन मध्य प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाता है। वन्य जीवों के संरक्षण के कारण मध्यप्रदेश के पास ह्यटाइगर स्टेटह्ल के साथ ही 'द लेपर्ड स्टेट' और 'घड़ियाल स्टेट' का दर्जा भी है। बाघ देखने के लिए न केवल देशभर से बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से भी लोग मध्यप्रदेश में आते हैं। भिंड और मुरैना के समीप स्थित चम्बल सफारी तो घडियाल संरक्षण का बड़ा केंद्र बन गई है। कभी डाकुओं के लिए कुख्यात रहे चंबल के बीहड़ अब डॉल्फिन के लिए प्रसिद्ध हैं। भारत में गंगा के बाद सबसे अधिक डॉल्फिन चंबल सफारी में पाए जाते हैं।

जनजातीय संस्कृति से साक्षात्कार करने का अवसर भी मध्य प्रदेश देता है। मंडला, उमरिया, छिंदवाडा, बालाघाट, झाबुआ और अनूपपुर में कई स्थान हैं, जो पर्यटन के तौर पर विकसित किये गए हैं। कुछ समय के लिए दुनिया की भागम-भाग से दूर प्रकृति की गोद में सुख की अनुभूति करने के लिए तामिया और पातालकोट जैसे स्थान भी हैं, जो आम पर्यटकों से छुपे हुए हैं। वहीं, मढ़ई, तवा, परसिली, हनुमंतिया जैसे अनेक स्थल भी हैं, जिन्हें पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बनाया जा रहा है। पर्यटकों द्वारा खोजे जा रहे नये पर्यटन स्थलों को भी व्यवस्थित करने में मध्य प्रदेश की सरकार अग्रणी है।

## इस गर्मी में परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए बेहतरीन 10 पर्यटन स्थल

**मनोज कुमार**

भारत में परिवार के साथ गर्मियों की छुट्टियां न केवल बंधन का समय है, बल्कि रोमांच और अन्वेषण का भी समय है। यह एक ऐसा समय है जब परिवार एक साथ मिलकर स्थायी यादें बनाते हैं और रोजमर्रा की ज़िंदगी की भागदौड़ से दूर बिताए गए बेहतरीन समय का आनंद लेते हैं। चाहे वह शांत पहाड़ियों पर जाना हो, धूप से नहाए समुद्र तटों पर आराम करना हो, या देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में खो जाना हो, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। परिवार रोमांचकारी रोमांच का आनंद ले सकते हैं, प्रकृति के बीच आराम से टहल सकते हैं।



### शिमला, हिमाचल प्रदेश

हिमालय में बसा शिमला एक आकर्षक हिल स्टेशन है जो अपनी औपनिवेशिक वास्तुकला, प्राकृतिक सुंदरता और सुखद जलवायु के लिए जाना जाता है। परिवार मॉल रोड पर आराम से सैर का आनंद ले सकते हैं, वाइसरीगल लॉज जैसे ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा कर सकते हैं और कुफरी और मशोबरा जैसे आस-पास के आकर्षणों की सैर कर सकते हैं।

### .मनाली, हिमाचल प्रदेश

मनाली बर्फ से ढके पहाड़ों, हरी-भरी घाटियों और घुमावदार नदियों के लुभावने दृश्य प्रस्तुत करता है। परिवार पैराग्लाइडिंग, रिवर राफ्टिंग और ट्रेकिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। इस शहर में प्राचीन मंदिर, गर्म पानी के झरने और जीवंत बाजार भी हैं।

### दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल

चाय के बागानों और हिमालय के शानदार नजारों के लिए मशहूर, दार्जिलिंग प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि का एक बेहतरीन मिश्रण है। परिवार प्रतिष्ठित दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे की सवारी कर सकते हैं, चाय बागानों की यात्रा कर सकते हैं, बौद्ध मठों की खोज कर सकते हैं और टाइगर हिल से मनोरम दृश्यों का आनंद ले सकते हैं।

### गंगटोक, सिक्किम

सिक्किम की राजधानी गंगटोक अपने शांत वातावरण, बौद्ध मठों और लुभावने नजारों के लिए प्रसिद्ध है। परिवार रमटेक मठ, त्सोमो झील और नामग्याल इंस्टीट्यूट ऑफ तिब्बतोलॉजी जैसे आकर्षणों की यात्रा कर सकते हैं। रोमांच के शौकीन लोग ट्रैकिंग या रिवर राफ्टिंग भी कर सकते हैं।

### ऊटी, तमिलनाडु

ऊटी, जिसे उधगमंडलम के नाम से भी जाना जाता है, नीलगिरी पहाड़ियों में एक आकर्षक हिल स्टेशन है। परिवार बॉटनिकल गार्डन की सैर कर सकते हैं, नीलगिरी माउंटेन रेलवे पर सवारी कर सकते हैं, सुरम्य ऊटी झील की सैर कर सकते हैं और डोड्डाबेट्टा पीक से मनोरम दृश्यों का आनंद ले सकते हैं।

### कोडाईकनाल, तमिलनाडु

पश्चिमी घाटों के बीच स्थित, कोडाईकनाल शांत झीलों, हरे-भरे जंगलों और धुंध भरी घाटियों से भरपूर है। परिवार कोडाईकनाल झील पर नौका विहार का आनंद ले सकते हैं, पिलर रॉक्स और कोकर्स वॉक जैसे सुंदर नजारों पर ट्रेकिंग कर सकते हैं और ब्रायंट पार्क और कुरिंजी अंडावर मंदिर जैसे आकर्षणों की खोज कर सकते हैं।

### मुन्नार, केरल

मुन्नार अपने विशाल चाय बागानों, धुंध भरी पहाड़ियों और प्रचुर वन्य जीवन के लिए प्रसिद्ध है। परिवार चाय संग्रहालय जा सकते हैं, मट्टुपेट्टी बांध के शांत पानी में नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं, इको पॉइंट तक ट्रेक कर सकते हैं

### नैनीताल, उत्तराखंड

सुंदर पहाड़ों से घिरा और खूबसूरत झीलों से युक्त, नैनीताल परिवारों के लिए एक आदर्श स्थान है। नैनी झील पर नौका विहार, नैना देवी मंदिर के दर्शन, स्नो व्यू पॉइंट तक हवाई रोपवे की सवारी और पंगोट और जिम कॉर्बेट गुरनी हाउस की खोज यहाँ की कुछ लोकप्रिय गतिविधियाँ हैं।

### लेह-लद्दाख

लेह-लद्दाख एक उच्च-ऊंचाई वाला क्षेत्र है जो अपने शानदार लेकिन मनमोहक परिदृश्यों, बौद्ध मठों और साहसिक अवसरों के लिए जाना जाता है। परिवार शे पैलेस, थिक्से मठ, पैंगोंग झील और नुब्रा घाटी जैसे आकर्षणों की यात्रा कर सकते हैं, तथा ऊँट सफारी और जांस्कर नदी में राफ्टिंग जैसी गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं।

### मैकलॉडगंज, हिमाचल प्रदेश

मैकलॉडगंज, जिसे लिटिल ल्हासा के नाम से भी जाना जाता है, दलाई लामा और निर्वासित तिब्बती सरकार का निवास स्थान है। परिवार नामग्याल मठ और त्सुगलागखांग कॉम्प्लेक्स जैसे मठों में जाकर, धौलाधार रेंज में ट्रेकिंग करके और स्थानीय बाजारों में तिब्बती हस्तशिल्प और कलाकृतियों की खरीदारी करके तिब्बती संस्कृति और आध्यात्मिकता का पता लगा सकते हैं।

# जीवन में रामत्व

**ऋचा सिंह**

**श्रीराम** को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है । लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजार्चन करते हैं । लेकीन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं वह अनुकरणीय हैं हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं । ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन स्थितियों में भी मयार्दा के नूतन आयाम स्थापित किए । राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया । उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु समान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे । जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा । राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं ।

जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है ,वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव ,विवाह , हवन, कीर्तन, मांगलिक अयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है ।ऐसे मयार्दा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं जो जन-जन के हृदय में बसते हैं । देखें तो राम ही त्यौहार हैं ,उल्लास हैं उत्सव हैं ,भक्ती हैं ,शक्ति हैं ,पूजा हैं ,ज्ञान हैं , प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तम्भ हैं । राम केवल जन-जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है । फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्तव्य निर्वहन हो । राम सिर्फ कहने में ही मयार्दा पुरुषोत्तम नहीं है बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष है वह जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं । राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन



आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है जो हर स्थिति में प्रासंगिक हैं । गुरु-शिष्य,राजा-प्रजा, स्वामी-सेवक,पिता-पुत्र ,पति-पत्नी, भाई-भाई, मित्र-मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति ,राजनीतिक, अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर, समन्वित आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में देखने को मिलता है।

आज ज्ञान, विज्ञान , तकनीकी ने कितनी भी प्रगति कर ली हो लेकिन जब व्यक्ति भावनात्मक रूप से खुद को कमजोर पाता है तब वह श्रीराम के जीवन आदर्शों में ही समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। राम तो प्रभु का अवतार थे लेकिन जब उन्होंने भी मानव शरीर में धरती पर जन्म लिया तब उन्हें भी सामाजिक, पारिवारिक, सांसारिक बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन राम ने हर स्थिति में स्थितप्रज्ञ होकर कभी मयार्दा का उल्लंघन नहीं किया। उनके जीवन में यह विशेष और अनुकरणीय है । राम का जीवन हर मानव के हृदय में मन मस्तिष्क में इसलिए बसा हुआ है क्योंकि उनकी कथाएं लोक में व्याप्त हैं । हजारों वर्षों से राम कथा का जतन एवं संवर्धन कलाओं के माध्यम से ,गीतों के माध्यम से, मंचन के माध्यम से आम जनमानस के बीच होता रहा है । देखा जाए तो लोक संस्कृति के विभिन्न प्रकारों में रामायण प्रदर्शित होता है जिसमें अपनी भिन्न-भिन्न परंपराएं,अपनी विशिष्ठ वेशभूषा , भाषा के साथ जन जीवन के कई आयाम देखने को मिलते हैं । जिससे जनमानस अपने आप को समृद्ध करता आया है । लोकमंगल की भावना में भी राम के जीवन की अनंत कहानियों द्वारा बच्चों में मूल्यों को रोपित करने की परम्परा चली आ रही हैं। राम के नाम के सहारे अनंत गीतों ,कहानियों, मनोभावों की जनमानस भावाभिव्यक्ति करता आया है।

राम केवल लोगों की भावनाओं में समाए हुए देव नहीं है जिनके प्रति सिर्फ आस्था रखकर पूजा किया जाय बल्कि राम सही मायने में उत्तम पुरुष हैं जो हमें जीवन जीना सिखाते हैं। राम का चरित्र ,आदर्श ,धर्म पालन ,नैतिकता और मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन हमें सदैव प्रेरणा प्रदान करता आया है,इसीलिए जनजीवन हर आयाम में हर कलाओं में राम के जीवन को उनके आदर्शों को प्रकट करता रहा है। हम देखें तो राम का जीवन ही ऐसा है जो जनमानस से रिश्ता जोड़कर रखता है।


श्रीराम के लिए समाज के सभी वर्ग समान थे, उनके लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं था जैसा हम उनके जीवन में पाते हैं कि निषाद राज , केवट , शबरी माता, जटायु बानर सेना इसके उदाहरण हैं । उनके राज्य में सभी वर्गों में समानता और समान अवसर प्राप्त थे सभी को अपने विचार अभिव्यक्त की स्वतंत्रता प्राप्त थी। राम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया उन्होंने प्रेम ,भाईचारे का संदेश दिया । राम का व्यक्तित्व ऐसा था जहां प्रेम और विश्वास में भिलनी माता शबरी अपने राम के लिए चख कर मीठे बेर एकत्र करती थीं इस आस में की भक्ति और प्रेम के भूखे उनके राजा राम एक दिन उनकी कुटिया में अवश्य आयेंगे। राम प्रेम के जूठे बेर ग्रहण कर ऐसे नैतिकता के सुकृत संदेश प्रेषित करते हैं जो लोक चेतना में आज भी जीवंत होकर व्यक्ति को नर से नारायण बनने की प्रेरणा देते हैं ।

श्रीराम का जीवन सामाजिक चेतना, समृद्धि ,सद्गुण और सहानुभुति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा स्रोत है। राम को पिता के वचन के लिए वैभवशाली जीवन त्याग करने में एक क्षण नहीं लगा । आज के युग में अपने छोटे से अधिकार को लोग त्यागना नहीं चाहते लेकिन राम ने समाज ,परिवार में पुत्र और भाई के रूप में एक आदर्श प्रस्तुत किया। राज्य छोटे भाई को सौंप कर राम ने भरत से न ही कभी ईर्ष्या की ओर न ही द्वेष बल्कि हमेशा भरत के प्रति प्रेम रखा और उन्हें राज संभालने के लिए प्रेरणा देते रहे। राम का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनमें संपूर्ण प्राणियों के लिए स्नेह और सम्मान का भाव था । राम मनुष्य से ही नहीं पशु ,पक्षियों और प्राकृति के प्रति भी स्नेह और लगाव रखते थे ।

कुछ प्रसंगों द्वारा हमें यह ज्ञात होता है कि माता सीता का हरण होने के बाद राम पशु पक्षियों और प्रकृति से भी संवाद कर रहे हैं और माता सीता के बारे में पूछ रहे हैं , राम सेतु निर्माण में गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग है , ऐसे अनगिनत प्रसंग हमें राम के जीवन से जुड़े हुए दिखाई और सुनाई पड़ते हैं जो समरसता, स्नेह और प्रेम के पर्याय हैं।

स्पीड न्यूज

### दयानंद पब्लिक स्कूल में आग, कई दमकलों ने काबू पाया



**जमशेदपुर।** दयानंद पब्लिक स्कूल, नार्दन टाउन के भवन में देर शाम शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग लग गयी। आग की लपटे देख कर स्थानीय लोगों ने टाटा स्टील दमकल विभाग को फोन किया। दमकल टीम पहुंची और काफी मेहनत करके आग पर काबू पाने में कामयाब हो पायी।

### प्रतिबंधित मांस मिलने से ग्रामीण भड़के, मारपीट



**गम्हरिया।** शुक्रवार की देर शाम गम्हरिया के दुग्धा गांव के झुरकुली रेलवे फाटक के समीप प्रतिबंधित मांस मिलने के क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इसमें ग्रामीण ही दो गुटों में बंट गये हैं जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई हैं। एक पक्ष गांव के ही कुछ युवकों पर गौ हत्या करने वाले लोगों का साथ देते हुए हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि इसको लेकर प्रथम पक्ष के सैकड़ो अधिक लोगों ने बस्ती के ही सुकुरमनी माझी के घर पर धावा बोल उसके पुत्र सोनाराम मार्डी को जबरदस्ती घसीट कर बाहर निकाल कर जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान बेटे को बचाने आई उसकी मां के साथ भी गाली गलौज व मारपीट की गई। मौके पर पहुंची गम्हरिया पुलिस द्वारा ग्रामीणों के चंगुल से उन्हें बचाया गया। इधर, इस मामले को लेकर दोनों पक्षो द्वारा शनिवार को गम्हरिया थाना में जमकर प्रदर्शन करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। एक पक्ष के ग्रामीणों के समर्थन में जुटे हिंदूवादी संगठन विहिप, बजरंग दल व भाजपा के कार्यकताओं ने थाना पर प्रदर्शन कर गौ हत्या पर रोक लगाने और इस हत्या में शामिल राजू मार्डी को अविलम्ब गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान थाना प्रभारी से लिखित शिकायत भी की गई है। वहीं दूसरे पक्ष का समर्थन झामुमो ने किया है। उनके समर्थन में ग्रामीणों के साथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष भोमरा माझी के नेतृत्व में गम्हरिया पहुंचे सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने थाना में जमकर हंगामा करते हुए 50 से अधिक लोगों को आरोपित करते हुए एफआरआई दर्ज कराकर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

### साक्ष्य के अभाव में दुष्कर्म के आरोपी बरी

**जमशेदपुर।** नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में जमशेदपुर कोर्ट ने दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। एडीजे-7 ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी लक्ष्मणदीप उर्फ लक्ष्मण और उसके साथको साक्ष्य के अभाव में बरी किया। इस मामले में कुल तीन लोगों की गवाही हुई थी। घटना 23 फरवरी 2014 की है जबकि पीड़ित ने 5 मार्च 2014 कोएमजीएम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि आरोपी ने नौकरी का झांसा दिया और एक कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया।

### बकरी चोरी के आरोप में दो युवक पिटाये, गंभीर

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत हरहरगुटटू पेट्रोल पंप के पास बकरी चोरी के आरोप में भीड़ ने दो युवकों की बुरी तरह पिटाई कर दी। घटना शुक्रवार देर शाम की है। घायल युवकों की पहचान कीताडीह निवासी सन्नी यादव और हरहरगुटटु निवासी चंदन मिश्रा के रुप में हुई है। बागबेड़ा पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और भीड़ फंसे युवकों को सुरक्षित निकाल कर सदर अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया जहां सन्नी यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। चंदन मिश्रा के मुताबिक वह अपने दोस्त सन्नी यादव के साथ टेम्पो में पैसेंजर लेकर महुलडीह गया था। वापसी में दोनों ने एक दुकान के पास सिगरेट पी जहां टेम्पो खड़ी करने को लेकर स्थानीय युवकों से कहा-सुनी हो गई। दोनों किसी तरह वहां से निकल गए किन्तु कुछ देर बाद 8 से 10 बाइक सवार युवकों ने उनका पीछा किया और भागने के क्रम में टेम्पो हरहर गुटटु पेट्रोल पंप के पास पलट गया।

# सिंहभूम चैंबर के प्लेटिनम जुबिली समारोह की तैयारी पूरी

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे उद्घाटन
- स्वागत के लिये फेसी ऑडिटोरियम तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, डीडीसी, एसडीओ व अन्य पदाधिकारी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला (इनसेट)।

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबिली समारोह का उद्घाटन रविवार, 25 मई को लोयला स्कूल के फेसी ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन मुण्डा एवं जमशेदपुर के सांसद श्री विद्युतबरण महतो उपस्थित रहेंगे।

झारखंड सरकार के जनसंपर्क विभाग के मुताबिक लोकसभा के माननीय सभापति (स्पीकर) श्री ओम बिरला रविवार, दिनांक 25 मई, 2025 का सुबह 9:10 बजे (दिल्ली से) रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका आगमन होगा। तत्पश्चात वे सुबह 9:20 पर बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद दिन के 12:15 से, दोपहर 2:00 बजे तक, जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के फैसी सभागार में सिंघभूम चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात वे वापस दोपहर 3:15 बजे जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे से रांची के लिए लौटेंगे। रांची में शाम 5:45 बजे से 7:40 बजे तक डांगरटोली के स्वर्ण भूमि में विभिन्न समूहों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इधर, चैम्बर के मानद महासचिव मानव केडिया ने जानकारी देते हुये कहा कि उद्घाटन समारोह की पूरी तैयारियां कर ली गई है तथा कायक्रम स्थल लोयला स्कूल फेसी ऑडिटोरियम को भी मुख्य अतिथि श्री ओम बिरला एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत कि लिये पूरी तरह सजा लिया गया है। इसके लिये चैम्बर पदाधिकारियों, कार्यकारिणी समिति तथा सदस्यों ने लगभग एक महीने पूर्व प्लेटिनम जुबिली समारोह तथा इसके उद्घाटन की तैयारियां शुरू कर दी थी। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की पूरी टीम ने भी कार्यक्रम स्थल और कार्यक्रम के एक दिन पूर्व शनिवार, 24 मई को चैम्बर भवन का भी निरीक्षण किया।

अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि चैंबर के प्लेटिनम जुबिली समारोह महीने भर चलने वाला है जिसका आगाज कल मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा होगा। यह एक ऐसा पल है जब चैम्बर के हर सदस्य गर्व की अनूभूति महसूस कर रहा है।

## कार्यक्रम में आने के इच्छुक लोगों के लिए आवश्यक सूचना

- आगंतुक 11.30 बजे तक ऑडिटोरियम में अपना स्थान ग्रहण कर लें
- गाड़ियों की पार्किंग हेतु बेल्डीह क्लब और बीओसी गोल्फ ग्राउण्ड में व्यवस्था रहेगी तथा
- बुजुर्गों के लिये परेशानी से बचने के लिये लोयला स्कूल गेट से ऑडिटोरियम तक जाने के लिये बैटरी कार की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी
- कार्यक्रम में बच्चों की इन्ट्री तथा ऑडिटोरियम के अंदर किसी भी तरह के खाने-पीने की चीजें की सख्त मनाही होगी तथा वहां मोबाईल यूज करने की किसी को ईजाजत नहीं होगी या मोबाईल फोन साईलेंट अवस्था में रखना होगा।
- चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया, भरत मकानी, बिनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिपु, कोषाध्यक्ष सीए. अनिल रिंगसिया ने सभी सदस्यों एवं आमंत्रित व्यापारी उद्यमियों से आग्रह किया है वे इस अवसर पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल और यादगार बनायें।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव चर्चा की नहीं भारत की जरूरत है : रघुवर दास

- सांसद विद्युत महतो की अगुवाई में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर बिष्टुपुर तुलसी भवन में संगोष्ठी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





सेमिनार को संबोधित करते झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास।

**जमशेदपुर।** एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा, महत्व, चुनौतियों और संभावनाओं पर व्यापक चर्चा करने के उद्देश्य से शनिवार को जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के नेतृत्व में आयोजित इस सेमिनार में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

सेमिनार में में प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, मुरलीधर केडिया, विकास सिंह, संतोख सिंह, जितेंद्र सिंह, अशोक गुप्ता एवं अरुण सिंह समेत शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), अधिवक्ता संघ, विभिन्न व्यवसायी संघ और प्रबुद्धजनों के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकगण एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान वक्ताओं ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को भारत के लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। इससे पहले, भारत माता के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से अब तक देश को विरासत में मिली अनेक समस्याओं का एक-एक कर समाधान किया है उन्होंने कहा कि धारा 370 की समाप्ति हो, राम मंदिर निर्माण जो पांच शताब्दियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का प्रतीक है या व्यापारियों को टैक्स जाल से मुक्त करने के लिए वन नेशन, वन टैक्स के तहत जीएसटी लागू करना हो, मोदी सरकार ने हर मोर्चे पर ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। तीन तलाक पर कानून बनाना, गरीबों को एक देश, एक राशन कार्ड जैसी सुविधा देना और अब वन नेशन, वन इलेक्शन की पहल। यह सब दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल सुधार की बात नहीं करते, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर दिखाते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि यह विचार नया नहीं है। भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी और वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं के नेतृत्व काल से ही भाजपा इसका समर्थन करती रही है। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी प्रक्रिया के चलते देश में कहीं न कहीं आचार संहिता लगती रहती है, जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो बात कही है, वह केवल चर्चा का विषय नहीं है बल्कि यह आज के भारत की जरूरत है। एक राष्ट्र एक चुनाव से हजारों करोड़ रुपये की बचत देश को होगी।

## चाईबासा : सड़कों पर लगेगी स्ट्रीट लाइट, सूखे पेड़ हटायेगा वन विभाग

- पश्चिम सिंहभूम समहरणालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**






**जमशेदपुर/चाईबासा।** शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं एसपी आशुतोष शेखर की संयुक्त अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें जिला के तीनों एसडीओ, डीटीओ, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सदर चाईबासा व चक्रधरपुर एसडीपीओ, नगरपालिका कार्यपालक पदाधिकारी, सड़क सुरक्षा हितधारक विभाग- शिक्षा/ स्वास्थ्य/ सड़क निर्माण के संबंधित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में डीटीओ राजेश एक्का ने पीपीटी से सड़क दुर्घटना से संबंधित आंकड़ा, विगत वर्षों के दुर्घटना के आंकड़े तथा उससे होने वाली मृत्यु दर, साथ ही विगत तथा वर्तमान वर्ष के तुलनात्मक दुर्घटना के आंकड़ों को प्रस्तुत किया गया।

## पोटका: फुलझड़ी गांव में दो भाई बहनों की डोभा में डूबने से मौत

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** कवाली थाना क्षेत्र के हरिणा पंचायत अंतर्गत फूलझरी गांव के छोटा तालाब (डोभा) में डूबकर दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। घटना शनिवार दिन के 1 बजे की है। जानकारी अनुसार संजीत सरदार की बेटी रस्मिता सरदार (3 वर्ष) तथा भाई राजेश सरदार का पुत्र आशीष सरदार (डेढ़ वर्ष) है।

दोनों भाई-बहन खेलने के दौरान बतख देखने घर से थोड़ी दूर डोभा (गढ़िया) की ओर गये।





इस वक्त बच्चों की मां घर में खाना बना रही थी। इधर थोड़ी देर बाद डोभा से गुजरते वक्त ग्रामीण ने देखा कि दोनों बच्चे पानी में उफल रहे हैं।

उसने इसकी सूचना गांव में दी। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बच्चों की पहचान रस्मिता और आशीष के रूप में हुई। बच्चों के माता-पिता भी घटनास्थल पहुंचे एवं बच्चों को पानी से उठाकर घर लाये। घर में बच्चों की स्थिति गंभीर देखते हुए तुरंत हाता स्थित तारा सेवा सदन नर्सिंग लाया गया। यहां चिकित्सिय जांच में दोनों मासूम बच्चों की मौत की पुष्टि हुई।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज

- संविधान कैसे खतरे में बतायेंगे प्रदेश प्रभारी के राजू
- साकची पोस्ट ऑफिस के सामने वाले मैदान में रैली की तैयारी पूरी : राकेश तिवारी- आनंद बिहारी दुबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जानकारी देते जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे व प्रदेश सचिव राकेश तिवारी।

**जमशेदपुर।** जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर प्रेस वार्त्ता होटल गंगा रिजेंसी में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं प्रदेश सचिव सह पर्यवेक्षक साकची प्रखंड राकेश तिवारी ने की। कहा कि जमशेदपुर के साकची में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली 25 मई को अपराह्न 3 बजे से होगा। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी के राजू, सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद, सांसद गुरमीत सिंह सप्पल, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद राज्यसभा प्रदीप बलमुचू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं वरिष्ठ नेतागण रैली को संबोधित करेंगे। नेताद्वय ने जमशेदपुर के आम नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से रैली में आकर देश के सामने उत्पन्न हो रहे खतरे पर कांग्रेस के विचारों को जानने की अपील की है।

## भारतीय जन नाट्य संघ बालीजुड़ी में डायन प्रथा समेत महिलाओं के शोषण के खिलाफ आज करेगी नाट्य प्रस्तुति

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**जादूगोड़ा।** जमशेदपुर की भारतीय जन नाट्य संघ जादूगोड़ा से सटे बालीजुड़ी में नाटक के जरिए डायन प्रथा समेत महिलाओं के शोषण के खिलाफ समाज को आईना दिखाएगी ताकि महिलाओं के शोषण को लेकर समाज के नजरिये को बदला जा सके। जिसको लेकर शोषितों का रंगमंच नामक शीर्षक के मार्फत भारतीय जन नाट्य संघ नाटक, गीत प्रस्तुत कर समाज में घटित घटनाओं में बच्चों व स्त्रियों की बात को रंग कर्मी व कलाकार लोगो के बीच चेतना जगायेंगे। जिसकी लेकर घाटशिला, जमशेदपुर से आए कलाकार छह दिवसीय कार्यशाला के जरिए अभ्यास ने जुटे है। कल रविवार को जादूगोड़ा से सटे बालीजुडी पंचायत भवन मैदान में अपनी प्रस्तुति करेंगे। उक्त जानकारी स्वैच्छिक संस्था जन नाट्य संघ की प्रमुख अर्पिता ने दी।

# 2018 की शराब नीति अपनाकर सरकार ने स्वीकार की भाजपा सरकार की नीति की श्रेष्ठता : रघुवर दास

- कहा- सख्ती से हो पालन तभी आयेंगे सकारात्मक परिणाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने शनिवार को जमशेदपुर के एग्रिको स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हेमंत सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में बनायी गयी नीतियां ही राज्यहित और जनहित में सर्वश्रेष्ठ थीं। इसका सबसे ताजा प्रमाण हाल ही में राज्य सरकार द्वारा पारित झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली 2025 है। श्री दास ने कहा कि इस नई नियमावली में स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया है कि उनकी सरकार द्वारा वर्ष 2018 में बनायी गई शराब नीति सबसे बेहतर और व्यावहारिक थी। यही वजह है कि



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

वर्तमान सरकार ने 2025 की नीति को बनाते समय 2018 की नीति को ही मुख्य आधार बनाया है। यह स्वीकारोक्ति इस बात का प्रमाण है कि भाजपा शासनकाल की नीतियां राजस्व वृद्धि में सहायक थी और राज्य की छवि को सशक्त और जिम्मेदार भी बनाती थीं। उन्होंने बताया कि 2018 में जब यह नीति लागू की गई, तब राज्य का शराब से राजस्व 1082 करोड़ रुपये था, जो मात्र एक वर्ष में दोगुना होकर 2019-20 में 2009 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह अपने-आप में हमारी नीति की सफलता और दूरदर्शिता का प्रमाण है।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने के बाद दो बार शराब नीति में बदलाव किया, लेकिन दोनों बार ही असफल रही। अंततः अब फिर से हमारी ही नीति की ओर लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार करना ही होगा कि भाजपा शासनकाल में बनाई गई नीतियां ही झारखंड के लिए व्यावहारिक और लाभकारी थीं।

## एक नजर में

### कैंसर से हुए अवसाद ने खत्म कर दिया पूरे परिवार को, अंत्येष्टि संपन्न



**आदित्यपुर।** शुक्रवार की रात थाना अंतर्गत गम्हरिया चित्रगुप्त नगर में टाटा स्टील के अधिकारी कैंसर पीड़ित कृष्ण कुमार के सपरिवार आत्महत्या मामले में नया खुलासा हुआ है जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। मालूम हो कि कृष्ण कुमार कैंसर पीड़ित थे, और उन्हें डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। दो दिन पूर्व मुंबई से ईलाज कराकर लौटे थे। गुरुवार को ही उन्होंने 28 वर्षीय पत्नी डोली देवी, 13 वर्षीय पुत्री कृतिका कुमारी एवं चार वर्षीय पुत्री मइया के साथ अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शुक्रवार को जब उनका दरवाजा नहीं खुला तब परिजनों को शक हुआ और इसकी जानकारी पुलिस को दी। जहां देर रात मौके पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस ने गम्हरिया अंचल अधिकारी की मौजूदगी में कृष्ण कुमार के कमरे का दरवाजा तोड़ा और अंदर प्रवेश किया जहां अंदर प्रवेश करते ही सभी के होश उड़ गए. कृष्ण कुमार अपनी पत्नी और दो नाबालिग बेटियों के साथ फंदे पर झूलते नजर आए। इसी क्रम में पुलिस के हाथ एक सुसाइडल नोट भी लगा है जिसमें कृष्ण कुमार ने आत्महत्या के पीछे कैंसर रोग को बताया है। साथ ही उन्होंने इलाज में अपने परिवार, ससुराल वालों एवं कंपनी के कुछ साथियों के नाम का जिक्र किया है जिन्होंने उन्हें ईलाज में मदद नहीं की जिससे तंग आकर उन्होंने सपरिवार आत्महत्या किए जाने का जिक्र किया है। इधर शनिवार को चारों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार सभी शवो का बिष्टुपुर पार्वती घाट में अंत्येष्टि कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक किसी ने पुलिस को आवेदन नहीं दिया है। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि सुसाइडल नोट के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उधर कृष्ण कुमार के घर पर ताला लगा होने के कारण परिवार वालों का पक्ष नहीं लिया जा सका। हालांकि मृतक के पिता ने शुक्रवार को मीडिया कर्मियों को बताया था कि अपने बेटे के इलाज में उन्होंने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। दो दिन पूर्व ही फ्लाइट से उन्हें मुंबई लेकर गया था वहां चिकित्सकों ने कीमो थेरेपी कराने की बात कही थी। इसपर पुत्र ने जमशेदपुर में ही इलाज कराने की बात कही और फ्लाइट से ही वापस शहर लौटे थे। इसी बीच गुरुवार को ही उसने यह कदम उठा लिया। इस घटना के बाद परिजनों में मातम छाया हुआ है।

### मुसाबनी : ग्रामीण एसपी ने डायन अंधविश्वास के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पारुलिया में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के द्वारा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में अंधविश्वास, डायन प्रथा रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने ग्रामीणों से कहा कि डायन के नाम पर किसी भी इंसान को प्रताड़ित करना, जघन्य अपराध है। इसमें शामिल लोगों को सख्त से सख्त सजा देने का प्रावधान है। यह अंधविश्वास प्रगतिशील समाज के माथे पर एक कलंक है।

### श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो ने कहा कि इस तरह के खेलकूद से एक ओर जहां विद्यार्थियों को अच्छा स्वास्थ्य मिलता है वही उनमें दलीय भावना का भी विकास होता है जिससे उनमे एकजुटता भी बढती है। मौके पर अतिथि के रूप में श्रीनाथ विश्वविद्यालय के डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे राजेश, एच आर प्रबंधक रविकांत, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष शशिकांत सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ शैलेश सारंगी इत्यादि उपस्थित रहे। बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं के अतिरिक्त महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ भाव्या भूषण तथा सहायक प्राध्यापक समारोह में उपस्थित थे। इसमें खेल (स्पोर्ट्स) शिक्षक श्री सूर्यजीत सिंह का योगदान उल्लेखनीय रहा।

### सीएम साहेब, गांवों में शराब की दुकानें खोल कर आदिवासी समाज को बर्बाद न करें : राम सिंह मुंडा

**जमशेदपुर।** आदिवासी सुरक्षा परिषद जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष राम सिंह मुंडा ने झारखंड के सीएम को पत्र लिख कर ग्रामीण इलाकों में शराब की दुकाने खोलने के निर्णय का विरोध किया है। मुंडा ने कहा है कि सरकार झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकान खोल कर,ग्रामीणों को मौत के मुंह में धकेलने का काम ना करें। झारखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले, आदिवासी, मूलवासी किसान मजदुर छात्र, युवा वर्ग, का मासिक/वार्षिक आय का स्रोत,इतना नहीं है कि आपके द्वारा खोले जाने वाले सरकारी शराब का सेवन कर सके, आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में आय का स्रोत मुख्य रूप से खेती बाड़ी, मजदूरी, छोटा व्यापार, वन उपज पत्ता दातून बेचना, सुखी लकड़ी बेचना, महुआ चुनना, मुर्गा, मुर्गी, बकरी पालना ही मुख्य पेशा है। झारखंड के गांवों से अनेकों युवक बेरोजगारी के कारण, अन्य अन्य राज्यों में पलायन कर मजदूरी कर रहे हैं, ऐसे में राजस्व प्राप्ति के लिए, शहर से लेकर गांवों तक शराब दुकान खोलना कहीं से भी उचित नहीं है। मुंडा ने पत्र में लिखा है, मुख्यमंत्री जी झारखण्ड के आपराधिक मामलों की जानकारी ले लें हत्या, डकैती, चोरी, छिनताई, बलात्कार, छेड़खानी, मारपीट, गाली गलौज जैसे अपराधिक घटनाओं को अंजाम शराब के नशे में ही दिया जाता है, और एक बार कोई भी व्यक्ति नशा का आदि हो जाने पर, एक बसा बसाया घर बर्बाद होने में देर नहीं लगती है। अनेकों नशेड़ी अपना पत्नी और बच्चों को भी छोड़ देते हैं, बच्चों के शिक्षा पर असर पड़ता है, मुख्यमंत्री जी झारखंड के ग्रामीणों को अंग्रेजी शराब का लत लगा कर मीठी धीमी जहर देने का काम ना करें।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित, साई-अर्शदीप नये चेहरे, करुण नायर की वापसी

# शुभमन गिल को टेस्ट की कमान, पंत उप कप्तान

एजेंसी

**मुंबई।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान चुना गया है। वहीं, ऋषभ पंत टेस्ट में नये उपकप्तान हैं। गिल भारत के 37वें टेस्ट कप्तान हैं। इसके अलावा करुण नायर की आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। शार्दुल ठाकुर भी भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। इसके अलावा भारतीय-ए टीम के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को भी मौका दिया गया है। साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह टेस्ट टीम में दो नए चेहरे हैं। भारतीय टीम में छह मुख्य बल्लेबाज, दो विकेटकीपर बल्लेबाज, दो स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर, दो पेस बॉलिंग ऑलराउंडर और पांच मुख्य तेज गेंदबाज और एक विशेषज्ञ स्पिनर है।

### भारतीय टीम का शेड्यूल

भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जायेगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नये विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत भी हो जाएगी।



## करुण की 7 साल तो शार्दुल की 16 महीने बाद वापसी



करुण नायर को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उनकी भारतीय टीम में सात साल बाद वापसी हुई है। इसके अलावा ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को भी घरेलू टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। उनकी 16 महीने बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी हुई है। वहीं, टेस्ट में अब भारत को एक नई स्पिन जोड़ी देखने को मिलेगी।

### बुमराह को नहीं बनाया गया कप्तान

रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद से ही गिल को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि, कई पूर्व क्रिकेटर्स ने जसप्रीत बुमराह का भी पक्ष लिया था। टीम का एलान करते समय अगरकर ने कहा, बुमराह आस्ट्रेलिया दौरे पर पहले उपकप्तान और फिर कप्तान भी रहे, लेकिन कप्तानी करते वक्त उन पर अतिरिक्त दबाव रहता है। वह हमारे लिए एक खिलाड़ी के तौर पर ज्यादा जरूरी हैं। हम चाहते हैं कि वह फिट रहें और जीत में योगदान दें। कप्तानी करते हुए खुद की गेंदबाजी के अलावा 15-16 लोगों को मैनेज करना होता है और हम उन पर दबाव नहीं डालना चाहते थे। वहीं, केएल राहुल को कप्तान नहीं बनाने को लेकर अगरकर ने कहा कि वह पहले कप्तान रह चुके हैं और हमारे रडार में उनका नाम नहीं था। हम एक ऐसे कप्तान को चाहते थे जो आगे कुछ समय तक भारतीय टीम का नेतृत्व कर सके।

### तीन को किया गया बाहर

इतना ही आस्ट्रेलिया दौरे पर गई टीम इंडिया से कुछ खिलाड़ियों को बाहर भी किया गया है। इनमें सरफराज खान, देवदत्त पडिक्कल, हर्षित राणा शामिल हैं। ये तीनों आस्ट्रेलिया दौरे पर शामिल थे। पडिक्कल इस वक्त चोटिल चल रहे हैं और आइपीएल से भी बाहर हो चुके हैं। आरसीबी ने उनकी जगह मयंक अग्रवाल को शामिल किया है। सरफराज और हर्षित को इंग्लैंड दौरे पर जा रही ए टीम में जगह दी गई है, लेकिन मुख्य टीम में वे जगह बनाने में नाकाम रहे। इनकी जगह जिन पांच नये खिलाड़ियों ने ली, उनमें साई सुदर्शन, करुण नायर, शार्दुल ठाकुर, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव शामिल हैं। ऐसे में दो और खिलाड़ी भारतीय टेस्ट में जगह बनाने में कामयाब रहे।

### गिल ने आस्ट्रेलिया में किया था टेस्ट डेब्यू

गिल ने टेस्ट में 2020-21 में आस्ट्रेलिया दौरे पर डेब्यू किया था। गाबा में टेस्ट में उन्होंने 91 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। इस मैच को जीतकर अजिंक्य रहाणे की टीम इंडिया ने आस्ट्रेलिया पर 2-1 की अजेय बढ़त हासिल की थी। तब से लेकर अब तक गिल ने 32 टेस्ट में 35.03 की औसत से 1893 रन बनाए हैं। इसमें पांच शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने 210 चौके और 31 छक्के लगाए हैं। हालांकि, भारत से बाहर गिल का रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है। खासतौर पर इंग्लैंड में गिल कुछ खास नहीं कर पाए हैं। वहां उन्होंने दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल भी खेले हैं। इंग्लैंड में तीन मैचों में उन्होंने 15 से कम की औसत से 88 रन बनाए हैं। आस्ट्रेलिया में गिल ने छह टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 35.20 की औसत से 352 रन बनाए हैं।

### स्पिन में नई जोड़ी, जडेजा के साथ कुलदीप यादव गेंदबाजी करते दिखेंगे



भारतीय टीम लंबे समय बाद अश्विन और जडेजा को एक साथ गेंदबाजी करते नहीं देखेगी। ऐसा नहीं है कि दोनों हमेशा ही साथ खेलते थे, लेकिन यह था कि किसी टेस्ट में दोनों साथ दिखेंगे ही। अश्विन ने पिछले साल आस्ट्रेलिया दौरे पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद तनुष कोटियान को आस्ट्रेलिया दौरे के लिए अश्विन का रिप्लेसमेंट बनाया गया था। हालांकि, अब इंग्लैंड दौरे पर जडेजा के साथ कुलदीप यादव गेंदबाजी करते दिखेंगे। या हो सकता है भारतीय टीम जडेजा के साथ वॉशिंगटन सुंदर को मौका दे।

### शार्दुल ठाकुर ने रणजी ट्रॉफी में बरपाया था कहर

पांव की सर्जरी के बाद वापसी करने पर शार्दुल ने मुंबई की तरफ से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने रणजी में नौ मैचों में 505 रन बनाए थे और 35 विकेट लिए थे। आईपीएल नीलामी में नहीं चुने जाने के बाद ठाकुर ने काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए एसेक्स के साथ अनुबंध किया था। हालांकि, शार्दुल ने पहले ही एसेक्स को बता दिया था कि अगर आईपीएल की कोई फ्रेंचाइजी अगर किसी चोटिल खिलाड़ी के स्थान पर उन्हें अपनी टीम में शामिल करती है तो वह यह प्रस्ताव स्वीकार कर लेंगे। मोहसिन के रिप्लेसमेंट के तौर पर शार्दुल लखनऊ की टीम में शामिल हुए। शार्दुल ने भारत के लिए 11 टेस्ट खेले हैं और 19.47 की औसत से 331 रन बनाए हैं। इसमें चार अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा वह 31 विकेट ले चुके हैं। 61 रन देकर सात विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शार्दुल ने भारत के लिए पिछला टेस्ट दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके घर पर खेला था।

### गिल ने किस देश में कितने रन बनाये

| देश | मैच | 100 | 50 | सर्वश्रेष्ठ | रन | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्ट्रेलिया | 6 | 0 | 2 | 91 | 352 | 35.20 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 0 | 110 | 157 | 39.25 |
| इंग्लैंड और वेल्स | 3 | 0 | 0 | 28 | 88 | 14.67 |
| भारत | 17 | 4 | 5 | 128 | 1177 | 42.04 |
| दक्षिण अफ्रीका | 2 | 0 | 0 | 36 | 74 | 18.50 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 0 | 0 | 29* | 45 | 22.50 |
| कुल | 32 | 5 | 7 | 128 | 1893 | 35.06 |

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

## शानदार तरीके से अभियान का समापन करने उतरेंगी केकेआर और एसआरएच

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन के अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी।

दोनो ही टीमे प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है, जिससे मैच नंबर 68 प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। हालांकि, दोनों फ्रेंचाइजी इस साल के टूर्नामेंट में विपरीत प्रदर्शन के बावजूद सकारात्मक प्रदर्शन के साथ अभियान को समाप्त करना चाहेंगी। हैदराबाद ने खराब शुरूआत के बावजूद अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। इस बीच, गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स इस सीजन में लय हासिल करने में विफल रही है और 13 मैचों में से पांच जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। आरसीबी के खिलाफ उनका सबसे हालिया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो गयीं।

## गुजरात की नजरें शीर्ष दो में जगह बनाने पर



एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स रविवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 67वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगी। हाल ही में मिली हार के बाद, गुजरात पर लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए इस मैच को जीतने का दबाव है। गुजरात ने 13 मैचों में 17 अंकों के साथ पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है।

हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार ने शीर्ष दो में जगह बनाने की उनकी कोशिशों को झटका दिया है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से मिली हार की बदौलत, जीटी अभी भी बढ़त बनाए हुए है।

## प्लेऑफ में जगह बना चुकी टीमों की हार का सिलसिला जारी, दिल्ली से हारी पंजाब

एजेंसी

**जयपुर।** आइपीएल 2025 के प्लेऑफ में पहुंच चुकी टीमों के हार का सिलसिला जारी है। गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बाद पंजाब किंग्स को भी हार झेलनी पड़ी है। दिल्ली कैपिटल्स ने सवाई मान सिंह स्टेडियम पर पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराया। पहले खेलते हुए पंजाब किंग्स ने 8 विकेट पर 206 रन बनाए थे। दिल्ली कैपिटल्स ने आखिरी ओवर में मुकाबला अपने नाम कर लिया। बल्ले से दिल्ली के लिए समीर रिजवी और करुण नायर हीरो रहे। युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने आइपीएल में अपनी पहली फिफ्टी लगाई। 22 गेंदों पर रिजवी फिफ्टी तक पहुंचे। वह 25 गेंद पर 58 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी पारी में रिजवी ने 3 चौके और 5 छक्के लगाए। करुण नायर के बल्ले से 27 गेंद पर 44 रनों की पारी निकली। उन्होंने 5 चौके और 2 छक्के मारे। पंजाब किंग्स के लिए मार्कस स्टोइनिस के 16 गेंद में नाबाद 44 रन और श्रेयस अय्यर ने 34 गेंद में 53 रन बनाये। स्टोइनिस ने अपनी ताबड़तोड़ पारी में चार छक्के और तीन चौके जड़कर पंजाब को 200 रन के पार पहुंचाया। टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने वाली दिल्ली को पहली सफलता जल्दी ही मिली जब प्रियांश आर्य (छह) ने मुस्तफिजुर रहमान की शॉर्ट गेंद पर विकेटकीपर ट्रिस्टन स्टब्स को कैच थमा दिया। जोश इंगलिस ने मुकेश कुमार को दो चौके लगाकर शुरूआत की जबकि प्रभसिमरन सिंह ने



मुस्तफिजुर को चौका लगाया। इंग्लिस ने इसके बाद बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज को डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में छक्का लगाया। प्रभसिमरन ने मोहित शर्मा को दो चौके लगाये। पावरप्ले के आखिरी ओवर में विराज निगम को इंगलिस ने एक छक्का और एक चौका लगाया लेकिन फिर गुगली पर चकमा खा गए और स्टब्स ने कुशल स्टम्पिंग का नमूना पेश करके उन्हें पवेलियन भेजा। इसके बाद पंजाब के कप्तान अय्यर क्रीज पर आये और चौके के साथ खाता खोला। इस बीच प्रभसिमरन ने कुलदीप यादव की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया और फिर निगम को भी नहीं बख्शा। निगम ने हालांकि उनकी पारी का नौवे ओवर में अंत किया।इसके बावजूद अय्यर विचलित नहीं हुए और कुलदीप को स्लॉग स्वीप पर डीप मिडविकेट में छक्का लगाया। निगम ने दसवां ओवर किफायती डाला। पंजाब ने दस ओवर में तीन विकेट पर 97 रन बनाये थे। शशांक सिंह को मुस्तफिजुर ने स्टब्स के हाथों लपकवाया। मुकेश ने हालांकि अगले ओवर में दो छक्के, दो चौके और तीन अतिरिक्त समेत 25 रन दे डाले। अय्यर को कुलदीप ने मोहित के हाथों लपकवाकर पवेलियन भेजा। मोहित ने इससे पहले स्टोइनिस का कैच छोड़ा था जिन्होंने उनके ओवर में 22 रन निकाले।

## भारतीय जूनियर हॉकी के सहायक कोच नियुक्त हुये बिरेन्द्र

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व स्टार खिलाड़ी बिरेन्द्र लाकड़ा को भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। 35 वर्षीय अनुभवी डिफेंडर अब टीम के मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के साथ मिलकर युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। खिलाड़ी से कोच बनने की इस नई भूमिका में लाकड़ा का अनुभव टीम की डिफेंस संरचना और मैच टेम्परामेंट को मजबूत करने में सहायक होगा। यह नियुक्ति खास तौर पर एफआइएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 को ध्यान में रखते हुए की गई है, जो 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित होगा।

## सीएमपीडीआइ में संविदा कर्मियों के लिए फुटबॉल मैच का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के खेल मैदान में संस्थान के संविदा कर्मियों के लिए फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। फुटबॉल मैच-2025 के विजेता टीम अमर-11 को सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने मेडल एवं प्रतीक चि?न देकर पुरस्कृत किया जबकि उप-विजेता टीम अविनाश-11 को संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी तथा मैच आफिसियल्स को निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार ने मेडल एवं प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया।




सीएमपीडीआई के संविदा कर्मियों के लिए आयोजित फुटबॉल मैच में अमर-11 बनाम अविनाश-11 का मुकाबला हुआ। मैच के पूर्वार्द्ध में सर्वप्रथम अमर-11 की टीम के कप्तान अमर ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। जवाब में अविनाश-11 की टीम ओर से अविनाश ने गोल दाग कर टीम को बराबरी पर ला दी। पुनः अमर-11 की टीम के कप्तान अमर ने एक गोल और करके अपनी टीम को 2-1 पर ला खड़ा किया। उत्तरार्द्ध मैच के दौरान मैच बहुत ही संघर्षपूर्ण रहा और कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। मैन ऑफ द मैच का खिताब अमर-11 की टीम के कप्तान अमर को नवाजा गया। इसके पूर्व संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी एवं निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल को खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय कडम्बार ने किया।

## श्रीकांत की चीनी खिलाड़ी ली शिफेंग से होगी भिड़ंत

एजेंसी



**कुआलालंपुर।** रतीय शटलर किदांबी श्रीकांत शनिवार को मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के युशी तनाका पर सीधे गेम में जीत के साथ छह साल में बीडब्ल्यूएफ इवेंट में अपने पहले पुरुष एकल फाइनल में पहुंचे। 2023 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता 32 वर्षीय श्रीकांत ने शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने अपने पुराने फॉर्म की झलक दिखाते हुए तेज नेट प्ले और आक्रामक शॉट-मेकिंग के साथ दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी तनाका को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 24-22 से हराया। 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहने के बाद श्रीकांत का यह पहला विश्व टूर फाइनल है। उनका आखिरी खिताब 2017 में आया था, जिस साल उन्होंने चार रजत पदक जीते थे। कभी विश्व में नंबर 1 रहे श्रीकांत हाल के वर्षों में फॉर्म और फिटनेस में गिरावट से जूझते हुए रैंकिंग में 65वें स्थान पर खिसक गए हैं। छह साल के अंतराल के बाद फाइनल में पहुंचने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए श्रीकांत ने कहा, काफी खुश हूं। शारीरिक रूप से, मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं, लेकिन यह भी सच है कि मैंने पिछले साल बहुत ज्यादा मैच नहीं खेले हैं, क्वालीफाइंग खेल रहा हूं, इसलिए शायद मैच खेलने का वह अनुभव खो गया हूं। और हां, इस बार किसी तरह सब ठीक हो गया। उन्होंने कहा, मैंने पिछले महीने कड़ी मेहनत की है। बहुत लंबे समय के बाद मिली ये जीत ही मेरी भावनाएं हैं। पूर्व विश्व नंबर-1 किदांबी श्रीकांत पिछले कुछ सत्रों में फॉर्म और फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण खराब दौर से गुजर रहे थे। किदांबी श्रीकांत अब रविवार को फाइनल में चीन के ली शि फेंग से भिड़ेंगे। दोनों खिलाड़ियों के बीच आमने-सामने का रिकॉर्ड चीनी खिलाड़ी के पक्ष में है, जिसने चार मुकाबलों में तीन जीत दर्ज की हैं।

## पाटीदार और कमिंस पर धीमी ओवर गति के लिए जुमार्ना



लखनऊ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच में धीमी ओवर गति के लिये जुमार्ना लगाया गया है। शुक्रवार रात भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम के मैच नंबर 65 के दौरान हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी पर धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिये यह जुमार्ना लगाया गया।

## चैंबर की बैडमिंटन प्रतियोगिता 22 जून से

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से शनिवार को चैम्बर भवन में बताया गया कि 22 जून को चैंबर द्वारा सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ एक बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ रांची डिस्ट्रिक्ट के साथ मिलकर आयोजित होगी। मौके पर बैडमिंटन टूर्नामेंट का पोस्टर विमोचन भी किया गया। चैंबर अध्यक्ष परेश गप्तानी एवं महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि यह टूर्नामेंट खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह खेल राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। उप समिति चेयरमैन अरुण भर्तिया एवं गौतम शाही ने संयुक्त रूप से कहा कि इस खेल से सरकार और व्यापारियों के बीच आपसी समन्वय और मजबूत हो सकेगा। टूर्नामेंट में सरकार के विभाग को भी आमंत्रण देने की बात पर चर्चा की गई। साथ ही स्कूल एवं कॉलेज को भी इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। टूर्नामेंट में जितने वाली टीम के लिए नगद प्राइज के साथ-साथ अन्य पुरस्कार भी भेंट किये जाएंगे। वार्ता में चैंबर अध्यक्ष परेश गप्तानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, चैंबर कनेक्ट उप समिति चेयरमैन अरुण भर्तिया, स्पोर्ट्स उप समिति चेयरमैन गौतम शाही, बार्ड के सचिव निर्मल डे, राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रानी तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## गोमिया प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्राधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** गोमिया प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड के प्रमुख प्रमिला चौड़े की अध्यक्षता में प्रखंड प्राधिकार समिति की बैठक की गई। इस बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांध के सहायक अध्यापक ओमशंकर रजक को झारखंड सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 के कंडिका 11 (आइआइआइ) में पंचायत/प्रखंड, प्रशासनिक-सह-अनुशासनिक समिति को प्रदत अधिकार के आलोक में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांध के सहायक अध्यापक ओमशंकर रजक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सहायक अध्यापक के पद से पदमुक्त कर दिया गया।

## जेएसएलपीएस में जुड़ने से महिला हो रही है आत्मनिर्भर

**बेरमो।** नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट पेक क्लस्टर की राधा आजीविका सखी मंडल की जेंडर सीआरपी सुनीता देवी के द्वारा खेतों में हल जोतने का प्रयास किया जा रहा है। नावाडीह प्रखण्ड भलमारा क्लस्टर के ब्लॉक रिसॉर्स पर्सन दीपू अग्रवाल ने कहा कि जेएसलपीएस के में जुड़ने से महिला हर वर्ग पे अपनी क्षमता को दिखा रही है एक समय ऐसा था कि महिला घर से नहीं निकलती थी लेकिन वर्तमान समय को देख के लग रहा है कि महिला किसी से कम नहीं है। घर की चौखट से निकल कर कोई भी योजना हो आ किसी भी विषय के बारे लोगों को जागरूक भी करने का प्रयास कर रही है। खुद से अपनी आमदनी कर आजिविका बढ़ा रही है ओर आत्मनिर्भर बन रही है। साथ ही हर समय सरकार के द्वार अनेकों योजना पे अपनी योगदान दे के लोगो को जागरूक भी कर रही है।

## बीएसएल के इस्पात भवन में मॉक ड्रिल का आयोजन

**बोकारो।** बीएसएल के इस्पात भवन में आपातकालीन स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान निदेशक प्रभारी बीके तिवारी अधिशासी निदेशक एवं सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। मॉक ड्रिल में सबसे पहले सायरन बजा कर सभी को बाहर सुरक्षित स्थान पर निकलने हेतु अलर्ट किया गया। वैसे लोग जो बिल्डिंग में ऊपर के तल पर थे- उन्हें सीआईएसएफ फायर विंग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एरियल हाइड्रोलिक रेस्क्यू प्लेटफार्म का इस्तेमाल किया। ड्रिल में सभी को आपातकालीन स्थिति में क्या सावधानियां बरतनी है- उसके विषय में बताया गया। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने मॉक ड्रिल की अहमियत को रेखांकित करते हुए आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए इसे आवश्यक बताया। मॉक ड्रिल का आयोजन सीजीएम बीके सरतपे के दिशा-निर्देश में सम्पन्न हुआ।

## लीगल वालंटियर्स ने बोतलबंद पानी व ओआरएस किया वितरित

**बोकारो।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में गर्मी की विभीषिका से लोगों को राहत पहुंचाने हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत न्याय सदन बोकारो से चलंत प्याऊ रथ को आज दूसरे दिन रवाना किया गया जिसमें लोगों के बीच वितरित करने हेतु ओआरएस पानी की बोतल इत्यादि सुविधा उपलब्ध थी। उक्त चलंत प्याऊ रथ के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वालंटियर्स एवं अधिकार मित्रों द्वारा बोकारो के राम मंदिर पत्थरकट्टा चौक सेक्टर- 5 हटिया मोड़ सेक्टर 4जी मोड़ मारुति शोरूम लक्ष्मी मार्केट बीजीएच मोड़ विश्वकर्मा चौक सेक्टर 6जी आदि जगहों पर ओआरएस एवं बोतलबंद पानी का वितरण किया गया।

# बिजली-पानी की समस्या से नाराज लोगों ने घंटो किया सड़क जाम

### नाराज ग्रामीणों ने दुमका-पाकुड़ एवं दुमका-रामपुरहाट सड़क किया घंटो जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** तीन दिन पूर्व आई आंधी पानी ने ऐसा कहर से बिजली विभाग अभी तक उबर नहीं सका। जगह-जगह विशाल पेड़ गिरने की वजह से बिजली के तार क्षतिग्रस्त और ट्रांसफार्मर खराब होने से लोगों के सामने बिजली और पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिससे नाराज लोगों जगह-जगह सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। शनिवार को दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर कुरूवा गांव के समीप और एसपी कॉलेज से आगे दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर लोगों ने जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जाम से सड़क के किनारे वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग बिजली ठीक करने की मांग को लेकर घंटो सड़क जाम कर रखा। बाद में स्थानीय प्रशासन एवं विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति कराने के आश्वासन पर लोग शांत हुए।



जाम कर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

## पूर्व प्रतिनिधि ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**गोमिया।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद के निदेर्शानुसार, उनके पूर्व विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार साव ने गोमिया प्रखंड के तुलबुल पंचायत अंतर्गत हरदियामो गाँव में 63 केबीए का नया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन नारियल फोड़ और फीता काटकर किया। इसके उपरांत यहां बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से प्रारम्भ हो गई वही साव ने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री क्षेत्र के हर समस्याओं के समाधान के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। बताया गया कि पूर्व में यहां 25 केबीए का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ था, लेकिन इसके खराब होने के बाद ग्रामीणों की सूचना और आग्रह पर अधिक क्षमता का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करवाया गया है .इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित दर्जनों ग्रामीण महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

एक नजर में

## साइबर ठगों ने वृद्ध के खाते से अवैध रूप से की 22,100 रुपये की निकासी, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा/ ठाकुरगंगटी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरगंगटी ग्राम निवासी कल्याणी देवी के बैंक खाते से किसी साइबर अपराधी द्वारा तीन दिन में कुल 22 हजार 100 रुपए की अवैध रूप से निकासी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कल्याणी देवी द्वारा ठाकुर गंगटी थाना में आवेदन दिया गया है और इस घटना की जानकारी भारतीय स्टेट बैंक शाखा ठाकुर गंगटी के अधिकारियों को भी दे दी गई है। पीड़िता कल्याणी देवी और उनके पति शशिधर ठाकुर उर्फ लोकनाथ ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 15 मई को वे लोग बाहर थे।

बंगाल से वापस आते समय रास्ते में किसी साइबर अपराधी द्वारा अवैध रूप से इनके खाते से 49 सौ रुपए, 16 मई को 72 सौ रुपए और फिर 18 मई को 10 हजार रुपए राशि की निकासी कर ली गई। उन्होंने बताया कि 15 मई को निकासी की गई राशि का कोई भी मैसेज मोबाइल फोन में नहीं आया, लेकिन 16 मई को निकासी की गई राशि का मैसेज मोबाइल पर आया तो शशिधर ठाकुर ने सोचा कि बीते दिनों उन्होंने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण लिया था, हो सकता है शायद बैंक के अधिकारी या कर्मी द्वारा उनके खाते से राशि का स्थानांतरण किया गया होगा। लेकिन जब 19 मई को वे भारतीय स्टेट बैंक के ठाकुरगंगटी शाखा में इस बात का पता लगाने पहुंचे तो बैंक के अधिकारियों द्वारा स्टेटमेंट निकाल कर दिया गया और कहा कि बैंक द्वारा उनके खाते से किसी भी प्रकार की राशि का की स्थानांतरण नहीं किया गया है। बैंक द्वारा पता लगाया जाएगा की कैसे इस राशि की निकासी अवैध रूप से की गई है। वही एक ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक ने बताया कि यह भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से नहीं बल्कि किसी अन्य बैंकों के ग्राहक सेवा केंद्र से किसी अज्ञात द्वारा अवैध रूप से राशि की निकासी की गई है।

वहीं बैंक के अधिकारी द्वारा पीड़ित को थाना में आवेदन देने को कहा गया। जिसके बाद पीड़ित ने थाना में जाकर उक्त मामले का आवेदन दिया और उसकी प्रतिलिपि बैंक के अधिकारी को शुक्रवार को देने गए।

तब बैंक कर्मी ने पीड़ित को आश्वासन देते हुए कहा कि आगामी 26 मई को आईए, पता लगाकर राशि वापस कराने का प्रयास किया जाएगा। वहीं पीड़ित परिवार ने बैंक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों से जल्द राशि वापस कराने का आग्रह किया है।

## नागरिक अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नागरिक अधिकार मंच का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने बोकारो हवाई अड्डा के मुद्दे पर मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में धनबाद के सांसद ढुलू महतो से उनके आवास पर मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। वार्ता के क्रम में सांसद से निवेदन किया गया कि बोकारो का एयर पोर्ट लगभग तीन वर्षों से बन कर तैयार है मगर आपसी टालमटोल वाली गलत नीति के कारण यह हवाई अड्डा अभी तक चालू नहीं हो पा रहा है जिसका खामियाजा बोकारो और आसपास की जनता को भुगतना पड़ रहा है। बोकारो एयरपोर्ट के चालू नहीं होने से यहां के व्यवसायियों व पर्यटन स्थलों और उद्योगों को तो नुकसान हो ही रहा है साथ ही यहां के हजारों बच्चे जो बाहर पढ़ते हैं या नौकरी करते हैं उन्हें भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद ने गंभीरता से सारी बातों को सुनने के बाद कहा कि वे अपना पूर्ण प्रयास कर इसे जल्द चालू कराने हेतु राज्य सरकार और केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय से बात करेंगे। सांसद ने कहा कि वे शुरू से ही चाह रहे हैं कि बोकारो एयरपोर्ट जो लगभग बनकर तैयार हो गया है वह जल्द चालू हो जाए मगर राज्य सरकार इस क्षेत्र की लगातार अनदेखी कर रही है। प्रतिनिधिमंडल में शशि भूषण ओझा मुकुल रघुवर प्रसाद वीरेंद्र चौबे लक्ष्मण शर्मा और प्रेमन गिरी सम्मिलित रहे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने फलों से कार्बाइड मुक्त अभियान चलाया

**दुमका।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार राम ने फलों से कार्बाइड मुक्त दुमका की शुरूआत की है। इस संबंध में किं एफडीए बुईलडींग दुमका में जिले में फलों के थोक एवं खुदरा विक्रेताओं, चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित खाद्य कारोबारियों को सूचित किया गया कि कार्बाइड का इस्तेमाल कर फलों को पकाने से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। साथ ही फलों की गुणवत्ता एवं सेल्फ लाइफ में गिरावट होती है।

## नगर परिषद के सफाई कर्मियों की सभी मांगे हुई पूरी, हड़ताल हुआ समाप्त

**गोड्डा।** झारखंड लोकल बॉडीज फेडरेशन के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मियों का जारी हड़ताल शनिवार को समाप्त हो गया। कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार एवं लोकल बॉडीज फेडरेशन के सदस्यों के बीच सफल वार्ता के बाद सफाई कर्मियों के सभी मांगों को पर सहमति बनी तथा हड़ताल समाप्ति की घोषणा की गई।

## दुमका पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम



छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाते पुलिस पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पुलिस कप्तान एसपी पितांबर सिंह खेरवार के निदेर्शानुसार डीएसपी, मुख्यालय के नेतृत्व में एनसीसी छात्राओं के बीच साईबर ठगी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को हुआ। साइबर विशेषज्ञ नगर थाना इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने आर्चरी मैदान में एनसीसी की बालिकाओं को जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम में दुमका पुलिस द्वारा डायल-112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर की उपयोगिता, आवश्यकता एवं पुलिस द्वारा किए जाने वाले क्विक रिस्पांस के बारे में जानकारी दिया गया। सड़क सुरक्षा से संबंधित हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट का इस्तेमाल,नशे का सेवन कर वाहन नहीं चलने एवं यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। दहेज प्रथा, डायन बिसाही, महिला उत्पीड़न एवं नशाखोरी से पड़ने वाले बुरे प्रभावों के बारे में जानकारी दिया गया। साइबर सुरक्षा से संबंधित डिजिटल अरेस्टिंग, ओटीपी शेयर नहीं करना, अनजाने लिंक एवं एपीके को डाउनलोड नहीं करना, अपने किसी पर्सनल इनफॉरमेशन को साझा नहीं करना एवं साइबर ठगी का शिकार होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल कर या साईबर क्राईम के बेवसाईप पर अपनी शिकायत दर्ज करने से संबंधित जानकारी दिया गया।

## बारिश के कारण ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र की सड़कें बनीं तालाब, यातायात प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा/ ठाकुरगंगटी।** जिले भर में शुक्रवार को जमकर हुई बारिश के बाद ठाकुरगंगटी प्रखंड में कई सड़कें जलमग्न हो गई। वहीं प्रखंड अंतर्गत परासी मोड़ से तेतरिया तक जाने वाली सड़क महुआरा गांव का मुख्य सड़क पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो गया।

पानी का निकास नहीं होने के कारण करीब दो सौ फिट की लंबी दूरी तक पूरा सड़कों पर पानी फैला रहा, जिस वजह से पूरा सड़क तालाब में तब्दील हो गया है। वहीं उक्त स्थान पर 90 डिग्री मोड रहने के कारण और भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क के दोनों किनारे खाई होने के कारण वाहन चालकों को वाहन पार करने के दौरान कई दो पहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। मालूम हो कि उक्त मार्ग पर प्रतिदिन हजारों हजार की संख्या में छोटी से लेकर बड़ी वाहनों का परिचालन होते रहता है जो मिजाचौकी रेलवे स्टेशन को जोड़ता है। स्थानीय ग्रामीण मुकेश कुमार मंडल, गगन मंडल, पंकज कुमार यादव, डब्लू यादव, दिलीप कुमार मंडल आदि ने बताया कि बारिश होने पर सड़कों की भयावह स्थिति पैदा हो जाती है उक्त स्थान पर जलजमाव के कारण सड़कों का नामोनिशान तक पता नहीं चल पाता है। बाबजूद स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि एक तो पीडब्लूडी विभाग की ओर से परासी से तेतरिया तक सड़कों का निर्माण कार्य किया जाना था पर संवेदक की लापरवाही के कारण गांव के साथ साथ अन्य स्थानों पर आज भी आधा अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया है जिस कारण आए दिन राहगीरों के साथ साथ ग्रामीणों को घनघोर परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## ह्यूमैनिटी सेवियर्स ने रेड क्रॉस ब्लड बैंक, बोकारो में लगाया रक्तदान शिविर

**बोकारो।** ह्यूमैनिटी सेवियर्स बोकारो द्वारा निफा संस्था के संवेदना- २ अभियान के तहत रेड क्रॉस ब्लड बैंक बोकारो में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष एवं संवेदना 2 के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर हरबंस सिंह सलूजा ने किया। शिविर में जहां रक्त वीरांगनाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वहीं युवाओं ने भी जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर अपना कर्तव्य निभाया। शिविर में मुख्य रूप से दो युगल जोड़ी श्वेता - गौरव रस्तोगी एवं विधि - विजय अग्रवाल ने रक्तदान कर मिसाल कायम की। शिविर में कुल 36 यूनिट रक्तदान हुआ। संस्था की माया राय ने कहा कि आज के सभी रक्तदाताओं को देश के महान शहीदों के रिश्तेदारों द्वारा हस्ताक्षरित सर्टिफिकेट प्रदान किये गये।

# रोल ग्राइंडिंग मशीनों का नवीनीकरण

### गुणवत्ता एवं परिचालन दक्षता में प्रभावी प्रगति

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के आरजीबीएस के अंतर्गत एचआरएम शॉप में स्थित रोल ग्राइंडिंग मशीनें सीएनसी- 9 और सीएनसी-10 का सफलतापूर्वक नवीनीकरण किया गया है। इस महत्वपूर्ण तकनीकी उन्नयन का औपचारिक उद्घाटन ईडी-संकार्य सीआर महापात्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में आरजीबीएस विभाग के सीजीएम केके पांडे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नवीनीकरण कार्य में विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों एवं मैसर्स मैक्सिस मोशन की टीम के समर्पित योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस नवीनीकरण के फलस्वरूप सीएनसी मशीनों से उत्पादित रोल की गुणवत्ता तथा परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है जो हॉट स्ट्रिप मिल के उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। मुख्य



अतिथि श्री महापात्रा ने विभाग की प्रतिबद्धता तकनीकी दक्षता और सतत सुधार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस उन्नयन को बीएसएल की उत्पादन क्षमताओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इसी प्रकार समर्पण भाव से कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीजीएम-अनुरक्षण शरद गुप्ता सीजीएम-सीईडी शालिग्राम सिंह सीजीएम-एचएसएम वीके सिंह सीजीएम-सीआरएम-3 आरके झा सीजीएम-एचआरसीएफ पीके वर्मा तथा आरजीबीएस विभाग के जीएम पीपी राव एवं नागेश रामटेके समेत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन एजीएम- आरजीबीएस नंद कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में- नेतृत्व की सीख एवं हर स्थिति में सफलता विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक-मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी तथा पूर्व निदेशक-कार्मिक सेल बीबी सिंह उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में सीजीएम सुश्री नीता बा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर ईडी सुश्री बनर्जी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें प्रशिक्षण से अधिकतम लाभ उठाने और स्वयं को अस्थिरता- अनिश्चितता - जटिलता व अस्पष्टता के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। यह प्रशिक्षण अधिकारियों के व्यक्तिगत एवं पेशेवर दक्षता लचीलापन और नेतृत्व प्रभाव को सशक्त करने हेतु डिजाइन किया गया था।

## वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी ने युवा तीरंदाजों और कोच को किया सम्मानित

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल की ओर से चलाई जा रही ईएसएल तीरंदाजी अकादमी ने सियालजोरी में एक सम्मान समारोह आयोजित कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा तीरंदाजों और उनके सभी कोच को सम्मानित किया। 2020 में शुरू हुए अकादमी के खिलाड़ियों ने अब तक 190 से ज्यादा पदक जीते हैं। हाल ही में हुई 15वीं झारखंड राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में भी अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। सम्मान पाने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में चितरंजन टुडू-1 स्वर्ण बानी कुमारी और तन्नू कुमारी-2-2 स्वर्ण सत्यमी कुमारी और सुहाना परवीन जैसे नाम शामिल हैं। वहीं कृतिका कुमारी को लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए एक विशेष रिकर्व धनुष दिया गया। इस कार्यक्रम में अकादमी के मुख्य कोच बुद्धेश्वर मुर्मू सहायक कोच संजू कुमारी और शारीरिक कोच एसपी घोष को भी उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर ईएसएल स्टील लिमिटेड के उप निदेशक-केंद्रीय इंजीनियरिंग दुर्गा प्रसन्ना पांडा बोकारो जिला तीरंदाजी संघ की सचिव अंजला सिंह स्थानीय प्रतिनिधि सरपंच रफीक आलम और पंसस पशुपति महतो भी मौजूद रहे।

# भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा /महगामा।** पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ललमटिया थाना अंतर्गत एक सफेद बोलेरो से अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन कर बिहार राज्य ले जा रहा है। जिसके बाद वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना से बोआरीजोर की ओर प्रस्थान किया जैसे ही लोहंडिया बाजार से थोड़ा आगे बढ़े ही थे की बोआरीजोर के तरफ से आ रही एक सफेद बोलेरो पुलिस गाड़ी को आते देख बोलेरो के चालक कुछ दूर पहले ही गाड़ी को खड़ा कर भागने लगे एवं उक्त



चालक को पुलिस बल के सहयोग से दौड़ा कर पकड़ा गया पकडाये बोलेरो के चालक से नाम पता पुछने पर वो अपना नाम प्रिंस कुमार पोद्दार बताया। वहीं उक्त बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अलग-अलग ब्रॉड का शराब पाया गया। ड्राईवर द्वारा इसका कोई बैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात उक्त बोलेरो एवं शराब को विधिवत जप्त करते हुये, चालक प्रिंस कुमार पोद्दार को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रिंस कुमार पोद्दार, उम्र 25 वर्ष, पिता निरंजन पोद्दार, सा० गोरगामा, थाना बौंसी, जिला बांका (बिहार) के रूप में की गई। उक्त छापेमारी में एक सफेद बोलेरो रजि० नंबर बीआर 10पीए 2541, हरा सफेद रंग के बोरा में गॉडफादर केन बीयर (500 मिली) 120 पीस, सफेद पीला रंग के बिमल बैग में स्टर्लिंग रिजर्व बी7 (750 मिली)- 30 पीस, नील रंग के राजनिवास बैग में सिग्नेचर (750 मिली) 05 पीस, ब्लेंडर्स प्राइड (750 मिली) 14 पीस, सैमसंग कम्पनी का मोबाईल मॉडल नंबर एम 55,8/256 जीबी बरामद किया गया। उक्त छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक बिरेन्द्र पासवान, बोआरीजोर प्रभाग, गोड्डा, पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार, ललमटिया थाना प्रभारी, गोड्डा, पुलिस अवर निरीक्षक, प्रभाष दास, ललमटिया थाना, पुलिस अवर निरीक्षक अश्विनी कुमार, ललमटिया थाना, सहायक अवर निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार यादव, ललमटिया थाना, सहायक अवर निरीक्षक, सरोज सोरेन, ललमटिया थाना, आरक्षी/55 रामप्रवेश यादव, ललमटिया थाना, ललमटिया थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### झारखंड के विकास में केंद्र की मदद जरूरी : हेमंत

**परिवहन सेवाओं का विस्तार हो:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रेल परिचालन विस्तृत की जाये और कंपनियों के सीएसआर फंड और डीएमएफटी फंड को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में समाहित किया जाये। प्रदेश का साहेबगंज जिला कार्गो हब की दृष्टि से बहुत ही कारगर सिद्ध हो सकता है, जो सीमावर्ती राज्यों को भी सुविधा प्रदान करेगा। इसी जिले में गंगा नदी पर अतिरिक्त पुल का निर्माण या उच्च स्तरीय बांध बनाना भी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए स्ट्रेटेजिक इंपॉर्टेंट क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विस्तार को प्राथमिकता देना पड़ेगा। राज्य में डेडीकेटेड इंडस्ट्रियल माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने से सामान्य परिचालन में सुविधा बढ़ जाएगी।

### जेजेएमपी सुप्रीमो समेत दो नक्सली ढेर

**लोहरा को मिलने वाली थी मौत की सजा:** जेजेएमपी के कमांडर बनने से पहले पप्पू लोहरा माओवादियों के 42 नंबर प्लाटून का कमांडर था। माओवादियों का 42 नंबर प्लाटून लातेहार के कुजरूम गारू से लोहरदगा के पेशरार इलाके तक सक्रिय था। 2009-10 में पप्पू लोहरा पर माओवादियों के टॉप कमांडरों ने गड़बड़ी का आरोप लगाया था। उसी दौरान लातेहार के कुजरूम में माओवादी जनअदालत लगाकर पप्पू लोहरा को मौत की सजा देना चाहते थे, लेकिन जनअदालत लगने से पहले पप्पू लोहरा माओवादियों के चंगुल से भाग गया। उसी दौरान वह जेजेएमपी में शामिल हुआ।

### केरल पहुंचा मानसून, 16 साल बाद इतनी जल्दी एंट्री

**केरल में बारिश शुरू:** मइस समय अरब सागर के पूर्वी मध्य भाग में और दक्षिण कोंकण तट के पास एक स्पष्ट निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है, जो अब एक डिप्रेशन (अवसाद) में बदल चुका है। इसके प्रभाव से केरल में बारिश की गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है।

स्पीड न्यूज

# ऑपरेशन सिंदूर को सर्वसम्मति से समर्थन

## नीति आयोग की बैठक में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने की सेना और प्रधानमंत्री की सराहना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग की संचालन परिषद की दसवीं बैठक में ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर भारतीय सशस्त्र बलों तथा सरकार के नेतृत्व के प्रति पूरे समर्थन तथा एकजुटता का भाव दिखा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भी इसी तरह की एकजुटता, दृढ इच्छाशक्ति और उत्साह से काम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को भारत मंडपम में दिन भर चली बैठक के बाद नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी वी आर सुब्रमण्यम ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैठक में 31 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के

**▸▸ तीन वर्षों में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत : सुब्रमण्यम**

मुख्यमंत्रियों और प्रशासकों ने हिस्सा लिया। सुब्रमण्यम ने प्रधानमंत्री को उद्धृत करते हुए कहा कि आज की चर्चा बहुत सार्थक और सकारात्मक रही। सुब्रमण्यम ने कहा कि बैठक में ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर पूरी तरह एकजुटता दिखी। सभी वक्ताओं ने भारतीय सैन्य बलो के शौर्य और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय साजो सामान और स्वदेशी प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के परिणामों का भी उत्साहजनक संदेश मिला है



जिसका देश में विनिर्माण के क्षेत्र में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विकास की गाड़ी तभी तेजी से बढ़ेगी जब केन्द्र एवं राज्य साथ साथ चलेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राज्य की थीम पर इस बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की सोच एक प्रवाह बन गयी है जिसमें सभी राज्य इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से विकास करने की क्षमता है और केन्द्र तथा राज्यों के सामूहिक प्रयासों से देश अगले ढाई से तीन वर्षों में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जो विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। प्रधानमंत्री ने नीति आयोग की इस वार्षिक बैठक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इनसे देश के विकास को दिशा, गति एवं ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्य विकसित राज्य के लिए अपना अपना विजन दस्तावेज जल्दी तैयार करें जिसमें नीति आयोग मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश और गुजरात ने क्रमशः 2.4 लाख करोड़ और 3.5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि टीम इंडिया की भावना से ही विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है जैसे पूर्ण स्वराज्य का लक्ष्य 15 वर्ष में पूरा किया गया था। हमारे पास 22 वर्ष हैं। प्रधानमंत्री ने राज्यों को सलाह दी है कि वे बीच की अवधि के लिए भी अपने लिये लक्ष्य तय करें। डा. सुब्रह्मण्यम ने बताया कि बैठक में इस बात पर जोर दिया गया है कि कारोबारी सुगमता के लिए राज्यों में जटिलाएं एवं बाधाएं दूर होनी चाहिए और ये काम जिला एवं नगर निगम स्तर तक किया जाना चाहिए।

### बक्सर में 4 लोगों की गोली मारकर हत्या

**बक्सर।** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह आपसी विवाद में चार लोगों की हत्या। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को अहियापुर गांव निवासी सुनील यादव और उसके भाई विनोद यादव का गांव के कुछ लोगों के साथ गिट्टी-बालू बेचने को लेकर विवाद हुआ था। सुबह नहर के समीप अपराधियों ने सुनील यादव और उनके परिवार पर हमला कर दिया। सुनील यादव, विनोद यादव और वीरेन्द्र यादव की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये।

### गुजरात के कच्छ से जासूस गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के एटीएस ने कच्छ से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में सहदेव सिंह गोहिल (28) को गिरफ्तार किया है। गोहिल गुजरात के कई स्थानों की गुप्त जानकारी एकत्र करके पाकिस्तान को भेज रहा था। एटीएस ने आरोपी के पास से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं।

### भागलपुर में इनामी अपराधी गुरुदेव ढेर

**भागलपुर।** नवगछिया जिले के रंगरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पुलिस और एसटीएफ की कार्रवाई में 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी गुरुदेव मंडल मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुरुदेव मंडल साथियों के साथ किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था।

### असम में उल्फा का कमांडर गिरफ्तार

**तिनसुकिया।** सेना एवं पुलिस ने में शनिवार सुबह तिनसुकिया जिला के जागुन, टिंकोपानी क्षेत्र से असम में उल्फा का ऑपरेशन कमांडर स्वयंभू ब्रिगेडियर रूपम असोम को गिरफ्तार किया गया।

## अनुष्का के साथ 12 साल से रिलेशनशिप में हैं तेज प्रताप

एजेंसी


**पटना।** बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर अपने प्रेम का इजहार किया। अनुष्का यादव के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया। तेज प्रताप यादव ने कहा कि मैं और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हमलोग पिछले 12 सालों से एक रिलेशनशिप में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज उन्होंने हिम्मत करके फेसबुक के माध्यम से अपने दिल की बात साझा करने का फैसला किया है। तेज प्रताप का एक अलग रूप देखने को मिला। वे एक ऐसे इंसान के तौर पर दिखे जो प्यार में है और अपने रिश्ते को दुनिया से छुपाना नहीं चाहता। उन्होंने ये भी लिखा कि आशा करता हूं आपलोग मेरी बातों को समझेंगे। अनुष्का यादव



के बारे में तेज प्रताप ने ज्यादा जानकारी नहीं दी है। लेकिन तस्वीर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग उनके बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। कुछ लोगों का मानना है कि अनुष्का किसी राजनीतिक परिवार से नहीं हैं।

2018 में ऐश्वर्या से हुई थी तेज प्रताप की शादी : 2018 में तेज प्रताप की शादी ऐश्वर्या राय से हुई थी लेकिन ये शादी ज्यादा दिन नहीं चली और तलाक तक पहुंच गई।

### जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन



**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नयी दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। मुकुल देव ने वर्ष 1996 में टीवी सीरियल मुमकिन से अपने करियर की शुरूआत की थी। मुकुल देव ने वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म दस्तक से बॉलीवुड में अपनी शुरूआत की। पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन की भी यह पहली फिल्म थी। मुकुल देव ने कई सन ऑफ सरदार, यमला पगला दीवाना, किला, कोहराम और जय हो जैसी फिल्मों में भी अहम भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने हिंदी के साथ ही पंजाबी, बंगाली, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगू की 60 से अधिक फिल्मों में काम किया।



### कांस में आलिया ने किया धमाकेदार डेब्यू

**मुंबई । बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल में धमाकेदार डेब्यू किया। फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में आलिया भट्ट ने इस मौके के लिए सॉफ्ट पेस्टल फ्लोरल गाउन चुना, जिसमें शानदार एम्ब्रायडरी और क्लासिक सिल्हूट नजर आ रहा था। आलिया इस गाउन में एकदम परी जैसी दिख रही थीं।**

### बांग्लादेश के अंतरिम सरकार प्रमुख बने रहेंगे मोहम्मदयूनुस

**ढाका।** मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बने रहेंगे। उनके मंत्रिमंडल के एक सलाहकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। दो दिन पहले यूनुस के एक प्रमुख सहयोगी ने कहा था कि वह इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। अब उन्होंने इसे पूरी तरह से नकार दिया है। शनिवार को सलाहकार परिषद की एक गैर-निर्धारित बैठक के बाद योजना सलाहकार वहीदुद्दीन महमूद ने कहा कि यूनुस ने यह नहीं कहा था कि वह पद छोड़ देंगे। उन्होंने कहा था कि हमें सौंपे गए काम और जिम्मेदारियों को पूरा करने में कई बाधाएं आ रही हैं, लेकिन हम उन पर काबू पाने की कोशिश रहे हैं। महमूद ने कहा कि मोहम्मद यूनुस निश्चित रूप से अपने पद पर बने रहेंगे।

## इंदिरा गांधी ने कच्छ की भूमि पाकिस्तान को दी थी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर एक बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि 1968 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने भारत का एक हिस्सा पाकिस्तान को दे दिया था। यह हिस्सा गुजरात के कच्छ का रण था, जो 828 वर्ग किलोमीटर का था। दुबे ने कहा कि 1965 में भारत ने पाकिस्तान को युद्ध में हराया था। इसके बावजूद, कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के लिए हामी भर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि भारत को अपनी जमीन पाकिस्तान को देनी पड़ी। दुबे ने एक दस्तावेज का हवाला देते हुए बताया कि पूरी संसद के विरोध के बाद भी भारत पाकिस्तान के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाया और मध्यस्थ भी बनाया। उन्होंने पर अपने पोस्ट में इंदिरा गांधी को तंज भरे अंदाज में उन्हें आयरन लेडी बताते हुए दावा किया है कि

**इंदिरा गांधी आयरन लेडी थी, डर से नीलाम किया : निशिकांत दूबे**



डर कर उन्होंने हमारा हिस्सा नीलाम कर दिया। दुबे ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज की कहानी बहुत ही दर्दनाक है। कांग्रेस पार्टी ने 1965 का युद्ध जीतने के बाद गुजरात के रन ऑफ कच्छ का 828 वर्ग किलोमीटर पाकिस्तान को 1968 में दे दिया । भारत पाकिस्तान के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाए, मध्यस्थ बनाया, यूगोस्लाविया के वकील अली बाबर को हमने नियुक्त किया । पूरी संसद ने विरोध किया, लेकिन इंदिरा गांधी तो आयरन लेडी थी, डर कर हमारा हिस्सा नीलाम कर दिया । यही आयरन लेडी का सत्य है ।

Radisson
JAMSHEDPUR

WE ARE
NOW OPEN



Radisson Hotel Jamshedpur opens its doors in the heart of the Steel City
Set within City Centre Mall, Bistupur, the hotel blends a convenient location with thoughtful hospitality.
Choose from 105 luxurious rooms and suites, indulge in deliciousness at Saranda, our all-day dining restaurant, or unwind at Palaash, our Premium Lounge Bar.
Rejuvenate with wellness at our Spa and Fitness Centre. Host grand gatherings at Subarnrekha, our Ballroom featuring the largest pre-function space in the city.
Whether you're here for business or leisure, this is where your journey feels seamless.

SIMPLY DELIGHTFUL

RADISSON HOTEL JAMSHEDPUR
P&M AND HI-TECH CITY CENTRE MALL, BISTUPUR, JAMSHEDPUR 831001, JHARKHAND, INDIA
PHONE: +91 +91 6573507400 - E MAIL : INFO.JAMSHEDPUR@RADISSON.COM
RADISSIONHOTELS.COM/RADISSON